शर्मा হাৰ্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 105 | गुवाहाटी | मंगलवार, 8 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

महानगर की सिटी बसों, मैजिक आदि को लाया जाएगा विशेष दायरे में पेज 3
नए समन भेजने की तैयारी में ईडी, सोनिया और राहुल गांधी पर बढ़ेगी परेशानी पेज 4
आज के युवा ही राष्ट्र एवं समाज के भावी कर्णधार : अखिलेश यादव पेज 5
सोनीपत : सात मुकाबले जीत कर पुरखास का लाडला बना भारत केसरी पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## असम और मणिपुर में डेंगू के सात सौ मामले, सात लोगों की मौत

**इंफाल / गुवाहाटी।** असम और मणिपुर में डेंगू के 700 से अधिक मामले सामने आए हैं और सात लोगों की मौत हुई है। असम में सबसे अधिक मामले और चार मौतें पहाड़ी जिले कार्बी आंग्लांग में हुई हैं, मणिपुर में राज्य के 16 में से 12 जिलों में सबसे ज्यादा मामले और मौतें हुई हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मणिपुर में अब तक डेंगू के 375 मामलों का पता चला है, जो 2019 में दर्ज किए गए 359 मामलों के बाद सबसे अधिक है। इस साल इस बीमारी ने राज्य में तीन लोगों की जान ले ली है और पांच लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया अधिकारी डॉ एआर चिश्ती ने कहा कि इस साल जून की शुरुआत में पता चलने के बाद 12 जिलों में ये मामले सामने आए। हालांकि, घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण बीमारी को नियंत्रित करने के लिए हर संभव उपाय कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना चाहिए और घरेलू स्तर पर बचाव के उपाय करने चाहिए। राज्य के 16 जिलों में, तेंगनौपाल में सबसे अधिक मामले (200) हैं और इसके बाद चुराचंदपुर (51), इंफाल पूर्व (47), इंफाल पश्चिम (40), बिष्णुपुर (10), थौबल (10), कांगपोकपी (8), काकचिंग (3), चंदेल (2), उखरूल (2), सेनापति (1) और तामेंगलोंग (1) हैं। हालांकि, जिरीबाम, कामजोंग, नोनी और फेरजावल जिलों में आज तक डेंगू के



किसी भी मामले का पता नहीं चला है। उधर, असम में अक्तूबर की शुरुआत से अब तक डेंगू के कुल 369 मामले सामने आए हैं। कार्बी आंग्लांग में सबसे अधिक 344 मामले और 4 मौतें हुईं, जिनमें से अधिकांश मामले डीफू के जिला मुख्यालय में पाए गए। इसके बाद कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले में 11 मामले, नलबाड़ी, शिवसागर, डीमा हसाओ में 2-2 और दरंग, डिब्रूगढ़, कामरूप ग्रामीण, नगांव, होजई, सोनितपुर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों में 1-1 मामले सामने आए। अधिकारियों ने कहा कि अक्तूबर के पहले सप्ताह में पहले कुछ मामलों का पता चला था और बाद के हफ्तों में यह बढ़ता रहा। जबकि नए मामले अब भी सामने आ रहे हैं, डॉक्टरों का मानना है कि बारिश बंद होने के कारण अगले एक-दो सप्ताह में उनमें कमी आ सकती है। डीफू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (डीएमसीएच) के उप अधीक्षक डॉ रतुल ताकुर ने कहा कि आमतौर पर, हमारे पास देश के अन्य हिस्सों की तुलना में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कम डेंगू के मामले हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में मामलों की संख्या बहुत कम है, लेकिन इस साल अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि मामलों की संख्या को कम करने के लिए विशेष रूप से डीफू के इलाकों में मच्छरों के प्रजनन के स्रोतों में कमी, जागरूकता अभियान और फॉगिंग जैसे उपाय किए गए हैं। डॉ बोर्सिंग रोंगपी, संयुक्त निदेशक (स्वास्थ्य), कार्बी -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल में काबू पाने के लिए केंद्र भेजे टीम : सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** टीएमसी के पूर्व नेता और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने बंगाल में बढ़ते डेंगू मामलों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा है। इसके जरिए उन्होंने केंद्र से राज्य में डॉक्टरों की टीम भेजने की अपील की है, ताकि राज्य सरकार को गाइड किया जा सके और लोगों की राहत मिले। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में इन दिनों हेल्थ इमरजेंसी के हालात हैं। सुवेंदु अधिकारी ने ट्वीट करके कहा कि पश्चिम बंगाल में डेंगू के हालात कंट्रोल से बाहर जा चुके हैं। ऐसा राज्य सरकार की अक्षमता के चलते हुआ है। मैंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा है, जिसमें डॉक्टरों और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा में बनेगी भाजपा की ही सरकार : हिमंत विश्व शर्मा



**अगरतला।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अपने बयानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि यह बात भी सच है कि पूर्वोत्तर में हिमंत विश्व शर्मा भाजपा के लिए कई मुश्किल काम को भी आसान कर चुके हैं। त्रिपुरा में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा की ओर से इस को लेकर पूरी ताकत लगाई जा रही है। त्रिपुरा में भाजपा ने पिछले चुनाव में वाम दल की सरकार को उखाड़ फेंका था। हालांकि, इस बार भाजपा के लिए दोबारा सत्ता में वापसी एक बड़ी चुनौती है। त्रिपुरा में भाजपा को कांग्रेस, वामदल और तृणमूल कांग्रेस तीनों से चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में हिमंत विश्व शर्मा का त्रिपुरा को लेकर एक बड़ा बयान सामने आ गया। त्रिपुरा में आज भाजपा की ओर से बूथ विजय अभियान की शुरुआत की गई है, जिसमें हिमंत विश्व शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी के लिए जन भागीदारी के माध्यम से एक नया त्रिपुरा बनाने का अवसर है जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्पना करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्यकर्ताओं से भाजपा को मजबूत बनाने और अगले विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने की अपील करता हूं। साथ ही उनसे समर्पण के साथ काम करने और त्रिपुरा को देश में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में एक बनाने का -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*किसी विशेष प्रयोजन के लिए ही शत्रु मित्र बनता है।*
– आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

### पूर्ण चंद्र ग्रहण आज

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में 8 नवंबर यानी मंगलवार को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण भारत में सभी स्थानों से दिखाई देगा। हालांकि ग्रहण की आंशिक एवं पूर्णावस्था की शुरुआत भारत के किसी भी स्थान से दिखाई नहीं देगी, क्योंकि यह घटना भारत में चंद्रोदय के पहले ही शुरू होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 2.39 बजे पर शुरू होकर 6.19 बजे खत्म होगा। देश में पूर्ण चंद्रग्रहण 3.46 बजे से देखा जाएगा, जो शाम 5.12 बजे तक देखा जा सकेगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार ग्रहण की पूर्णावस्था एवं आंशिक अवस्था दोनों ही का अंत देश के पूर्वी हिस्सों से दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों से आंशिक अवस्था का -शेष पृष्ठ दो पर

### जम्मू-कश्मीर में दो हाइब्रिड आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में पिछले महीने विस्फोटक लगाने में शामिल दो *हाइब्रिड* आतंकवादियों को बारामूला से गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों बांदीपोरा में आईईडी ब्लास्ट की साजिश रचने में शामिल थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने उनके कब्जे से दो रिमोट से चलने वाले परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) -शेष पृष्ठ दो पर

## स्कूल में दाव लेकर घूम रहा था हेडमास्टर, गंवानी पड़ी पोस्ट



**सिलचर।** असम के कछार जिले में एक स्कूल में दाव (एक तरह की कुल्हाड़ी) लेकर आने वाले हेडमास्टर को उसके पद से हटा दिया गया है। लोअर प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह विद्यालय में *कुल्हाड़ी* लेकर घूमता नजर आ रहा था। इस घटना को लेकर हो-हल्ला मचने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से हेडमास्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 38 वर्षीय धृतिमेधा दास पिछले कुछ समय से राधामाधब बुनियादी स्कूल में हेडमास्टर के पद पर कार्यरत थे। वह सिलचर के तारापुर इलाके के रहने वाले हैं। शनिवार को वह स्कूल में कुल्हाड़ी के साथ -शेष पृष्ठ दो पर

### तामुलपुर में सैन्य वाहन दुर्घटनाग्रस्त जवान की मौत

**नलबाड़ी।** असम के गुवाहाटी में आज एक बड़ा हादसा हो गया। यहां के तामुलपुर इलाके में एक सैन्य वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में एक जवान की मौत हो गई, तो वहीं चार जवान घायल हो गए। रक्षा पीआरओ ने बताया कि घायल कर्मियों को सेना के बेस अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घायल चार जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। उनकी सघन चिकित्सा की जा रही है।

## ढाई महीने से लापता युवकों का मामला पहुंचा रक्षामंत्री तक



**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश अंजाव से करीब ढाई महीने पहले लापता हुए युवकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। ऐसे में युवक के परिवारीजनों ने अब केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है। लापता युवकों में से एक के भाई का कहना है कि हमें शक है कि दोनों भारत की सीमा पार कर गए होंगे और चीन ने उनका अपहरण कर लिया होगा, ऐसे में हम केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगाते हैं। बता दें, औषधीय पौधे की तलाश में गए दोनों युवकों को 24 अगस्त को आखिरी बार देखा गया था, उसके बाद नौ अक्तूबर को इस मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हालांकि, इस मामले में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। दोनों युवकों की पहचान बेटिलम टिकरो और बेइंगसो मन्यु के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में भाजपा विधायक दासंगलू पुल का कहना है कि हमने इस मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश पूर्वी के -शेष पृष्ठ दो पर

## उमियम झील को बनाएंगे विश्व स्तरीय : हिमंत



**गुवाहाटी /शिलांग।** असम और मेघालय ने संयुक्त रूप से उमियम झील को वाटर स्पोर्ट्स के लिए *विश्व स्तरीय* रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। यह घोषणा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मेघालय के उमियम झील में राइजिंग सन फेस्टिवल 2022 के समापन समारोह में कही। शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के साथ दोनों राज्य पूर्वोत्तर में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के प्रयास -शेष पृष्ठ दो पर

## गरीब सवर्णों के दस फीसद आरक्षण पर एससी ने लगाई मुहर




**नई दिल्ली।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मिलने वाले ईडबल्यूएस कोटे पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने इस 10 फीसदी आरक्षण को वैध करार दिया है। जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को सही करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोटा संविधान के मूलभूत सिद्धांतों और भावना का उल्लंघन नहीं करता है। माहेश्वरी के अलावा जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने ईडबल्यूएस कोटे के पक्ष में अपनी राय दी। उनके अलावा जस्टिस जेपी पारदीवाला ने भी गरीबों को मिलने वाले 10 फीसदी आरक्षण को सही करार दिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने कहा कि मेरा फैसला जस्टिस माहेश्वरी की राय से सहमत है। उन्होंने कहा कि ईडबल्यूएस कोटा वैध और संवैधानिक है। हालांकि -शेष पृष्ठ दो पर

## ईडबल्यूएस मनमोहन सरकार की पहल का परिणाम : कांग्रेस




**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडबल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि यह आरक्षण मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा आरंभ की गई प्रक्रिया का परिणाम है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ताजा जाति जनगणना पर उसका क्या रुख है। सुप्रीम कोर्ट ने दाखिलों और सरकारी नौकरियों में -शेष पृष्ठ दो पर

## दो मीडिया चैनलों पर भड़के केरल के राज्यपाल



**कोच्ची।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया के एक तबके पर गुस्सा जाहिर किया है। आज कोच्ची में प्रेस कांफ्रेंस से पहले उन्होंने दो मीडिया चैनल्स का नाम लेकर कहा कि मैं आपसे बात नहीं करना चाहता। इसके बाद उन्होंने इन दोनों चैनलों के प्रतिनिधियों को कह दिया कि आप यहां से बाहर निकल जाइए। आरिफ खान ने *कैराली टीवी* और *मीडिया वन टीवी* चैनल के प्रतिनिधियों से कहा कि आप लोग मेरे खिलाफ कैंपेन चलाते हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत में सक्रिय अवैध हैकर, कई देशों को बना रहे निशाना



**लंदन।** अवैध हैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनियां पूरे भारत में सक्रिय हैं और विशिष्ट लोगों (वीआईपी) तथा देशों के ई-मेल और फोन में सेंधमारी कर रही हैं। यह सनसनीखेज दावा यूके मीडिया की एक खोजी रिपोर्ट में किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में बैठे-बैठे कई अवैध ऑनलाइन हैकरों ने पाकिस्तान समेत दुनिया के कई देशों में सैकड़ों हाई-प्रोफाइल सरकारी और निजी लोगों के ई-मेल अकाउंट में संधमारी की है। अवैध हैकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनियां पूरे भारत में अपने काम को अंजाम दे रही हैं। ये विशिष्ट लोगों (वीआईपी) और देशों के ई-मेल और फोन में सेंधमारी कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह हैकिंग को अंजाम देने के लिए दुनियाभर के निजी जासूसों की ओर से पेमेंट किया जाता है। हैंकिंग कंपनी को *हैक फोर फायर* के नाम से पहचाना जाता है। रविवार को सामने आई एक खबर में यह दावा किया गया। इसके मुताबिक, इस हैंकिंग को अंजाम देने के लिए भुगतान दुनियाभर के निजी जासूसों द्वारा किया जा रहा है। इन हैंकिंग कंपनी को हैक फोर फायर के नाम से पहचाना जा रहा है। द संडे टाइम्स और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म ने कई भारतीय हैकर का पर्दाफाश करने के लिए एक स्टिंग ऑपरेशन किया, जिसमें सामने आया कि तानाशाह देशों, ब्रिटिश वकीलों और अपने अमीर ग्राहकों के लिए काम करने वाले निजी जासूसों के वास्ते हैकर, पीड़ितों के निजी ईमेल खातों और -शेष पृष्ठ दो पर

### इमरान खान केस में पाक सुप्रीम कोर्ट की एंट्री

**नई दिल्ली।** इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले के केस में अब पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट की भी एंट्री हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के पुलिस प्रमुख फैसल शाहकर को 24 घंटे के भीतर मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई कि अभी तक मुकदमा क्यों नहीं लिखा गया। अगर ऐसा ही रहा तो सुप्रीम कोर्ट मामले का स्वतः संज्ञान लेगा। बता दें कि 3 नवंबर को पीटीआई के मार्च के दौरान हुए जानलेवा हमले में इमरान खान के पैर पर गोली लग -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## आग में एक व्यक्ति का घर जलकर राख

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिला के कोलियाबर के हाथीबंधा इलाके में लगी आग के दौरान एक व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर सुलुंग पुलिस और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक अबू ताहेर नामक व्यक्ति का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।

## महिला का शव बरामद

**कछार( हिंस )।** कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर के कठाल रोड चंद्रपुर बाईपास इलाके में एक महिला का शव बरामद किए जाने के चलते इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को कठाल रोड चंद्रपुर बाईपास इलाके में एक महिला का शव बरामद किया गया। जिसके शरीर पर जख्म के काफी निशान पाए गए हैं। पुलिस मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल भेज दिया है।

### उपचुनाव में भाजपा के जीतने पर बरसे राकेश टिकैत, कहा-

# इन्हीं का चुनाव आयोग इन्हीं की कोर्ट-कचहरी...



**प्रयागराज।** यूपी की गोला गोकर्णनाथ सीट पर भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि की जीत के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने भाजपा पर हमला बोला है। बिना भाजपा का नाम लिए हुए टिकैत ने कहा कि चुनाव आयोग से लेकर कोर्ट-कचहरी तक सही उन्हीं (भाजपा) के हैं। भाजपा को जनता वोट नहीं दे रही है, लेकिन फिर भी जीत उनकी ही हो रही है। प्रयागराज पहुंचे राकेश टिकैत से जब पूछा गया कि उपचुनाव में भाजपा की जीत हुई है तो उन्होंने कहा कि जब बेईमानी होती है तो कोई असर नहीं पड़ता। इन्हीं (भाजपा) का इलेक्शन कमिशन है, कोर्ट-कचहरी और अधिकारी सब इन्हीं के है। सब बेईमानी से होगा। पूरी यूपी सरकार बेईमानी से बनी है। जनता वोट नहीं दे रही है, लेकिन बेईमानी से जीत मिल रही है। 2024 में भी भाजपा की ही जीत होने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि बेईमानी से सारा काम होगा। अगला टारगेट प्रेस है। जितने दिन जान बचानी है बचा लीजिए, अगला टारगेट प्रेस पर है। मालूम हो कि पिछले साल लखीमपुर खीरी में हुए थार कांड के बाद से राकेश टिकैत ने कई बार वहां के दौरे किए थे। इसके अलावा, उन्होंने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की भी मांग की थी। वहीं, लंबे समय तक चले किसान आंदोलन में भी टिकैत ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। आखिर में पिछले साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को रद्द कर दिया था। भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन के बाद खाली हुई गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमन गिरी ने समाजवादी पार्टी को चुनाव हरा दिया है। भाजपा के अमन गिरी ने सपा के विनय तिवारी को 34298 वोट से हराया है। जीत के बाद भाजपा के खेमे में जश्न का माहौल है। गोला उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को हुए मतदान के बाद सभी की निगाहें नतीजों पर लगी हुई थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला था। कांग्रेस और बसपा मैदान से बाहर थी। इस वजह से मुकाबला न सिर्फ कड़ा हो चला था, बल्कि इसमें दोनों दोनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई थी।

## गुवाहाटी में योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**गुवाहाटी ( विभास )।** वर्तमान समय में योग की आवश्यकता के लिए योग की पौराणिक शैली के साथ अत्याधुनिक कुछ शैली एकत्रित कर योग का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सभी प्रकार के रोगों के यौगिक चिकित्सा करने, आसन, प्रणायम, ध्यान और यौगिक खाद्यभ्यास आदि विषयों को शामिल कर गुवाहाटी महानगर के छमाइल आनंद नगर में अनुयोग नामक एक योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। योग केंद्र का द्वीप प्रज्ज्वलित कर भारतीय योग संस्कृति और योग चिकित्सा केंद्र के अध्यक्ष योगाचार्य शुभाशिष ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप उपस्थित गुवाहाटी असम दंत चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक तथा असम राज्य दंत परिषद के अध्यक्ष, साहित्यिक डॉ. रुबी कटकी, डाउन टाउन चिकित्सालय के पैथालॉजी विभाग के मुख्य चिकित्सक डॉ. प्लाबिता सेलेंग और योग साधन और योग प्रचारक के पुरस्कार विजेता धनंजय तालुकदार ने योग पर अपने अपने वक्तव्य रखे। कार्यक्रम में पूर्वांचल महिला योग संघ की अध्यक्ष सिक्ता कर, योग संगठक गौतम पटवारी और योग प्रशिक्षक कंकन डेका उपस्थित थे। योग प्रशिक्षिका अनुराधा मंहत के नेतृत्व में संचालित होनेवाले योग केंद्र का द्वीप प्रज्ज्वलित, ओम उच्चारण से शुभारंभ करने के साथ गुरुजन के सृष्ट बरगीत प्रशिक्षार्थी जुरी तालुकदार ने पेश किया। शुभारंभ कार्यक्रम में जुली बर्मन के आकर्षणिय सत्रीया नृत्य और राज्य तथा राष्ट्रीय पदक विजयी हर्षित कोंवर बोरा के मनमोहक योग प्रदर्शन से उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रशिक्षिका अनुराधा मंहत ने कहा कि प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 30 मीनट से 8 बजे और शाम 5 बजे से 8 बजे तक नियमित योग प्रशिक्षण आयोजित होगी।

## सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल

**उदलगुड़ी ( हिंस )।** उदालगुड़ी जिला के यूटी रोड पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक और बोलेरो वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर के चलते उदालगुड़ी के पूर्वी पानेरी में यह हादसा हुआ। बोलेरो वाहन (एएस-12एम-5258) पनेरी दिशा से उदालगुड़ी की ओर जा रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही बिना नंबर वाली बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार जन हरिजन (28) और अजीत हरिजन (48) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम दोनों घायलों को पानेरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अजीत हरिजन (48) की हालत गंभीर होने के कारण उसे उदालगुड़ी सिविल अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों का घर हरिसिंगा थाना के कोरामो चाय बागान में है। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भारी मात्रा में कीमती लकड़ी जब्त

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला के रंगजुली के सिमलीटोला इलाके में वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से कीमती लकड़ी ले जा रहे दो ट्रक को जब्त किया है। वन विभाग ने सोमवार को बताया कि बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान सिमलीटोला जलजली नदी के मैदानी इलाके से भारी मात्रा में लकड़ी ले जा रहे दो ट्रकों को जब्त किया गया है। हालांकि, अभियान के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। खंड वन अधिकारी भार्गव तालुकदार ने बताया कि जब्त की गयी लकड़ी की कीमत लगभग सात लाख रुपए आंकी गई है। वन विभाग इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जंगली हाथी के उपद्रव से ग्रामीण परेशान



**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला के रंगजुली वनांचल कार्यालय के सेसापानी इलाके में जंगली हाथियों के उपद्रव से ग्रामीण बेहद परेशान है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि कन्याकुची वनांचल इलाके से 60 से 70 की संख्या में जंगल हाथियों का एक झुंड शाम होते ही रिहायशी क्षेत्र सेसापानी, बगुवान, बाईनपारा, गणेशपारा, बरजुली आदि गांवों में प्रवेश कर धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीती रात गणेशपारा इलाके में कई बीघा धान की फसल को हाथियों के झुंड द्वारा नष्ट किया गया है। इलाके में खाद्य की तलाश में आए दिन जंगली हाथियों का झुंड घुस आता है। इसकी जानकारी वन विभाग को दिए जाने के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों के अलावा किसान काफी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किए जाने की वन विभाग से गुहार लगाई है।

## विदेशी सुपारी की तस्करी ड्राइवर गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** हैलाकांदी जिले के असम-मिजोरम सीमावर्ती इलाके के बिलाईपुर पुलिस ने विदेशी सुपारी की तस्करी में शामिल एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मिज़ोरम से हैलाकांदी होते हुए होजाई जिला तक ट्रक (एएस-25सी-9732) के जरिए भारी मात्रा में बर्मीज (म्यांमार) की सुपारी भेजी जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार ट्रक चालक की पहचान शेरमान उद्दीन लश्कर के रूप में की गई है। ट्रक से 207 बोरी स्थानीय सुपारी के अलावा 99 बोरी बर्मीज सुपारी जब्त किया गया है। जब्त की गयी सुपारी की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आंकी गई है।

## सत्र समवाय समिति में चोरी

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिला के कलियाबर के सत्र समावाय समिति में चोरी किए जाने का मामला सोमवार की सुबह सामने आया है। पुलिस ने बताया कि भालागुड़ी सत्र समावाय समिति के दो दरवाजे को तोड़कर चोर प्रवेश कर नगद पांच लाख रुपए चुराकर फरार हो गए। इस घटना को लेकर यह सवाल पूछे जा रहे हैं कि रात के समय समिति का पहरेदार होने के बावजूद समिति में चोरी कैसे हुई है। घटना के संबंध में समिति द्वारा कोलियाबर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

**अपोलो हॉस्पिटल्स**
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
**कान, नाक, गला विशेषज्ञ**
**डॉ. वी. कार्तिकेयन,** MS (AIIMS), DNB, FELLOWSHIP(USA), NEUROTOLOGY & SKULL BASE SURGERY
**गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**
**12 नवंबर, 2022 को**
जो सुनने की समस्या से ग्रस्त हैं, ओरल कैविटी में पैच, ओरल अल्सर जो ठीक नहीं हो रहा, निगलने में कठिनाई, आवाज में कर्कशता, आवाज में परिवर्तन, गर्दन का फूलना, नाक से खून का गिरना, थायराइड समस्याएं, गर्दन दर्द या इससे संबंधित समस्याओं से परेशान है वे अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।
**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
**Contact : 03612223663/9678769107/8134095156**

# पृष्ठ एक का शेष

### असम और मणिपुर...

आंग्लांग ने कहा कि हम आमतौर पर कार्बी आंग्लांग में डेंगू का ऐसा प्रकोप नहीं देखते हैं। पहले कुछ मामलों का पता चलने के बाद ही हमने निगरानी और परीक्षण बढ़ाए। सकारात्मकता दर बहुत अधिक है और लगभग 250 परीक्षणों में से लगभग 200 संक्रमित हैं।

### बंगाल में काबू पाने ...

केंद्रीय टीम भेजने की मांग की है। यह टीम बंगाल सरकार को गाइड करेगी और लोगों को राहत मिलेगी। राज्य में डेंगू की भयावह स्थिति की ओर इशारा करते हुए अधिकारी ने लेटर में लिखा कि ऐसे समय में जब राष्ट्रीय राजधानी घुट (वायु प्रदूषण) रही है, पश्चिम बंगाल के लोग मच्छरों से पीड़ित हैं। डेंगू ने पश्चिम बंगाल को अपनी चपेट में ले लिया है। पिछले तीन महीनों में राज्य के कई हिस्सों में मामले बढ़े हैं। डेंगू से सबसे बुरी तरह प्रभावित इलाकों कोलकाता, उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, हुगली और हावड़ा शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में डेंगू पीड़ितों की संख्या 51 हजार से अधिक हो चुकी है। डेंगू से हुई मौतों के आंकड़े को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, गैर सरकारी रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि राज्य में 70 लोगों की डेंगू के चलते मौत हुई है। कोलकाता में डेंगू से 20 लोग मरे हैं। राज्य के दूसरे हिस्सों से भी मौत की खबरें आई हैं। कई डेंगू पीड़ितों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### त्रिपुरा में बनेगी...

भी आग्रह करता हूं। इसके साथ ही, हिमंत विश्व शर्मा ने एक और बड़ा बयान दे दिया। शर्मा ने साफ तौर पर कहा कि दुनिया की सभी पार्टी भी एक साथ हो जाए तो भी त्रिपुरा में भाजपा को सरकार बनाने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि सीपीआई, कांग्रेस एक ही थाली में एक ही साथ खाने का परिकल्पना बना रहा है। लेकिन मैं यह बोलना चाहता हूं कि एक थाली में कांग्रेस भी रहो, सीपीआई रहो, दुनिया की सभी पार्टी भी रहो, जितने पॉलीटिकल पार्टी हो सब एक साथ आ जाओ लेकिन त्रिपुरा में भाजपा को जीतने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर पर खास ध्यान दे रहे हैं। यहां की संस्कृति को विश्व स्तर पर ले जाया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में त्रिपुरा विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### स्कूल में दाव...

घूमते देखे गए। कछार जिले के स्कूलों के डिप्टी इंस्पेक्टर परवेज निहाल हजारी ने बताया कि विभाग ने दास को हेडमास्टर के पद से हटा दिया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी है। डिप्टी इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स परवेज ने बताया कि हमने हेडमास्टर का पद स्कूल के ही दूसरे टीचर को सौंप दिया है। दास को आज मेरी ऑफिस में बुलाया गया है। मैं खुद उनसे इस मामले को लेकर पूछताछ करूंगा। अभी तक उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पता चला है कि दास दूसरे टीचर्स की अनियमितताओं को लेकर क्रोधित थे और वह दाव दिखाकर उन्हें सावधान करने की कोशिश कर रहे थे। गौरतलब है कि रविवार को ही राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दरंग जिला मुख्यालय मंगलदै में विश्वविद्यालय के लिए भूमि पूजन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि 1,000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले असम कौशल विश्वविद्यालय से पूर्वोत्तर के युवाओं का कौशल बढ़ेगा। शर्मा ने कहा कि संस्थान असम के जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाएगा, जिनकी बहुत युवा आबादी है।

### ढाई महीने से ...

सांसद तपीर गाओ से बात की है। उन्होंने बताया है कि पूरे मामले पर उनकी गहनता से नजर है। सेना की ओर से दोनों को ढूंढने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। परिवारीजनों का कहना है कि औषधीय पौधे की तलाश में दोनों पहले भी जंगल जा चुके हैं। इस बार वे 19 अगस्त को घर से निकले थे, दोनों 15 से 20 दिन का खाने का सामान साथ ले गए थे। उन्हें 24 अगस्त को आखिरी बार छगलागाम क्षेत्र में देखा गया था। हालांकि, एक महीने से ज्यादा समय बाद भी दोनों के न लौटने पर उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### उमियम झील को ...

करेंगे। उन्होंने कहा कि उमियम झील में खेलों को बढ़ावा देने के लिए असम और मेघालय को भविष्य में ठोस कदम उठाने चाहिए। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मेघालय के उमियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पहले तीन दिवसीय राइजिंग सन वाटर फेस्ट 2022 ने पानी और साहसिक खेलों को पूरी तरह से एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि इस उत्सव ने विभिन्न क्लबों और खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान किया है। उत्सव के आयोजन के लिए भारतीय सेना, गजराज कोर और रेड हॉर्न डिवीजन के पूर्वी कमान को धन्यवाद देते हुए, असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि उमियम झील, जहां उत्सव आयोजित किया जा रहा है, उसे और विकसित किए जाने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि उमियम को वाटर स्पोर्ट्स के लिए एक विश्व स्तरीय स्थल में बदलने के लिए दोनों राज्यों की सरकारें भारतीय सेना की मदद से आगे बढ़ेंगी।

### गरीब सवर्णों के...

चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एस. रवींद्र ने ईडबल्यूएस कोटे को अवैध और भेदभावपूर्ण करार दिया। इस तरह सामान्य वर्ग के गरीब तबके को मिलने वाले 10 फीसदी ईडबल्यूएस आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट ने 3-2 से मुहर लगा दी है। 5 जजों की संवैधानिक बेंच में जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एस. रविंद्र भट ही ऐसे थे, जिन्होंने इस कोटे को गलत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कानून भेदभाव से पूर्ण है और संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। बता दें कि संविधान में 103वें संशोधन के जरिए 2019 में संसद से ईडबल्यूएस आरक्षण को लेकर कानून पारित किया गया था। इस फैसले को कई याचिकाओं के जरिए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने आज फैसला सुनाया है। ईडबल्यूएस कोटे पर वैधता को लेकर फैसला सुनाते हुए जस्टिस जेबी पारदीवाला ने अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह भी विचार करने की जरूरत है कि आरक्षण कब तक जरूरी है? उन्होंने कहा कि गैर-बराबरी को दूर करने के लिए आरक्षण कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह सिर्फ एक शुरुआत भर है। इस बीच एक्सपर्ट्स का कहना है कि आर्थिक आधार पर आरक्षण की वैधता को सुप्रीम कोर्ट से मंजूर किए जाने के बाद इस तर्ज पर राज्यों में भी कुछ जातियों को आरक्षण प्रदान करने पर विचार हो सकता है।

### दो मीडिया चैनलों ...

इसलिए मैं आपसे बात नहीं करूंगा। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, कोच्ची में मीडिया से बात करने वाले थे। इस दौरान तमाम मीडिया चैनल्स के प्रतिनिधि वहां पर माइक लगाए खड़े थे। इसी दौरान आरिफ खान ने कहा मैं उन लोगों से बात नहीं करूंगा, जो खुद को मीडिया कहते हैं, लेकिन हकीकत में किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि अगर यहां पर ऐसा कोई है तो मेरा विनम्र अनुरोध है कि वह यहां से चला जाए। आरिफ खान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यहां पर कैराली टीवी या मीडिया वन टीवी चैनल से कोई नहीं होगा। अगर कोई है, मैं उनसे कहूंगा कि यहां से तुरंत चला जाए। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों से पूछना शुरू किया कि क्या कोई कैराली या मीडिया वन से है। इस पर एक मीडियाकर्मी ने हां में जवाब दिया। यह सुनते ही आरिफ खान भड़क उठे। उन्होंने उस मीडियाकर्मी से तत्काल वहां से निकल जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग मुझसे शाहबानो केस का बदला ले रहे हैं। आप लोग मेरे खिलाफ कैंपेन चला रहे हैं। इसलिए मैं आप लोगों से कोई भी बात नहीं करूंगा।

### भारत में सक्रिय अवैध...

संदेशों को हैक करने के लिए अपनी सेवाओं की पेशकश कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में भारत में की गई खुफिया पड़ताल और लीक दस्तावेजों के मुताबिक, निजी जासूस बने पत्रकारों का दावा है कि एक गिरोह ने पाकिस्तान के राजनेताओं, जनरल और राजनयिकों के स्वामित्व वाले *कंप्यूटर पर नियंत्रण* कर लिया और जाहिर तौर पर भारतीय खुफिया सेवाओं के इशारे पर उनकी निजी बातचीत को सुना। खबर में दावा किया गया कि हैकिंग में लगे *व्हाइट इंट* गिरोह का संचालन हरियाणा में गुरुग्राम के एक चार मंजिला अपार्टमेंट से किया जाता है। इसमें यह भी दावा किया गया कि इसका मुख्य कर्ताधर्ता 31 वर्षीय युवक है जो एक ब्रिटिश लेखा कंपनी के भारत स्थित कार्यालय में काम करता है। खबर में दावा किया गया कि सात साल से वह कंप्यूटर हैकर का एक नेटवर्क चला रहा है, जिन्हें ब्रिटेन के निजी जासूसों ने अपने लक्ष्यों के ईमेल इनबॉक्स में सेंधमारी के लिए काम पर रखा है। हैकिंग सॉफ्टवेयर के जरिए हैकर कंप्यूटर के कैमरों और माइक्रोफोन में सेंधमारी कर अपने लक्ष्य के कैमरे की गतिविधियों को देखने के साथ ही बातचीत भी सुन पाते हैं। इस काम के लिए उन्हें 3,000 से 20,000 डॉलर तक का भुगतान किया जाता है।

### इमरान खान केस ...

गई थी। इस घटना में एक की मौत हो गई थी और 11 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल ने इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले में प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर स्वत: संज्ञान लेने की चेतावनी दी। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेपी ने पंजाब के महानिरीक्षक (आईजी) फैसल शाहकार से भी पूछा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गई? पाकिस्तान के चीफ जस्टिस ने पूछा कि हमें बताएं कि प्राथमिकी कब दर्ज की जाएगी? प्राथमिकी दर्ज नहीं करने का एक ठोस कारण होना चाहिए। सीजेपी ने आईजी को मामले की जांच के लिए अधिकारियों को बुलाने का निर्देश देते हुए कहा कि कानून के अनुसार काम करना है, अदालत आपके साथ है। आईजी शाहकर जिन्होंने पंजाब सरकार से अलग होने का फैसला किया है और मुख्यमंत्री परवेज इलाही के नेतृत्व में मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था के साथ काम करने से इनकार कर दिया है, ने अदालत को सूचित किया कि हमने प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में पंजाब के सीएम से बात की है लेकिन उन्होंने कुछ आपत्तियां व्यक्त की हैं। शाहकर ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पंजाब ने *चार साल में आठ आईजी* देखे हैं। सीजेपी ने प्रांतीय पुलिस प्रमुख को आश्वासन दिया कि जब तक वह आईजी के पद पर तैनात हैं, तब तक कोई भी उनके काम में हस्तक्षेप नहीं करेगा। कहा कि आईजी साहब, आप अपना काम करो। अगर कोई हस्तक्षेप करता है, तो अदालत उनके काम में हस्तक्षेप करेगी। गौरतलब है कि बीते 3 नवंबर को पंजाब के वजीराबाद में पार्टी के लंबे मार्च का नेतृत्व करते हुए इमरान खान पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना में पीटीआई समर्थक मुअज्जम नवाज की मौत हो गई थी, जबकि इमरान सहित 14 अन्य घायल हो गए थे।

### पूर्ण चंद्र ग्रहण...

केवल अंत ही दिखाई देगा। देश के पूर्वोत्तर शहर कोलकाता एवं गुवाहाटी में चंद्रोदय के समय ग्रहण के प्रारंभिक समय से लेकर पूर्णावस्था के अंत तक की अवधि 20 मिनट की होगी जबकि चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि 1 घंटा 27 मिनट की होगी। गुवाहाटी में चंद्रोदय के समय से लेकर पूर्णावस्था के अंत तक की अवधि 38 मिनट की होगी, जबकि वहां चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि 1 घंटा 45 मिनट की होगी। अन्य शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई एवं बेंगलुरु में पूर्णावस्था के अंत के उपरांत चंद्रोदय होगा एवं उस समय आंशिक ग्रहण चल रहा होगा तथा उपर्युक्त शहरों में चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि क्रमश: 50 मिनट, 18 मिनट, 40 मिनट एवं 29 मिनट तक की होगी। ग्रहण दक्षिण अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तर अटलांटिक महासागर तथा प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में दिखाई देना वाला अगला चंद्र ग्रहण अगले साल 28 अक्तूबर को लगेगा जो कि आंशिक होगा। भारत में पिछला चंद्र ग्रहण 19 नवंबर, 2021 को लगा था, जो आंशिक चंद्र ग्रहण था। चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के दिन पृथ्वी के सूर्य एवं चंद्रमा के बीच में आने पर घटित होता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है जब चंद्रमा पूर्णतया पृथ्वी की छाया से ढक जाता है।


### जम्मू-कश्मीर में...

भी बरामद किए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कश्मीर, विजय कुमार ने एक ट्वीट में कहा कि सोपोर पुलिस ने केनुसा बांदीपोरा में हाल ही में आईईडी विस्फोट की घटना का खुलासा किया है। दो हाइब्रिड आतंकवादी इरशाद गनी और केनुसा बांदीपोरा के वसीम राजा को गिरफ्तार किया गया। डेटोनेटर के साथ दो रिमोट नियंत्रित आईईडी बरामद हुए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि आतंकवादियों ने 15 अक्तूबर को उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के केनुसा-अस्टांगो इलाके में एक आईईडी लगाया था, जिसका वजन लगभग 18 किलोग्राम था और इसमें दो गैस सिलेंडर लगे थे। सुरक्षा बलों ने विस्फोटक उपकरण का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### ईडबल्यूएस मनमोहन...

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन की वैधता को दो के मुकाबले तीन मतों के बहुमत से सोमवार को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता। रमेश ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती है। उनका कहना है कि यह संवैधानिक संशोधन 2005-06 में डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार द्वारा सिन्हा आयोग का गठन करके शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम है। इस आयोग ने जुलाई, 2010 में अपनी रिपोर्ट दी थी। इसके बाद व्यापक रूप से चर्चा की गई और 2014 तक विधेयक तैयार कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार को विधेयक को कानून की शक्ल देने में 5 साल का समय लगा। रमेश ने कहा कि इसका उल्लेख करना भी जरूरी है कि सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना को 2012 तक पूरा कर लिया गया था तथा उस वक्त मैं ग्रामीण विकास मंत्री था। मोदी सरकार को स्पष्ट करना होगा कि ताजी जाति जनगणना को लेकर उसका क्या रुख है। कांग्रेस इसका समर्थन करती है और इसकी मांग भी करती है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **तृतीय अध्याय**

**( भक्ति )**

**भक्ति विरह प्रभु मिलन का, खोजो सद्गुरु देव।**
**बोध मिले सुख शान्ति है, कर सद्गुरु की सेव॥ 39॥**

**शब्दार्थ :** (भक्ति) उपासना (विरह) प्रेम-ज्वाला।

**भाष्य :** यदि प्रभु में उत्कट प्रेम है, प्रभु प्राप्ति की इच्छा है तो सद्गुरु खोजे, जिनके द्वारा भक्ति का मार्ग प्राप्त हो एवं सुख-शांति की प्राप्ति हो। सद्गुरु-शरण से ही पूर्ण बोध, भक्ति, प्रभुप्राप्ति, तथा सुख-शांति की उपलब्धि होती है।

**मोह शोक अज्ञान में, भक्ति रहस्य न पाव।**
**देव सदाफल गुरु कृपा, भक्ति रतन तत्व आव॥ 40॥**

**शब्दार्थ :** (मोह) आसक्ति (शोक) दु:ख तात्कालिक कष्ट (अज्ञान) भ्रम (रहस्य) मर्म, भेद।

**भाष्य :** मोह, शोक और अज्ञान में भक्ति का मर्म-भेद नहीं प्राप्त होता। सद्गुरु की कृपा से भक्तिरूपी महान रत्न प्राप्त होता है।

**॥ इति स्वर्वेद चतुर्थ मण्डल, तृतीय अध्याय भाष्य समाप्त॥**

# महानगर की सिटी बसों, मैजिक आदि को लाया जाएगा विशेष दायरे में

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया निर्णय

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कामरूप (मेट्रो) जिला उपायुक्त कार्यालय कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ध्रुवज्योति हजारिका की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सोमवार को एक बैठक हुई। सिटी बसों और मैजिक वाहनों की आवाजाही को विशेष दायरे में लाने के उद्देश्य से हुई इस बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त (यातायात), हिरण्य बर्मन और संबंधित अधिकारियों के अलावा कामरूप (मेट्रो) जिला के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों ने भाग लिया। गुवाहाटी नगर के कुछ मार्गों पर आवश्यकता से अधिक सिटी बसों की आवाजाही को देखते हुए किस रास्ते पर कितनी बसों का परिचालन हो, वास्तव में उस रास्ते पर जनसंख्या की संख्या के अनुसार कितनी बसों की आवश्यकता है आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सौंपी। बैठक में गुवाहाटी के प्रमुख रास्तों पर सिटी बसों के चलने के संबंध में दी जाने वाली अनुमति लाटरी व्यवस्था के तहत जारी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सिटी बसों के चलने में कटौती का भी निर्णय लिया गया। बैठक में खेत्री से वीआईपी तक, खानापाड़ा से चंद्रपुर तक अतिरिक्त रूप से सिटी बसों को चलाने का भी फैसला किया गया। आवश्यकता के अनुसार मुख्य मार्गों के साथ ही सहायक मार्गों पर भी सिटी बसों को चलाने को लेकर भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा नए सिरे से बस स्टेशनों का निर्धारण किया जाएगा।

## दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

**नलबाड़ी ( हिंस )।** नलबाड़ी जिला के मुकालमुआ के आदाबारी पहरा पुलिस चौकी इलाके में हुई एक सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पहरा पुलिस चौकी का घेराव कर जमकर हंगामा किया। स्थानीय लोगों ने सोमवार को बताया कि बीती रात आदाबारी के अनंत कलिता अपनी पत्नी अनीता कलिता के साथ बागेश्वरी मंदिर से पैदल अपने घर जा रहे थे। इस दौरान गांव के ही हेमंत ठाकुरिया ने जानबूझकर स्विफ्ट कार (एएस-01एवी-1848) से दोनों को ठोकर मारकर हत्या करने की कोशिश की। घटना के बाद दर्ज प्राथमिकी के आधार पर आदाबारी पहरा पुलिस चौकी हाजो पुलिस के सहयोग से हाजो के बर्नी से हेमंत को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर मुकालमुआ थाने में भेज दिया।

# ईसाई धर्म को छोड़कर तीन परिवारों ने हिंदू धर्म अपनाया

**डिब्रूगढ़ हिंस )।** डिब्रूगढ़ जिला के मानकाटा चाय बागान के काशाबारी लाइन के तीन परिवार ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म को अपनाया है। हिंदू परिवार में जन्मे 3 परिवार गरीबी की वजह से प्रलोभन में आकर ईसाई धर्म को अपना लिया था। ईसाई धर्म अपनाने के बाद तीनों परिवारों को समाज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद तीनों परिवार वैदिक रीति नीति के तहत पुन: हिंदू धर्म अपनाया। धर्म परिवर्तन के लिए आयोजित कार्यक्रम में मानकटा चाय बागान कछारी लाइन के चौकीदार गांवबूढ़ा



(सरकार द्वारा नियुक्त) रामकुमार बाउरी, सिरिंग दाईनिजान पंचायत के अध्यक्ष मनोज सोनोवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## युवा व्यवसायी ने पक्की कुर्सियों का किया लोकार्पण

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के युवा व्यवसायी पूव सीतारा निवासी धनेश्वर कलिता ने रंगिया सिविल अस्पताल प्रांगण में दो पक्की कुर्सियों का निर्माण करवाकर आज रोगियों तथा लोगों के बैठने की सुविधार्थ सौंपा। उल्लेखनीय है कि श्री कलिता ने अपने पिता स्व. नरेंद्र कलिता और माता जयमती कलिता की पुण्य स्मृति में इसका निर्माण करवाया। इसके उद्घाटन के मौके पर अस्पताल के उप-अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार बैश्य सहित चिकित्सक डॉ. पदमेश्वर कलिता, डॉ. लिपिका बोरा, डॉ. अशोक कलिता, डॉ. चिन्मय कलिता, डॉ. पिकुली हाजोरिका और अस्पताल की सभी नर्स और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एपीएससी परीक्षा के सफल उम्मीदवारों का किया गया सम्मान

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिला प्रशासन ने सोमवार को कोकराझाड़ जिला से असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) की परीक्षा को सफलतापूर्वक पास करने वाले सभी उम्मीदवारों को सम्मानित करने के लिए उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन हॉल में एक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष कोकराझाड़ जिला के कुल चार उम्मीदवारों क्रमश: सिम्बरगांव के द्विथून वारी, श्रीरामपुर के उत्तम कुमार रॉय, गोसाईगांव राजापारा की मौसमी भट्टाचार्य और जामदुआर के श्रीजीत बसुमातारी




ने एपीएससी परीक्षा पास करते हुए असम लोक सेवा के लिए चयनित हुए हैं। असम सिविल सेवा, असम पुलिस सेवा, बिक्री कर अधीक्षक और उप-पंजीयक के पदों पर उम्मीदवारों का चयन हुआ है। उनमें से तीन, द्विथून वारी, मिस मौसमी भट्टाचार्य और श्रीजीत बसुमतारी इस अवसर पर उपस्थित थे और कोकराझाड़ उपयुक्त वर्णाली डेका द्वारा अतिरिक्त उपायुक्तों, सहायक आयुक्तों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में उपस्थिति सभी को सम्मानित किया। उपायुक्त डेका ने उम्मीदवारों से बातचीत करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्कूल के गेट से बच्चे को अगवा करने की कोशिश का आरोप



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के मालीगांव स्कूल के गेट से एक छात्रा को जबरन अगवा करने का मामला सामने आया है। आरोपी को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। घटना जालुकबाड़ी थानांतर्गत मालीगांव थाने से करीब 100 मीटर दूर मालीगांव निम्न प्राथमिक स्कूल के गेट पर घटी। सोमवार की सुबह एक अभिभावक ने इस घटना तब देखा जब स्कूल के गेट पर सुधांशु कुमार नामक व्यक्ति एक छात्रा का जबरन हाथ पकड़ उसे खिंच रहा था। सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए उस समय कई अभिभावक स्कूल परिसर में मौजूद थे। इस घटना पर सबसे पहले नंदिता दास नामक एक अभिभावक को शक हुआ। उसने घटना की सूचना वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस को दी। वहीं मौके पर मौजूद अन्य अभिभावकों ने सुधांशु कुमार को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर जालुकबाड़ी थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर सुधांशु कुमार को गिरफ्तार कर थाने ले गई। दावा किया गया है कि घटना के समय सुधांशु कुमार के साथ एक महिला भी थी जो वहां से फरार हो गयी। स्कूल की प्रधानाध्यापिका पिनाकी दास ने सुधांशु कुमार के खिलाफ जालुकबाड़ी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस घटना से अभिभावकों और छात्रों के बीच दहशत उत्पन्न हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुधांशु कुमार तुरा 28वीं बटालियन का कर्मी है। हालांकि, यह पता नहीं चल सका है कि वह सैन्य कर्मी है या फिर केंद्रीय अर्धसैनिक बल का जवान है। घटना के समय वह नशे की हालत में था।

## डायन के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिला के कसुगांव थाना अंतर्गत मालभोग गांव में डायन के संदेह में एक व्यक्ति की तीन युवकों द्वारा हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बीती रात तीन युवकों ने अंधविश्वास के चलते डायन होने के संदेह में एक व्यक्ति की हत्या कर दी। जबकि, मृत व्यक्ति के पुत्र और कन्या पर जानलेवा हमला किया गया। मृत व्यक्ति की पहचान देवान मुर्मू के रूप में की गई है। मृतक का पुत्र सुनील मुर्मू और बेटी लक्ष्मी मुर्मू को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि गांव के ही मंगल मुर्मू, किसान हासदा और सान्डोब टूडो ने मिलकर हमला कर किया था।

# पूसीरे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूरे पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2022 *एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत* विषय के तहत मनाया गया। सप्ताह अनुपालन 31 अक्तूबर से शुरू हुआ था और 06 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान पूसीरे मुख्यालय, मंडलों, कार्यशालाओं, अन्य क्षेत्रीय इकाइयों आदि में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस सप्ताह की शुरुआत कर्मचारियों, उनके परिवारों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, हितधारकों, छात्रों आदि के बीच सत्यनिष्ठा के सार को प्रचारित करने की दृष्टि से एक शपथ ग्रहण समारोह के साथ की गई थी। क्षेत्रीय मुख्यालय में पूसीरे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता और मंडलों में संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों ने शपथ दिलाई। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने सोमवार को एक बयान में बताया कि *सतर्कता जागरूकता सप्ताह* के एक हिस्से के रूप में क्षेत्रीय मुख्यालय में महाप्रबंधक, पूसीरे की उपस्थिति में *एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत* विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जोन के सभी वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान पूसीरे के महाप्रबंधक द्वारा एक *सतर्कता बुलेटिन* का भी विमोचन किया गया। संगोष्ठी के दौरान संस्थान को अधिक पारदर्शी, अधिक कुशल एवं अधिक भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के विभिन्न



तरीकों पर चर्चा की गई। अनुपालन के हिस्से के रूप में विभिन्न विभागों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। कुल मिलाकर 13 लघु फिल्में शामिल हुई और पहला पुरस्कार पूसीरे निर्माण संगठन, द्वितीय प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, मालीगांव और तृतीय पुरस्कार डीजल शेड, न्यू गुवाहाटी की टीम ने जीता। मालीगांव मुख्यालय, सभी मंडलों, कार्यशालाओं और निर्माण इकाइयों के अधिकारियों के साथ वेबिनार द्वारा विभिन्न परस्पर संवाद सत्र 31 अक्तूबर से 4 नवंबर तक आयोजित किए गए थे। प्रतिभागियों को भ्रष्टाचार, प्रणाली में सुधार और रेल के सभी विभागों आदि को कवर करते हुए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। भ्रष्टाचार के खिलाफ रेल कर्मचारियों सहित आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए पूसीरे के मुख्यालय, निर्माण संगठन, मालीगांव और पूसीरे के विभिन्न कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया।

## वीर लाचित बरफुकन जयंती के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित



**रंगिया/अमीनगांव ( विभास )।** वीर लचित बरफुकन की 400वीं जयंती मनाने के लिए कामरूप जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा करने के लिए आज जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली की अध्यक्षता में एकीकृत जिला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त, सहायक आयुक्त, चक्र अधिकारी और जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया। इस बैठक में 7 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित करने वाले आयोजन की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लेते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उल्लेखनीय है कि इसका मुख्य कार्यक्रम आगामी 23 और 24 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होगा। वहीं 18 नवंबर से 24 नवंबर तक राज्य के हर जिले में यह जयंती मनाई जाएगी। आज आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने सभी विभागों को समन्वय से काम करने का निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कामरूप जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ यह कार्यक्रम मनाया जा सके। उन्होंने समारोह में समाज के सभी वर्गों को शामिल करने के लिए उचित कदम उठाने का भी निर्देश दिया।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुईन ओजा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज अमीनगाव स्थित एकीकृत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में जिला के विभिन्न विकास विभाग द्वारा जारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई जिसमें पलाशबाड़ी क्षेत्र के विधायक हेमांग ठाकुरिया, छयगांव क्षेत्र के विधायक रेकीबुद्दीन अहमद, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यरत अधिकारी हेमंत चौधुरी, जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के प्रतिनिधि, कामरूप जिला परिषद की अध्यक्ष रीता तालुकदार और जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया। उक्त बैठक के प्रारंभ में वर्ष 2021की 24 जून को आयोजित हुई दिशा की बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन और प्रगति के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में दिशा की



चेयरपर्सन और सांसद क्वीन ओजा ने योजनाओं के क्रियावयन के क्षेत्र में विधायक, निर्वाचित प्रतिनिधि तथा सांसद को समय-समय पर अवगत करने का निर्देश दिया। खंड उन्नयन अधिकारियों को इस दिशा में जरूरी निर्देश प्रदान करने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यवाहक अधिकारी को उन्होंने यह निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा बनने वाले वन स्टॉप सेंटर का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिया। इसके बाद लोक कल्याण तकनीकी विभाग द्वारा लागू जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान के तहत सामुदायिक शौचालय, कृषि विभाग द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री की योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, लोक निर्माण विभाग की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य स्व-अग्रधिकार पूंजी के अधीन पथ, दक्षता विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदी की प्रगति पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्ष एवं सांसद कुईन ओजा ने कृषि एवं उद्यान विभाग को जिले में बागवानी के विस्तार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिया। उन्होंने रोजगार की दिशा में दक्षता संपन्न मानव संसाधन की मांग को देखते हुए जिले की कौशल विकास योजनाओं के बारे मे भी अवगत कराया और उचित कार्य ग्रहण करने को कहा। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के कार्यों और इसके तहत पहले से चिन्हित किए गए स्थानों की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में विधायक क्रमश: हेमांग ठाकुरिया और रेकीबुद्दीन अहमद और अन्य विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के प्रतिनिधि शामिल हुए तथा इस संबंध में परामर्श दिया। इस बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यवाहक अधिकारी पराग कुमार काकोती ने स्वागत भाषण प्रदान किया। बैठक में जिला विकास आयुक्त नरसिंह बे, अतिरिक्त उपायुक्त, चक्र अधिकारी, खंड विकास खंड अधिकारी, सहायक आयुक्त और विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

## पुराने दो पहिया वाहन के बदले ले जाए नई रॉयल एनफील्ड

### जू रोड के 4एसेस एनफील्ड में लोन सह एक्सचेंज कार्निवाल मेला शुरू

**गुवाहाटी।** दो पहिया वाहन चालकों के लिए यह खबर किसी खुशखबरी से कम नहीं है। विशेष रूप से रॉयल एनफील्ड का शोक रखने वाले चालकों के लिए यह एक सुनहरा मौका है, जहां वे लोग अपने पुराने दोपहिया वाहन को देकर चमचमाती रॉयल एनफील्ड अपने घर ला जा सकते हैं। दरअसल जू रोड के एजे टावर स्थित 4एसेस एनफील्ड प्रा.लि. की ओर से लोन कम एक्सेचेंज कार्निवल का शुभारंभ आज से किया गया। इस मौके पर 4एसेस एनफील्ड के निदेशक चिराग गुप्ता ने बताया कि आज से शुरू हुआ लोन कम एक्सेचेंज कार्निवल आगामी 13 नवंबर तक केवल उनके शोरूम में जारी रहेगा। इस दौरान कोई भी दुपहिया वाहन चालक अपने पुराने वाहन व उसके दस्तावेजों के साथ शोरूम पहुंचकर उसका न केवल उचित मूल्य हासिल कर सकता हैं बल्कि लोन




के माध्यम से चमचमाती रॉयल एनफिल्ड अपने साथ ले जा सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए ग्राहक को न्यूनतम 4999 रुपए का डाउन पेमेंट करना होगा। ग्राहकों को आसानी से लोन मिल सकें इसके लिए, शोरूम की ओर से विभिन्न प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधी वहा मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि रॉयल एनफिल्ड के प्रति दुपहिया वाहन चालकों का एक विशेष लगाव है। ऐसे में हर व्यक्ति के रॉयल एनफिल्ड खरीदने के सपने को साकार करने के उद्देश्य से लोन कम एक्सेचेंज कार्निवल का आयोजन किया गया, जो आगामी 13 नवंबर तक जारी रहेगा। रॉयल एनफील्ड को समय समय पर कई बार अपग्रेड किया गया है। इसके नए मॉडल, हंटर 350 ने अपने श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ माइलेज और आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं। 350 सीसी इंजन और उपलब्ध अनुकूलन के साथ फिनिश सहित सुविधाओं के साथ बाजार में बहुत तेजी से बुकिंग हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को बिक्री के बाद उनके वाहनों को बेहतर सेवा देने के उद्देश्य से जू रोड के बाय लेन 2, भास्कर नगर में अत्याधुनिक सर्विस सेंटर स्थापित किया गया है। जहां उत्कृष्ट प्रशिक्षित यांत्रिकी की उपलब्धता के साथ वाहनों की आसानी से मरम्मत की जा सकती है। ग्राहक सेवा पर आकर्षक छूट का लाभ उठा सकेंगे। 4एसेस एनफील्ड में हमारा लक्ष्य उत्कृष्ट ग्राहक मोटरसाइकिलिंग अनुभव को आगे बढ़ाना है। हमारा उद्देश्य हमारे सेवा केंद्र में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करना है और उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपाकर्मी पर जानलेवा हमला

**लखीमपुर हिंस )।** लखीमपुर जिला के टूनीजान परिषद विधानसभा क्षेत्र के पद्मपुर गांव में जेपीपी दल के कुछ समर्थकों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बीती रात लखीमपुर में देवरी स्वायत्तशासी परिषद के चुनाव से पहले जेपीपी समर्थकों द्वारा भाजपा कर्मी पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची लालुक पुलिस थाना की टीम ने गंभीर रूप से घायल भाजपा कर्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही हमलावरों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

## अनादृत और उपेक्षित कलाकारों का सम्मान करना ही हमारा मूल लक्ष्य : पंकज पल्लव शर्मा



**रंगिया ( विभास )।** विश्व प्रसिद्ध संगीतकार भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि के मौके पर रंगिया के संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन द्वारा दिनभर के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ इसका आयोजन किया गया। रंगिया के एक प्रमुख शिक्षण संस्थान अभिज्ञान अकादमी के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सुधाकंठ की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन के सचिव पंकज पल्लव शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में संगीतकार नरेन वैश्य, सहायक आयुक्त चंपक डेका, अखिल कवि मंच के अध्यक्ष जावेद जामान, अध्यक्ष मुस्लिमुद्दीन अहमद, गिरिजानंद भट्टाचार्य, ध्रुवज्योति कलिता सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयश्री कलिता के भूपेंद्र संगीत के साथ किया गया। जिसमें भाषण प्रसंग में सुधाकंठ को स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान युवा पीढ़ी के बीच सुधाकंठ के गीतों को लोकप्रिय बनाने का विशेष प्रयास के लिए संगीतकार मोहम्मद जाहादुल हक, गौरांग कुमार नाथ सहित विशिष्ट चिकित्सक और सांस्कृतिक कर्मी डॉ. भरत बैश्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन की ओर से उपाध्यक्ष उज्ज्वल डेका, सहायक सचिव बिनोद राजबंशी, सदस्य मुस्तफा आहमेद, भास्कर कलिता, रीना देवी और साधना शर्मा मौजूद थे। बैठक में साधना शर्मा ने भूपेन हजारिका के गीतों की प्रस्तुति देकर और भी अधिक आकर्षक बनाया। बैठक का समापन ध्रुवज्योति कलिता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# नए समन भेजने के तैयारी में ईडी, सोनिया और राहुल गांधी बढ़ेगी परेशानी

## जांच में संदिग्ध ट्रांजैक्शन के बारे में मिली जानकारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए परेशानी और बढ़ सकती है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने जांच में पाया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाले यंग इंडियन से जुड़े संदिग्ध ट्रांजैक्शन शेल कंपनियों के जरिए किए गए। इसके बाद गांधी परिवार और नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े लोगों को नए समन भेजने की संभावना है। क्योंकि ईडी ने जांच में पाया कि करीब 4-5 करोड़ रुपये का ह्यसंदिग्ध लेन-देनह्ल हुआ है। केंद्रीय एजेंसी ईडी के सूत्रों ने बताया कि सोनिया और राहुल गांधी के लिए नई मुश्किलें आने वाली हैं। क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले



में अपनी जांच में कांग्रेस के स्वामित्व वाले यंग इंडियन में संदिग्ध लेनदेन पाया है। सूत्रों ने कहा कि लगभग 4-5 करोड़ रुपये का लेनदेन मुखौटा कंपनियों के माध्यम से किया गया था। सूत्रों ने कहा कि ईडी पहले ही इन मुखौटा कंपनियों के मालिकों / शेयरधारकों / निदेशकों के बयान दर्ज कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि पवन बंसल, खड़गे,सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित यंग इंडियन के सभी पदाधिकारियों को जल्द ही तलब किया जाएगा। इन संदिग्ध लेन-देन से जुड़े सबूतों को उन्हें दिखाया जाएगा। गौरतलब है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया और उनके सांसद-पुत्र राहुल गांधी यंग इंडियन के प्रवर्तकों और शेयरधारकों में शामिल हैं। राहुल की तरह सोनिया गांधी के पास भी 38 फीसदी हिस्सेदारी है। यह मामला नेशनल हेराल्ड अखबार के मालिक यंग इंडियन में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच से जुड़ा है। नेशनल हेराल्ड, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में है। समाचार पत्र कार्यालय एजेएल के नाम से पंजीकृत है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही जांच के तहत अगस्त में दिल्ली में यंग इंडियन के कार्यालय की तलाशी ली थी। छह घंटे से अधिक समय तक चली तलाशी पार्टी के वरिष्ठ नेता खड़गे की मौजूदगी में हेराल्ड हाउस की इमारत में की गई। कांग्रेस पार्टी ने संसद सत्र के ठीक बीच में खड़गे को जारी समन की भी आलोचना की थी।

## आर्थिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने किया स्वागत, सरकार से किए सवाल

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** अगड़ी जाति को 10 प्रतिशत आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कांग्रेस ने स्वागत किया और सरकार से सवाल किया है इसका लाभ जनता को कैसे मिलेगा? अहमदाबाद में गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट ने आज 10 प्रतिशत आर्थिक आरक्षण के पक्ष में फैसला दिया है। कांग्रेस हमेशा से गरीब, दलित, शोषित, वंचित और आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा में लाने की हिमायती रही है। भले ही वह संविधान की रूपरेखा हो या कांग्रेस सरकारों की नीति हो। सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है उस पर किसी प्रकार सवाल उठाए बगैर कांग्रेस स्वागत करती है। लेकिन केन्द्र में भाजपा सरकार और उसके शासन में इसका फायदा जनता को कैसे मिलेगा क्योंकि करीब 70 लाख से अधिक नौकरियां केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में खाली हैं। अगर उन पदों पर भर्ती की जाती है तो क्या उसमें 10 प्रतिशत लाभ जनता को मिलेगा या नहीं, इसका मोदी सरकार जवाब दे। आलोक शर्मा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार प्रत्येक विभाग को निजीकरण की ओर ले जा रही है। सरकारी संस्थाएं बेच रही है। एयर इंडिया बेच दी, रेलवे और सेना की जमीनें बेच रही है। सभी विभागों को मोदी सरकार अपने करीबी उद्योगपतियों को दे रही है, ऐसे में आर्थिक आरक्षण का फायदा कैसे मिलेगा? उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने योग्य फैसला किया है, लेकिन क्या भाजपा इस पर चिंतन करेगी? चार-पांच महीने पहले बड़े दावे किए गए थे कि 8 जून 2023 तक 10 लाख नौकरियां दी जाएंगी। इन 10 लाख में से अब तक कितनी नौकरियां दी गई है? भाजपा इसका जवाब दे। आज गुजरात और देश में कोन्ट्रेक्ट पद्धति से भर्ती की जाती है और उसमें किसी प्रकार का आरक्षण नहीं मिलता। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा शिक्षा का निजीकरण कर रही और नौकरी नहीं दे रही।

## राकांपा नेता और पूर्व मंत्री छगन भुजबल वायरल संक्रमित, बॉम्बे अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, (हि.स.)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री छगन भुजबल वायरल संक्रमित हो गए हैं। सोमवार को उन्हें मुंबई के बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राकांपा सूत्रों ने अस्पताल के आस पास राकांपा कार्यकताओं को इकठ्ठा न होने की अपील है। जानकारी के अनुसार छगन भुजबल पिछले तीन दिन से सांस की समस्या से जूझ रहे हैं। इसी के चलते उन्हें आज मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल भुजबल की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की एक टीम



उनका इलाज कर रही है। पिछले कुछ दिनों से छगन भुजबल विभिन्न आयोजनों में मास्क का इस्तेमाल करते नजर आए थे। प्रारंभिक जानकारी यह है कि आज तबीयत बिगड़ गई थी, इसी वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

## टिकैत का आरोप- भाजपा ने बेईमानी से जीता गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव

**इलाहाबाद (ईएमएस)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भाजपा सरकार पर गोला गोकर्णनाथ उपचुनाव बेइमानी से जीतने का आरोप लगाया है। राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा सरकार का अगला निशाना प्रेस और मीडिया की आजादी है। जब तक मीडिया अपनी जान बचा सकती है बचा ले। उन्होंने कहा है कि जब-जब भी चुनावों में बेईमानी की जाएगी तो नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। टिकैत ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश में सरकार है। इन्हीं का चुनाव आयोग है, इन्हीं की कोर्ट-कचहरी है और इन्हीं के अधिकारी भी हैं। इसलिए भाजपा लगातार चुनाव में जीत हासिल कर रही है। टिकैत ने आरोप लगाया कि पूरी प्रदेश सरकार बेईमानी से बनी है और उपचुनाव में भी बेईमानी से भाजपा ने जीत हासिल



की है। हालांकि टिकैत ने कहा है कि 2024 में भी केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी लेकिन वह भी बेईमानी से ही बनेगी। जनता भाजपा को वोट नहीं देगी। लेकिन केंद्र में अगली सरकार भी बेईमानी से ही बनेगी। वहीं यूपी में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर राकेश टिकैत ने कहा है कि निकाय चुनाव में गांव के लोग लाठी लेकर तैयार रहेंगे। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रविवार को संगम नगरी प्रयागराज के झलवा इलाके में स्थित किसान महापंचायत में शिरकत करने पहुंचे थे। किसानों के मुद्दों पर हुंकार भरने आए राकेश टिकैत का किसानों ने भव्य स्वागत किया और उन पर फूलों की वर्षा की गई. इस मौके पर किसानों के मुद्दों को लेकर राकेश टिकैत ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा।

## दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में मामूली सुधार, एक्यूआई 326

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली-एनसीआर में हवा चलने से प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार हुआ है। सोमवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 326 दर्ज किया गया। हालांकि हवा की गुणवत्ता अभी भी बेहद खराब श्रेणी में है। नोएडा (उत्तर प्रदेश ) का एक्यूआई 356 और गुरुग्राम (हरियाणा) में 364 दर्ज किया गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक अगर 0-100 के बीच होता है तो उसे अच्छा माना जाता है। 100-200 के बीच सामान्य माना जाता है यानि न अच्छा और न ही खराब। लेकिन 200-300 के बीच एक्यूआई का स्तर खराब श्रेणी में आता है और 300-400 के बीच बेहद खराब श्रेणी में। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फारकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के मुताबिक आने वाले दिनों में हवा की गुणवत्ता खराब हो सकती है। विशेषकर 8 और 9 नवंबर को हवा की गुणवत्ता एक बार फिर से खराब होने की



संभावना है। ग्रैप चार के प्रतिबंध को हटाया गयाः हवा के चलने से प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार होने के कारण रविवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) चार के तहत लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। राजधानी में अब व्यवसायिक ट्रक प्रवेश कर सकते हैं। इसके साथ डीजल से चलने वाले व्यवसायिक वाहन भी चल सकते हैं। आयोग ने ग्रैप के एक, दो और तीन चरण के प्रतिबंधों पर कोई नरमी नहीं बरती है।

# दिल्ली में तेजी से गरीबों को देंगे जहां झुग्गी वहां मकान : हरदीप पुरी

## -निगम चुनावों के लिए भाजपा ने रवाना किए प्रचार रथ

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही वो दिल्ली में गरीबों को जहां झुग्गी वहां मकान योजना के तहत तेजी से अपार्टमेंट में फ्लैट देना शुरू करेंगे। एमसीडी चुनावों को देखते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा के 30 प्रचार रथों को रवाना करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अभी तक 3 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मकान मंजूर कर चुकी है। जबकि शहरी इलाकों में 1.22 करोड़ मकान मंजूर हुए हैं। जिन शहरी इलाकों में ये योजना मंजूरी हुई है, उनमें दिल्ली के भी कई इलाके हैं। दिल्ली में गरीबों को अपार्टमेंट में फ्लैट की चाबियां खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौंपी हैं। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या ये काम पहले नहीं हो सकता था। लेकिन भाजपा से पहले जो सरकारें थी, उनकी नीतियां खराब थी। इसलिए गरीबों




को मकान-फ्लैट नहीं मिल पा रहे थे। हरदीप पुरी ने कहा कि जहां भी भाजपा की डबल इंजन सरकारें थी, वहां बहुत तेजी से काम हुआ। लेकिन दिल्ली में जो सरकार थी, उन्होंने केंद्र की योजना को लागू ही नहीं किया।

अगर वो लागू करते तो दिल्लीवालों को बड़े अस्पतालों में मुफ्त इलाज भी मिलता, साथ ही बहुत सारे अन्य फायदे भी मिलते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हमें 2047 तक एक विकसित देश बनना है। हाल ही में हम दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं और जल्द ही भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सेवा भाव से काम करती है, तभी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कोरोना के समय सभी को मुफ्त में वैक्सीन लगवाई। साथ ही कोरोना के समय जब लोगों को खाने की समस्या हुई तो केंद्र सरकार ने दिल्ली में 74 लाख लोगों को फ्री में राशन भी दिया गया, दूसरी ओर दिल्ली सरकार ने हमारी दिल्ली को गैस चैंबर बना दिया, जहां लोगों को सांस भी नहीं आ रही है। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने दिल्ली में ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरीफेरल वे बनाकर ट्रकों और बड़ी गाड़ियों को दिल्ली से बाहर से बाहर ही निकाल दिया।

## उदयपुर में 35 करोड़ की लागत से बनेगा इस्कॉन मंदिर, शिलान्यास 7 दिसम्बर को

**- देश एवं विदेश के लोगों को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रेरणा के लिए आकर्षित करेगा**

**उदयपुर, (हि.स.)।** उदयपुर-नाथद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चीरवा टनल के पास पहाड़ी पर 3.5 एकड़ भूमि में इस्कॉन मंदिर बनाया जाएगा। उदयपुर में बनने वाले इस इस्कॉन मंदिर की लागत 35 करोड़ रुपये होगी। इस्कॉन परिसर में श्रीश्री राधा गिरधारी मन्दिर के लिए शिलान्यास 7 दिसम्बर को किया जाएगा। इस्कॉन मंदिर के परियोजना निदेशक आचार्य मदन गोविन्द दास ने सोमवार को यहां प्रेस वार्ता में बताया कि उदयपुर के चीरवा स्थित मोहनपुरा गांव में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र इस्कॉन सेन्टर ऑफ वैदिक एजुकेशन एंड योगा ह्यकोवेह्ल स्थापित करने जा रहा है। मन्दिर उदयपुरवासियो के साथ ही देश एवं विदेश के लोगों को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रेरणा के लिए आकर्षित करेगा।



एकलिंगजी एवं नाथद्वारा से भी यह स्थान निकट है। यहां राजस्थान के काश्तकारों व बालकों को अपनी पारम्परिक कला तथा स्वदेशी खेती के तरीकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस मन्दिर परिसर में आश्रम, वैदिक शिक्षण संस्थान, सम्पूर्ण सुविधा युक्त सभागार, उद्यान, गोवर्धन परिक्रमा, यमुना महारानी एवं युवा छात्रावास भी बनाये जाने की योजना है। साथ ही गोविंदा शाकाहारी रेस्टोरेंट का भी निर्माण किया जाएगा और भविष्य में गुरुकुल एवं गौशाला के निर्माण की योजना है। इस परियोजना का कार्यभार संस्था ने विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं जिम्मेदार भक्तों के सुपुर्द किया है। एडवाजरी कमेटी के अध्यक्ष रवि बर्मन, उपाध्यक्ष सुतीन्द्र कुमार महाजन, राकेश माहेश्वरी, प्रदीप गुप्ता सहित कई लोग स्वेच्छा से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उदयपुर के आर्किटेक्ट सुनील लढ्ढा ने खूबसूरत वृंदावन थीम पर इस मंदिर का डिजाइन तैयार किया है। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट 4-5 वर्ष में तैयार करने का लक्ष्य है जिसकी अनुमानित लागत 30-35 करोड़ होगी। इस्कॉन उदयपुर 2015 में प्रारम्भ हुआ था। वर्तमान में इस्कॉन का केंद्र आयड़ में गंगू कुण्ड के पास है। उन्होंने बताया कि इस परिसर की बिजली और पानी की जरूरतों को इसी परिसर में पूरा किए जाने की योजना बनाई गई है। यह परिसर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वतः करेगा। सबसे महत्वपूर्ण ध्यान वैल्यू इंजीनियरिंग पर दिया जा रहा है ताकि लागत को कम किया जा सके।

## आज के युवा ही राष्ट्र एवं समाज के भावी कर्णधारः अखिलेश यादव


**धौलपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आज के छात्र ही राष्ट्र और समाज के भावी कर्णधार हैं। जीवन में लक्ष्य निर्धारण तथा कठिन परिश्रम करने से ही सफलता मिलती है, इसलिए छात्र अभी से मेहनत करें और स्कूल और देश का नाम रोशन करें। सोमवार को धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के डायमंड जुबली समारोह के रियूनियन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए यादव ने स्कूल के कैडेट्स को भारतीय सेना में शामिल होकर देश का नाम रोशन करने का आह्वान भी किया। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के पूर्व छात्र रहे अखिलेश यादव ने स्कूल के प्रथम प्राचार्य कर्नल घई की प्रतिमा का अनावरण किया। स्कूल में



अपने प्रवास के दौरान अखिलेश यादव ने पुरानी यादें ताजा की और अपने साथी रहे छात्रों से मेल मुलाकात की। यादव ने स्कूल के कक्षा 6 और अपने 1990 बैच के छात्रों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। आयोजन में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल श्याम कृष्णा टीपी सहित अन्य अतिथि, अधिकारी एवं पूर्व छात्र मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव ने धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में वर्ष 1983 में तेरह जुलाई को छठी कक्षा में दाखिला लिया था। करीब दस साल के अखिलेश को उस समय कैडेट और स्कालर नम्बर 1108 मिला था। अखिलेश धौलपुर मिलिट्री स्कूल में वर्ष 1990 में बारहवीं कक्षा तक रहे। इसके बाद वे मैसूर चले गए, जहां से उन्होंने बीटेक किया।

## लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर नई हवाई पट्टी को सैद्धांतिक मंजूरी, बजट का इंतजार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार लक्षद्वीप में मिनिकॉय द्वीप पर 2,500 मीटर लंबी हवाई पट्टी की योजना बना रही है, जहां से वायु सेना के बड़े और वाणिज्यिक विमान उड़ान भर सकेंगे। सामरिक महत्व वाली इस हवाई पट्टी से भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर नजर रखी जा सकेगी। इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है और जल्द ही बजट को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह परियोजना पिछले कई सालों से चर्चा में थी, लेकिन लक्षद्वीप प्रशासक प्रफुल खोड़ा पटेल ने इसे तेज कर दिया है। वह एक भारतीय राजनेता हैं जो वर्तमान में दादरा-नगर हवेली, दमन-दीव और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के प्रशासक हैं। रणनीतिक स्थान पर स्थित मिनिकॉय कोच्चि का निकटतम द्वीप है, जो नौसेना के लिए सबसे बड़े ठिकानों में से एक है। इसलिए यह हवाई पट्टी भारत को उस जल क्षेत्र की जांच करने में मदद करेगी, जिसका इस्तेमाल चीन के साथ-साथ पाकिस्तान भी कर रहा है। रिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है और जल्द ही बजट को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। यह परियोजना नागरिक उड्डयन और गृह



मंत्रालय, नौसेना, वायु सेना और तट रक्षक बल के सुझावों को शामिल करके तैयार की गई है, जिसके अगले पांच वर्षों में पूरा होने की संभावना है। लक्षद्वीप हवाई अड्डा श्रीनगर के समान होगा, जिसमें वाणिज्यिक विमानों की सीमित आवाजाही है और इसका स्वामित्व भारतीय वायु सेना के पास है। लक्षद्वीप हवाई अड्डे पर तटरक्षक बल के पास एक अलग हैंगर होगा, जहां वह अपने समुद्री टोही विमान हेलीकॉप्टर खड़े कर सकेगी। इससे नौसेना को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करने में आसानी होगी। इस परियोजना की व्यवहार्यता को समझने के लिए एक सलाहकार को भी नियुक्त गया है। सूत्रों ने पुष्टि की कि यहां पहले एक छोटी हवाई पट्टी रखने का विचार था, जिसे ठुकरा दिया गया था क्योंकि हितधारक चाहते थे कि इस हवाई पट्टी से सभी प्रकार के विमानों का संचालन किया जा सके। प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी ने मिनिकॉय में एक हवाई अड्डे के लाभों के बारे में बताया कि इस मार्ग में नौ और आठ डिग्री चैनल हैं, जो यूरोप सहित विभिन्न वैश्विक स्थानों के बीच शिपिंग की जीवनरेखा हैं। मिनिकॉय द्वीप पर एक हवाई अड्डा होने से तट रक्षक, वायु सेना और अन्य बलों को आवाजाही पर नजर रखने और निगरानी रखने में मदद मिलेगी। यह मालदीव के सबसे करीब है, जो स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स का हिस्सा है। 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' में मलक्का जलडमरूमध्य, श्रीलंका, पाकिस्तान, मालदीव, होर्मुज जलडमरूमध्य और सोमालिया को संदर्भित करता है। इसमें बांग्लादेश और म्यांमार को भी शामिल किया गया है। अब तक यह साफ हो चुका है कि चीन हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है, ताकि इस क्षेत्र में भारतीय पकड़ को नियंत्रित किया जा सके। मौजूदा समय में द्वीप पर जाने के लिए पर्यटकों को दिक्कत होती है, लेकिन नए हवाईअड्डे से पर्यटक परेशानी मुक्त यात्रा कर सकेंगे। यह हवाई पट्टी पाकिस्तान की मदद से समुद्री मार्गों पर चीन के प्रभुत्व के सपने को धराशायी कर देगी, जो लगातार ड्रग्स, हथियारों आदि के अवैध व्यापार में लिप्त है।

## राष्ट्रपति ने 51 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2021 प्रदान किए

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 51 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2021 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा कि सभी नर्सों को उनके अनुकरणीय कार्य और निस्वार्थ सेवा के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2021 प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सभी स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के निःस्वार्थ योगदान के साथ-साथ राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण कार्यक्रम को गति देने में उनकी कड़ी मेहनत का उदाहरण दिया।

उन्होंने कहा कि महामारी ने दुनिया को हमारी नर्सों की ओवरटाइम काम करने, परिवारों से दूर रहने और अत्यधिक मांग वाली परिस्थितियों में सेवा करने की दुर्जेय भावना दिखाई है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में नर्सों का योगदान अनुकरणीय रहा है। ये पुरस्कार विजेता देश में युवा नर्सों और दाइयों को साथी नागरिकों की बेहतरी के लिए प्रतिबद्धता और करुणा के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेंगे। पूरी नर्सिंग बिरादरी को मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनयी है कि राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारों की स्थापना वर्ष 1973 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समाज में नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा प्रदान की गई मेधावी सेवाओं के लिए मान्यता के रूप में की गई थी।

# डाक विभाग ने देव दीपावली, काशी विश्वनाथ धाम और गंगा आरती पर जारी किए तीन विशेष आवरण

**नव्य-भव्य 'श्री काशी विश्वनाथ धाम' के साथ 'देव दीपावली' और 'गंगा आरती' विभाग के विशेष आवरण पर छाये**

**वाराणसी की देव दीपावली लोकल से ग्लोबल हो चुकी है – कौशलेंद्र कुमार सिन्हा**




**वाराणसी, (हि.स.)।** श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद आयोजित पहली देव दीपावली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने पहल की है। विभाग ने सोमवार को देव दीपावली, श्री काशी विश्वनाथ धाम और गंगा आरती पर तीन विशेष आवरण व विरूपण जारी किये। वाराणसी प्रधान डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल कौशलेंद्र कुमार सिन्हा ने वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्रीकृष्ण कुमार यादव के साथ इसे जारी किया। इस अवसर पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि वाराणसी की देव दीपावली लोकल से ग्लोबल हो चुकी है, वहीं श्री काशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरुप ने सभी को आकर्षित किया है। गंगा घाटों पर होने वाली गंगा आरती की शोभा देखते ही बनती है। इन सभी पर विशेष आवरण व विशेष विरूपण जारी होना सभी श्रद्धालुओं व काशीवासियों के लिए गर्व का पल है। इससे वाराणसी की संस्कृति, परंपरा और धरोहर का और भी तेजी से देश-विदेश में प्रचार-प्रसार होगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में जानकारी हासिल हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग डाक टिकटों और विभिन्न विशेष आवरण के माध्यम से देश-प्रदेश से जुड़े विभिन्न आयामों को दुनिया भर में प्रसारित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद, जीआई उत्पाद, आजादी का अमृत महोत्सव, हर घर तिरंगा, श्री राम वन गमन पथ, बौद्ध परिपथ और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अनसंग नायकों और नायिकाओं पर जारी विभिन्न विशेष आवरणों के माध्यम से युवा पीढ़ी को भी उनकी विरासत से जोड़ा गया है। डाक टिकटों और पत्र लेखन से युवाओं को जोड़ने के लिए माई स्टैम्प, फिलेटली डिपॉजिट एकाउंट, ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता, स्टाम्प डिजाइनिंग और दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना जैसी तमाम अभिनव पहल की गई हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्रीकृष्ण कुमार यादव ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम का महात्म्य, देव दीपावली और गंगा घाट पर होने वाली आरती की परंपरा इतिहास के विविध कालों से जुड़ी हुई है।

देव दीपावली सिर्फ उत्सव भर नहीं है, बल्कि प्रकृति के सान्निध्य में दीपों के प्रज्वलन के साथ-साथ यह स्वयं को भी आलोकित करने का पर्व है। ऐसे में देव दीपावली के दिन जारी ये विशेष आवरण काशी की उत्सवी परंपरा, आध्यात्मिक संस्कृति, देवी-देवताओं व आराध्य के प्रति समर्पण की खूबसूरत भावना को पूरे विश्व में आलोकित करेंगे। श्री यादव ने बताया कि जारी विशेष आवरण में देव दीपावली, गंगा आरती और भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम की मनोहारी छवियाँ द्दष्टव्य है और आवरण के पृष्ठ भाग में इनके बारे में हिंदी व अँग्रेजी में जानकारियां मुद्रित हैं। इन विशेष आवरणों को विशेश्वरगंज स्थित स्थित वाराणसी प्रधान डाकघर से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रवर डाक अधीक्षक राजन, डाक अधीक्षक पी.सी. तिवारी, सीनियर पोस्टमास्टर सी.एस. बरुवा, सहायक निदेश-ाक ब्रजेश शर्मा, सहायक डाक अधीक्षक सुरेंद्र चौधरी,अजय कुमार, दिलीप यादव, डाक निरीक्षक श्रीकांत पाल, रमेश यादव, सर्वेश सिंह, वीएन द्विवेदी, श्रीप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र यादव आदि भी मौजूद रहे।

# मैनपुरी और रामपुर सीट पर भाजपा से जीतना सपा को कड़ी चुनौती: मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) को करारी हार मिली है। भाजपा जीती है। इस पर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि चुनाव में मिली हार के लिए सपा अब कौन सा नया बहाना बनाएगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को अपने ट्वीट में कहा कि उत्तर प्रदेश के खीरी गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत से ज्यादा सपा 34,298 वोटों से करारी हार के लिए काफी चर्चाओं में हैं। बसपा जब अधिकांश उपचुनाव नहीं है और यहां भी चुनाव मैदान में नहीं थी, तो अब सपा अपनी इस हार के लिए कौन सा बहाना बनाएगी। अपने दूसरे ट्वीट में कहा कि अब अगले महीने मैनपुरी लोकसभा व रामपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव में आजमगढ़ की तरह ही सपा के सामने अपनी इन पुरानी सीटों को बचाने की चुनौती है। देखना होगा कि क्या सपा ये सीटें भाजपा को हराकर पुनः जीत पाएगी या फिर भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है, यह पुनः साबित होगा।

# बुद्धस्थली से नौ नवम्बर को शुरू होगी "नफरत छोड़ो, संविधान बचाओ" पद यात्रा



**कुशीनगर, (हि.स.)।** जिले में 09 नवम्बर से "नफरत छोड़ो, संविधान बचाओ पदयात्रा" शुरू होगी। इस यात्रा में सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता मेघा पाटेकर, पूर्व नेता विपक्ष रामगोविंद चौधरी,श्याम रजक पूर्व मंत्री बिहार शामिल होंगे। यात्रा का समापन 14 नवम्बर को संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर में होगा। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे अरुण श्रीवास्तव व स्थानीय आयोजक पूर्व मंत्री ब्रह्म-ाशंकर त्रिपाठी ने सोमवार को संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। बताया कि यात्रा के दौरान दोपहर में अधिवक्ताओं के साथ वार्ता होगी। एक बजे गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व सभा होगी। शाम 05 बजे हेतिमपुर बाजार में जनसभा होगी। दूसरे दिन यात्रा का पड़ाव हाटा तहसील में होगा। जहां कई कार्यक्रम आयोजित हैं। इसी तरह गोरखपुर व संत कबीरनगर जिला में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि देश कट्टरता व भय का माहौल बनता जा रहा है। कट्टरता केवल धर्म की नहीं बल्कि जातिगत भी बढ़ती जा रही है। जिससे देश टूटन की कगार पर बढ़ रहा है। राजनीतिक दल दिशा भटक गए हैं। अपने दायित्वों का पालन नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति ठीक नहीं हैं। देश के प्रत्येक जिलों में यह यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा दिलों को जोड़ने के साथ-साथ नफरत, कट्टरता व भय के माहौल को समाप्त करने में कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल, जनान्दोलनका-री,सामाजिक कार्यकर्ता, नेता, व्यक्ति इस पुनीत कार्य में हमारे साथ आये या अलग से इस उद्देश्य को लेकर अलग से भी कार्यक्रम बनाते हैं। ऐसे सभी लोगों को हमारा समर्थन रहेगा।

इस दौरान यात्रा संयोजक डॉ. चितरंजन मिश्र, सह संयोजक अरुण ब्रह्मचारी, शैलेन्द्र सिंह,परशुराम सिंह पटेल, सुभाष पाठक, बैजनाथ मिश्रा, रामनगीना प्रसाद, रामकृपाल राव, वशिष्ठ दुबे आदि पदयात्री मौजूद रहे।

# किसानों के पुआल में लगी आग, लाखों का नुकसान



**हाथरस, (हि.स.)।** कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र में रविवार की देर रात करीब छह से अधिक किसानों के भूसे और पुआल में आग लग गई। जिससे किसानों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव पवलोई से लेकर भगराया तक रविवार देर रात अज्ञात कारणों से कई किसानों के भूसे और पुआल में आग लग गई। मामले की जानकारी तब हुई जब सुबह कुछ ग्रामीण खेतों की तरह टहलने के लिए जा रहे थे। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने क-ड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग से किसानों का लाखों रुपये की कीमत का भूसा और पुआल जलकर राख हो चुका था।

# डेंगू को लेकर जिला अस्पताल में आरक्षित किए गए मच्छरदानी युक्त 30 बेड



**सुलतानपुर, (हि.स.)।** जिला अस्पताल में डेंगू को लेकर व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की गई है। सीएमएस डॉक्टर एससी कौशिक ने सोमवार को बताया कि डेंगू के मरीजों के लिए मच्छरदानी युक्त 30 बेड आरक्षित किया गया है। जरूरत पड़ने पर और भी बेड की व्यवस्था की जाएगी। प्लेटलेट्स लगातार ब्लड बैंक में तैयार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सोमवार को कहा कि पिछले दो महीने से वायरल फीवर के मरीजों में इजाफा हो रहा है। साथ में टायफाइड और डेंगू के मरीज भी बढ़ रहे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग बेहद संजीदा है। उन्होंने कहा कि खाने-पीने पर ध्यान रखें। पानी अधिक पीना है। किसी तरह से डीहाईड्रेशन पैदा न होने पाए। डेंगू के मरीज लगातार प्लेटलेट्स काउंट कराते रहे। वहीं, सीएमएस ने कहा कि शुरूआती दौर में बुखार की दवा के अलावा किसी अन्य दवा की आवश्कता नहीं है। ये वायरल बीमारी है। इसमें कोई एंटीबायटिक की आवशयकता नहीं पड़ती है। हमारा ब्लड बैंक क्रियाशील है । लगातार प्लेटलेट्स बना रहा है। रोज लगभग 80 से 90 यूनिट जिला चिकित्सालय और बाहर के मरीजों को प्रोवाइड करा रहे हैं।

# पूर्व मुख्य सचिव दीपक सिंघल को आयकर का नोटिस

**लखनऊ, (हि.स.)।** आयकर विभाग की टीम उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दीपक सिंघल से पूछताछ करेगी। इसके लिए उन्हें आयकर की ओर से नोटिस देने की खबर है। एक सप्ताह के भीतर ही उनसे पूछताछ कर सकती है। दीपक सिंघल 1982 बैच के आईएस अधिकारी रह चुके है। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश में पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार में वे मुख्य सचिव थे। सूत्रों की मानें तो बीते दिनों ऑपरेशन बाबू साहब की छापेमारी के दौरान कई कारोबारियों से पूछताछ हुई। कोलकता के एक कारोबारी ने दीपक सिंघल का नाम ट्रांसफर-पोस्टिंग और धांधली में लिया है। सूत्रों की मानें तो पूर्व मुख्य सचिव दीपक सिंघल और उनके दामाद के खिलाफ दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में करीब ढाई करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और साजिश करने के आरोप में वर्ष 2020 में एक केस दर्ज हुआ था।

# ईडी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को भेजा समन





**रांची, (हि.स.)।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध पत्थर खनन मामले में समन जारी किया है। यतींद्र कुमार दास जेएसपीसीबी के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें ईडी ने तलब किया है। बताया जा रहा है कि साहिबगंज जिले में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने के नाम पर 69 स्टोन क्रेशर इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ की जायेगी। इन इकाइयों के संचालन की सहमति (सीटीओ) वापस ले ली गई और बाद में जेएसपीसीबी ने 23 स्टोन क्रेशर इकाइयों के सीटीओ को बहाल कर दिया। आरोप है कि पंकज मिश्रा ने जेएसपीसीबी पर दबाव डाला कि खनन संबंधी गतिविधियों के लिए केवल उन्हीं लोगों को सहमति दी जाये जो पंकज मिश्रा और सिंडिकेट के करीबी हैं। व्यापक रूप से आरोप लगाया गया है कि जेएसपीसीबी की कार्रवाई का उद्देश्य संथाल परगना की खनन लॉबी के हितों को पूरा करना था, जो कथित तौर पर पंकज मिश्रा द्वारा नियंत्रित है। उल्लेखनीय है कि यह मामला विधानसभा के बजट सत्र के दौरान निर्दलीय विधायक सरयू राय ने उठाया था। इसका बचाव करते हुए हेमंत सोरेन सरकार ने कहा था कि यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के मद्देनजर किया गया था।

# ईडी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को भेजा समन

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध पत्थर खनन मामले में समन जारी किया है। यतींद्र कुमार दास जेएसपीसीबी के पहले वरिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें ईडी ने तलब किया है। बताया जा रहा है कि साहिबगंज जिले में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने के नाम पर 69 स्टोन क्रेशर इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उनसे पूछताछ की जायेगी। इन इकाइयों के संचालन की सहमति (सीटीओ) वापस ले ली गई और बाद में जेएसपीसीबी ने 23 स्टोन क्रेशर इकाइयों के सीटीओ को बहाल कर दिया। आरोप है कि पंकज मिश्रा ने जेएसपीसीबी पर दबाव डाला कि खनन संबंधी गतिविधियों के लिए केवल उन्हीं लोगों को सहमति दी जाये जो पंकज मिश्रा और सिंडि-केट के करीबी हैं। व्यापक रूप से आरोप लगाया गया है कि जेएसपीसीबी की कार्रवाई का उद्देश्य संथाल परगना की खनन लॉबी के हितों को पूरा करना था, जो कथित तौर पर पंकज मिश्रा द्वारा नियंत्रित है। उल्लेखनीय है कि यह मामला विधानसभा के बजट सत्र के दौरान निर्दलीय विधायक सरयू राय ने उठाया था। इसका बचाव करते हुए हेमंत सोरेन सरकार ने कहा था कि यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के मद्देनजर किया गया था।

# मुख्यमंत्री के वकील ने निर्वाचन आयोग को फिर लिखा पत्र




**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता वैभव तोमर ने भारत निर्वाचन आयोग को फिर से लेटर लिखा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक केस 3(जी)/2022 मामले में 31 अक्टूबर 2022 को फिर से पत्र भेजकर राज्यपाल, झारखंड द्वारा आयोग से मांगे गए दूसरे मंतव्य के पत्र की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वकील ने पत्र में झारखंड के राज्यपाल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को 27 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के रायपुर में दिए बयान जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से उपरोक्त मामले में दोबारा मंतव्य मांगा है, इस आधार पर जानकारी की मांग की है। वकील ने पत्र में यह भी लिखा है कि उनके मुवक्किल को निर्वाचन आयोग से इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। साथ ही लिखा गया है कि भारत के संविधान के तहत गठित निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्थान है। उनके मुवक्किल की बात को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से सुने बिना राज्यपाल द्वारा आयोग से मांगे गए दूसरे मंतव्य पर राय नहीं दी जाए। यह जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को दी।

# मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में 75 लोगों की सुनी फरियाद, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पटना, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता दरबार में 75 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। मधेपुरा जिले से आए एक फरियादी ने कहा कि उसकी कुछ जमीन उसके पड़ोसी ने कब्जा कर लिया है और उस पर उसे कृषि कार्य नहीं करने दे रहे हैं। उसके पक्ष में फैसला आने के बाद भी उसको मानने से वे लोग इंकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मधेपुरा जिला से आये एक अन्य फरियादी ने कहा कि उसके पिता को ग्राम पंचायत के न्याय मित्र ने घर पर चाय पिलाने के बहाने बुलाकर पीट पीटकर हत्या कर दी। थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी दबंग अपराधी गिरफ्तार नहीं हो सका है और उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अररिया जिला से आए एक युवक ने कहा कि उसके पुश्तैनी जमीन को दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से भी की गयी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अररिया जिला से आए एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि उसके पिता के नाम पर जो जमीन है, उस पर गांव के एक दबंग ने जबरदस्ती मकान बना लिया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वैशाली जिला से आयी एक महिला ने कहा कि उसकी डॉक्टर बेटी की हत्या हो गई है। हत्या के एक साल गुजर जाने के बाद भी मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, बल्कि उसे ही आरोपित धमका रहा है और केस करके फंसाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वैशाली से आए एक अन्य फरियादी ने कहा कि रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिये उसकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है लेकिन अब तक सरकारी मुअ-ावजा नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित का-र्रवाई करने का निर्देश दिया। मुंगेर जिला से आए एक फरियादी ने कहा कि उसकी बहन की हत्या कर दी गई है। मामले में तीन आ-रोपित फरार है, जिन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भागलपुर जिले से आयी एक महिला ने कहा कि उसकी निजी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया । भागलपुर जिला से आयी एक अन्य महिला फरियादी ने कहा कि उसकी बेटी की दहेज के कारण हत्या कर दी गई।

# उर्वरक विक्रेताओं का पन्द्रह दिवसीय अंतरजिला प्रशिक्षण शुरू

**नवादा, (हि .स.)।** नवादा जिले के कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में सोमवार को खाद व उर्वरक विक्रेताओं के लिए 15 दिवसीय अंतरजिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ० धनन्जय कुमार,डॉ० जयवंत कुमार सिंह,रौशन कुमार,अनुज्ञा भारती,डॉ शशांक शेखर सिंह आदि ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य उर्वरक विक्रेताओं या उर्वरक अनुज्ञप्ति/लाइसेंस के लिए इच्छुक युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की जानकारी देना है। वैज्ञानिकों ने कहा कि वर्तमान में कई प्रकार के नए उर्वरकों का उत्पादन देश में किया जा रहा है। जिसमें जैविक एवं रासायनिक दोनों प्रकार के खाद हैं। जिसके उपयोग की जानकारी एवं उसमें पोषक तत्व की जानकारी किसानों को बहुत कम है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नए उर्वरकों की जानकारी के साथ-साथ समेकित पोषक तत्व एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिभागियों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक के पहचान, फसलवार उर्वरकों की मात्रा, मिट्टी में पोषक तत्व की कमी के लक्षण, मृदा जांच के लिए मिट्टी नमूना लेने की विधि आदि की भी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बदलते समय के अनुसार उ-र्वरक बेचने वाले को ट्रेंड होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसान अब फसल उत्पादन के लिए तकनीक व खाद का उपयोग करने लगे है। इसलिए खाद विक्रेता को प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है।

# विगत 48 वर्षों में अधिक सशक्त हुई है एनटीपीसी : अरिंदम सिन्हा



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में सोमवार को एनटीपीसी लिमिटेड के 48वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अरिंदम सिन्हा मुख्य महाप्रबंधक (कहलगांव) ने प्रश-ासनिक भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी की स्थापना 07 नवम्बर 1975 को राष्ट्र को निर्बाध और सुनिश्चित बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी। आज एनटीपीसी विगत 48 वर्षों में अधिक सशक्त हुई है तथा यह विद्युत क्षेत्र में वैश्विक रूप से बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति के साथ खुद को प्रमुख विद्युत कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जो टीम एनटीपीसी के सदस्यों की प्रतिबद्धता, समर्पण, सक्षमता और सृजनात्मकता के कारण ही संभव हो पाया है। व्यावसायिक मोर्चे पर, वित्तीय वर्ष 2021-22 एनटीपीसी के लिए एक और परिवर्तनकारी वर्ष था। हमने अपनी उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण- हितैसी अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण पहल की है, जो भविष्य में निरंतर सफलता सुनिश्चित करेगी। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद, एनटीपीसी के विकास की गति काफी तेजी से आगे बढ़ रही है जो मुझे आपको आश्वस्त करने में सक्षम बनाती है कि वैश्विक और राष्ट्रीय व्यापार क्षितिज पर उभरने वाले मुद्दों के बावजूद कंपनी बढ़ती रहेगी और समृद्ध होगी। श्री सिन्हा ने बताया कि आज एनटीपीसी लिमिटेड की कुल संस्थापित क्षमता संयुक्त उद्यम सहित 70,254 मेगावॉट के साथ विश्व की सबसे बड़ी और सर्वोत्तम विद्युत उत्पादक कंपनी बनने की ओर अग्रसर है। कंपनी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावॉट की स्थापित विद्युत क्षमता उत्पादन करने का लक्ष्य स्थापित किया है। एनटीपीसी ध्वजारोहण के साथ ही सभी एनटीपीसी कर्मियों ने नैगमिक गीत अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनकर हम छाये सुस्वर गाया। इसके पूर्व प्रातःकाल आवासीय परिसर में बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मियों, महिलाएं एवं बच्चों ने अपने संस्थान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए प्रभात फेरी में बढ़. चढ़ कर हिस्सा लिया एवं एनटीपीसी लिमिटेड को भारत की शक्ति बनाने के लिए संकल्प लिया। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर दीप्तिनगर स्थित स-ार्वजनिक भवन, द्वार एवं प्लांट परिसर को पुष्प एवं रंगीन बल्बों से सजाया गया है।

## सम्पादकीय

# उत्तर भारत की चिंता करें, सभी को है साफ हवा में सांस लेने अधिकार

**पंजाब** में पराली जलते रहने के कारण दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रेप के चौथे चरण को लागू करना पड़ा। ऐसा इसलिए करना पड़ा, क्योंकि ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां नाकाम सिद्ध हुईं। ग्रेप के चौथे चरण को लागू करने की घोषणा के साथ ही दिल्ली के साथ पड़ोसी शहर नोएडा में भी कई पाबंदियां लगाई गई हैं, लेकिन प्रदूषण की मार केवल दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। उत्तर भारत के कई इलाके ऐसे हैं, जहां हवा की गुणवत्ता खराब या बहुत खराब है। कुछ क्षेत्रों में तो वायु की गुणवत्ता दिल्ली से भी खराब है, जैसे कि चरखी-दादरी। इसी तरह भोपाल, कटिहार तक में भी वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है।

वास्तव में उत्तर भारत के जिन शहरों में हवा की गुणवत्ता का स्तर लोगों की सेहत के लिए ठीक नहीं, उनकी गिनती करना कठिन है, लेकिन चिंता जताई जा रही है केवल दिल्ली-एनसीआर के विषाक्त वायुमंडल की। इससे उत्साहित नहीं हुआ जा सकता कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्थिति तक पहुंच जाने के बाद केंद्र सरकार भी सक्रियता दिखा रही है और



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी, क्योंकि इसकी परवाह नहीं की जा रही है कि उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र का वायुमंडल जहरीला हो रहा है।

यदि केंद्र सरकार अथवा सुप्रीम कोर्ट केवल दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को कम करने के उपायों पर जोर देते हैं तो इसका कोई औचित्य नहीं होगा। उन्हें समूचे उत्तर भारत के पर्यावरण की चिंता करनी होगी, क्योंकि साफ हवा में सांस लेने का जैसा अधिकार दिल्ली-एनसीआर के लोगों को है, वैसा ही देश के अन्य हिस्से के लोगों को भी। वैसे इसके आसार कम ही हैं कि प्रदूषण को कम करने के लिए आनन-फानन ठोस उपाय हो सकेंगे, क्योंकि दिल्ली और केंद्र सरकार के साथ अन्य सब यह जान रहे थे कि यदि पंजाब में पराली जलना बंद नहीं हुई तो उत्तर भारत का दम घुटेगा। इसके बाद भी समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

रही-सही कसर पंजाब सरकार के ढुलमुल रवैये ने पूरी कर दी। उसने इसके लिए कोई प्रयास नहीं किए कि किसान पराली न जलाएं। समझना कठिन है कि यदि हरियाणा सरकार पराली दहन पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफल रही तो पंजाब सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकी? अच्छा हो कि केंद्र सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट यह देखे कि पंजाब सरकार क्यों नाकाम हुई? इसी के साथ उन्हें दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर भारत के पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी, क्योंकि दिल्ली ही देश नहीं है। यह प्रतीति नहीं होनी चाहिए कि देश के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करने में भेद किया जा रहा है।

## सुविचार

कुछ लोग ठोकर खाकर बिखर जाते हैं, कुछ लोग ठोकर खाकर इतिहास बनाते हैं।

**पाकिस्तान अब एक भारी राजनीतिक संकट में फंस गया है। पीटीआइ का सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा और उनके समर्थक जनरलों के साथ ही पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार से तकरार चरम पर पहुंच गई है। देश अब ज्यादा गहरी अनिश्चितता में घिर गया है। पीटीआइ समर्थकों ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यहां तक कि उन्होंने पेशावर में सेना कार्प कमांडर के आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया, जो खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के सबसे वरिष्ठ जनरल हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है।**

# अनिश्चितता की चपेट में पाकिस्तान, इमरान खान पर हमले के बाद अधर में लटका देश का भविष्य

**पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को वजीराबाद में हमला हो गया। हमले के समय इमरान उस कंटेनर में थे, जो इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे उनके लांग मार्च के काफिले का हिस्सा है। इमरान के हजारों समर्थक भी उनके साथ चल रहे हैं। गोली उनके पैर में लगी थी। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पीटीआइ के कुछ और नेता भी घायल हुए हैं। एक कथित हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीटीआइ महासचिव असद उमर के अनुसार इमरान ने हमले के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर को जिम्मेदार बताया है, जिनके बारे में उनका मानना है कि इमरान की हत्या के लिए आइएसआइ से उनकी मिलीभगत है।

पाकिस्तान अब एक भारी राजनीतिक संकट में फंस गया है। पीटीआइ का सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा और उनके समर्थक जनरलों के साथ ही पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार से तकरार चरम पर पहुंच गई है। देश अब ज्यादा गहरी अनिश्चितता में घिर गया है। पीटीआइ समर्थकों ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यहां तक कि उन्होंने पेशावर में सेना कार्प कमांडर के आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया, जो खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के सबसे वरिष्ठ जनरल हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है।



अब बड़ा सवाल यही है कि बाजवा और पाकिस्तान सरकार इस संकट से कैसे निपटते हैं। इमरान जल्द चुनाव की मांग पर अड़े हुए हैं। उनका लक्ष्य चुनाव जीतना है और वर्तमान परिस्थितियों में उनकी जीत के आसार दिखते भी हैं। उनकी लोकप्रियता बढ़ी है और हमले के बाद उन्हें सहानुभूति का सहारा भी मिलेगा। इमरान बाजवा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति की भी मांग कर रहे हैं। बाजवा ने कुछ दिन पहले ही दोहराया था कि 29 नवंबर को अपने कार्यकाल समाप्ति के बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

सरकार और बाजवा इमरान की मांगों को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। यदि ऐसा होता है तो बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन शुरू हो सकते हैं। ऐसे प्रदर्शनों से न केवल राजनीतिक दलों में एक दूसरे के विरुद्ध तलवारें खिंचेंगी, बल्कि सेना की दुविधा भी बढ़ेगी, जो खुले तौर पर कोई राजनीतिक रुख लेने से बचना चाहेगी। बाजवा के नेतृत्व में सेना खुद के 'अराजनीतिक' होने का दावा करती आई है। अगर व्यापक हिंसा भड़कती है तो हालात संभालने के लिए सरकार को सेना बुलानी पड़ेगी। कुछ इलाकों में स्थिति काबू से बाहर हुई तो मार्शल ला के आसार भी नकारे नहीं जा सकते। न तो सरकार और न ही सेना चाहेगी कि स्थिति उस स्तर तक बिगड़ जाए।

28 अक्टूबर को जब इमरान खान ने लाहौर से लांग मार्च शुरू किया था तो पाकिस्तान में एक अप्रत्याशित प्रेस कांफ्रेंस हुई। इसे पाकिस्तानी सेना की जनसंपर्क इकाई आइएसपीआर के महानिदेशक बाबर इफ्तिखार और आइएसआइ के मुखिया नदीम अंजुम ने आयोजित किया। अंजुम ने कहा कि वह इसलिए मीडिया में आए, क्योंकि पाकिस्तान के मशहूर पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या के मामले में परोक्ष रूप से उनकी एजेंसी का नाम लिया जा रहा है। अंजुम ने संकेत दिए कि इमरान ने सेना प्रमुख को कार्यकाल विस्तार देने की बात कही थी, यदि वह उन्हें विपक्षी दलों के खिलाफ मदद पहुंचाते। बाजवा ने यह कहते हुए इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया कि सेना राजनीति नहीं करेगी। ऐसे आरोपों ने सेना और इमरान के बीच कड़वाहट और बढ़ा दी।

इस समय यह सवाल उभर रहा है कि इमरान पर हमले के बाद उथलपुथल की स्थिति में क्या प्रधानमंत्री सेना प्रमुख बाजवा से कुछ समय और पद पर बने रहने के लिए कहेंगे? जो भी हो, यह तय है कि शीर्ष जनरल मौजूदा राजनीतिक हालात पर अपने बीच भी परामर्श करेंगे। वे सुनिश्चित करना चाहेंगे कि लोगों का सेना से विश्वास न उठे। सैन्य नेतृत्व इस कारण असहज स्थिति में है, क्योंकि खान ने केवल नेताओं पर ही नहीं, बल्कि मेजर-जनरल रैंक के एक महत्वपूर्ण अधिकारी पर भी आरोप लगाए हैं। ऐसी स्थिति में बाजवा के कुछ समय और पद पर बने रहने की संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा सकता। वह और उनके समर्थक जनरल कतई नहीं चाहेंगे कि अगले सैन्य प्रमुख की नियुक्ति में इमरान की कोई भूमिका हो। चुनावों को टालकर ही इसे रोका जा सकता है। वहीं शहबाज भी सेना प्रमुख की नियुक्ति का विशेषाधिकार नहीं छोड़ना चाहेंगे।

किसी भी पाकिस्तानी सेना प्रमुख के के दो ही एजेंडे होते हैं। सेना के हितों की रक्षा और दूसरा अपने आतंकियों के साथ ही पाकिस्तान के उस नजरिये को संरक्षित रखना, जिसकी जड़ें द्विराष्ट्र सिद्धांत से जुड़ी हैं। सेना भले दावा करे कि वह स्वयं को संवैधानिक भूमिका में ही सीमित रखेगी, पर वह अपनी राजनीतिक पकड़ नहीं छोड़ना चाहेगी। वह रणनीतिक और सुरक्षा नीतियों पर नेताओं को अंतिम निर्णय करने की गुंजाइश नहीं देगी।

पाकिस्तान के लिए यह बड़ी विकट स्थिति है, क्योंकि इस राजनीतिक संकट ने तब दस्तक दी है, जब उसकी अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही है। आइएमएफ और अन्य दाताओं की मदद से तात्कालिक स्थिति संभली है, मगर शरीफ सरकार को इस मदद की बड़ी राजनीतिक कीमत अदा करनी पड़ रही है, क्योंकि उसे बिजली और पेट्रोलियम उत्पादों की दरें बढ़ानी पड़ी हैं। इसमें इमरान को राजनीतिक लाभ की स्थिति दिख रही है, जिसका स्वाद उन्होंने उपचुनाव में जीत से चख भी लिया है।

लोगों ने बढ़ी हुई कीमतों के लिए मौजूदा सरकार को दोष देना शुरू कर दिया है, जबकि ऐसे हालात इमरान की ही कुछ नीतियों के कारण बने थे। खुद पर हमले के बावजूद इमरान भलीभांति जानते हैं कि यदि उनका राजनीतिक अभियान निस्तेज हुआ और वह सरकार को जल्द चुनाव के लिए मजबूर नहीं कर पाए तो पीडीएम को अपनी गंवाई जमीन हासिल करने का समय मिल जाएगा। इमरान ऐसा नहीं चाहेंगे। ऐसे में अगले कुछ दिन अस्थिर रहने वाले हैं और पाकिस्तान का भविष्य कुछ अधर में लटका दिखाई देता है।

## मार्ग-दर्शन

# पुत्र की राष्ट्रभक्ति के आगे नतमस्तक पिता

**सुभाषचंद्र** बोस बचपन से ही अत्यंत मेधावी थे। उनके वकील पिता की हार्दिक इच्छा थी कि वे एक आईसीएस अधिकारी बनें। पिता की इच्छा को पूर्ण करने के लिए सुभाष इंग्लैंड गए और आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन उनका मन अंग्रेजों की गुलामी का विरोधी था। उनके भीतर राष्ट्रसेवा की प्रबल भावना थी। एक ओर आईसीएस का उच्च गौरवपूर्ण पद तथा दूसरी ओर सेवा का कठिन त्यागमय पथ। उनके मन में अंतर्द्वंद्व चल रहा था। अंततः सेवा का भाव जीत गया और उन्होंने निर्णय लिया कि आईसीएस की नौकरी नहीं करेंगे। उन्होंने अपना त्यागपत्र भारत मंत्री मांटेग्यू को सौंप दिया। भारतीय कार्यालय में उनके पिता के मित्र सर विलियम ड्यूक ने उनका इस्तीफा अपने पास रखकर उनके पिता को यह सूचना भेजी। पिता ने उत्तर भेजा - 'मैं अपने पुत्र के इस कार्य को गौरव की दृष्टि से देखता हूं। मैंने उसकी इस शर्त को मंजूर करके ही उसे विलायत भेजा था।' विलियम ड्यूक इस उत्तर से हैरान हो गए। उन्होंने सुभाष से पूछा - 'नौजवान! तुम अपने भोजन का क्या प्रबंध करोगे?' सुभाष ने कहा - 'मैंने बचपन से दो आने रोज में गुजारा करने की आदत डाली है और दो आने मैं पैदा कर लूंगा।' सर विलियम अवाक होकर सुभाष का मुंह देखने लगे। सुभाषचंद्र को उनके पिता ने पत्र लिखा - 'तुमने देशसेवा का संकल्प ले लिया है, ईश्वर तुम्हें सफलता प्रदान करे।' सुभाष ने प्रत्युत्तर में लिखा - 'पिताजी! आज मुझे आप पर जितना गर्व हो रहा है, इससे पहले कभी नहीं हुआ।' सार यह है कि राष्ट्रसेवा का जज्बा रखने वाले हर अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति में इसे निभाते हैं और परिवार का सहयोग व समर्थन इस जज्बे को शत-प्रतिशत योगदान में बदल देता है।

## नजरिया

# भ्रष्टाचार पर अंकुश, समय पर आरोपियों की सजा सुनिश्चित करना भी आवश्यक

**केंद्रीय** सतर्कता आयोग के एक आयोजन में प्रधानमंत्री ने यह जो कहा कि निहित स्वार्थों वाले लोग भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाली संस्थाओं एवं एजेंसियों के काम में बाधा डालने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करते रहेंगे, उससे भ्रष्ट तत्वों के दुस्साहस का ही पता चलता है। इससे यह भी पता चलता है कि अभी वैसी स्थितियां बनी हुई हैं, जिसमें भ्रष्टाचारी सरकारी एजेंसियों को बदनाम करने में सक्षम हो जाते हैं। इन स्थितियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि आदर्श स्थिति यही है कि भ्रष्ट तत्व भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों से भयभीत दिखें।

यह ठीक है कि प्रधानमंत्री ने इन एजेंसियों को अपना पूरा समर्थन देने और खुलकर काम करने का संदेश दिया, लेकिन ऐसा कोई संदेश भ्रष्ट तत्वों के बीच भी जाना चाहिए कि उन्हें उनके किए की सजा मिलकर रहेगी और वे बच नहीं सकेंगे। इसी के साथ यह भी देखा जाना चाहिए कि सरकारी एजेंसियां अनियंत्रित न होने पाएं और वे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के नाम पर लोगों का उत्पीड़न न करने लगें।

भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों को सक्षम बनाने के साथ यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े गए लोगों को समय रहते सही सजा मिले। आम तौर पर अभी ऐसा नहीं होता। ऐसे लोगों के मामले लंबे समय तक खिंचते रहते हैं। इससे समाज को कोई सही संदेश नहीं जाता।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि विभिन्न एजेंसियां भ्रष्टाचार में लिप्त तत्वों के यहां छापेमारी करती रहती हैं, क्योंकि इसके बाद भी ऐसे कोई प्रमाण नहीं दिख रहे हैं कि भ्रष्टाचार पर कोई निर्णायक लगाम लगती दिख रही हो। यह ठीक है कि केंद्र सरकार के उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर एक हद तक लगाम लगी है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि उसके लिए कहीं कोई गुंजाइश नहीं रह गई है।

इसी तरह यह भी नहीं कहा जा सकता कि निचले स्तर के भ्रष्टाचार में कोई बड़ी कमी आई है। सच यह है कि निचले स्तर पर भ्रष्टाचार बेरोक-टोक जारी है। जैसे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, वैसे ही रोजमर्रा के उस भ्रष्टाचार पर भी, जिससे आम लोग दो-चार होते हैं। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है कि उन कारणों का निवारण किया जाए, जिनके चलते वह पनपता और फलता-फूलता है।

इससे इन्कार नहीं कि तकनीक के इस्तेमाल ने व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का काम किया है, लेकिन अभी इस क्षेत्र में बहुत काम किए जाने की आवश्यकता है। ऐसी ही आवश्यकता राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के मामले में भी है। सरकार कुछ भी दावा करे, यह कहना कठिन है कि चुनावी बांड की व्यवस्था के बाद राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया पारदर्शी बन गई है।

## प्रसंगतः

# बुराई की जड़

एक बार मगध के महामंत्री चाणक्य राजकाज संबंधी परामर्श के लिए सम्राट चंद्रगुप्त से मिलने जा रहे थे। रास ते में उनके पांव में कांटा चुभ गया। उनके मुंह से चीख निकल गई। उन्होंने झुककर उस कंटीले पौधे को देखा फिर कुल्हाड़ी मंगवाई और अपने हाथों से उस पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया। उखाड़ कर फेंकने के बाद उन्होंने उस पौधे की जड़ों को भी जमीन से निकाला और उन्हें जला दिया। इसके बाद उन्होंने अपने शिष्यों से छाछ मंगवाकर उसे उस स्थान पर डाल दिया ताकि पुनः पौधा पनप कर अपने कांटों से किसी राहगीर को पीड़ा न पहुंचा सके। यह देखकर एक शिष्य जिज्ञासावश बोला, 'गुरुजी, आपने मात्र एक कंटीले पौधे को निकालने के लिए इतनी मेहनत क्यों की ? यदि आप हमें आदेश देते तो हम तुरंत यह कर देते।' शिष्य की बात सुनकर चाणक्य मुस्करा कर बोले, 'मैंने तुम सबको सीख देने के लिए ही यह कार्य स्वयं किया है। इस कार्य के माध्यम से मैं तुम सब को यह बताना चाहता हूं कि जब तक बुराई की जड़ को खत्म न किया जाए तब तक वह पूरी तरह खत्म नहीं होती और गाहे-बगाहे अपनी चपेट में किसी न किसी को ले ही लेती है। इसलिए केवल बुराई को दूर करने की नहीं बल्कि उसकी जड़ को काटने की आवश्यकता है ताकि वह फिर कभी पनप ही न सके। यदि तुम बुराई की जड़ काट दोगे तो तुम्हारा जीवन अपने आप सहज व शांतिपूर्ण हो जाएगा।' शिष्य चाणक्य की इस बात से सहमत हो गए।

## जीने की राह

# दूसरे पर आधारित न हो जीवन

**दूसरों** पर आधारित जीवन बोझ बन जाता है। इसलिए सांसारिक संबंधों के भरोसे ही जीवन न बिताएं। जब हम दुनियादारी में अधिक भरोसा करने लगते हैं तो दूसरों पर आधारित जीवन जीने लगते हैं। पति-पत्नी के संबंधों में झंझट का एक कारण यह भी होता है कि ये दोनों एक-दूसरे के साथ न जीकर एक-दूसरे पर आधारित जीवन जीने लगते हैं और यहीं से मांग और शिकायत का सिलसिला शुरू हो जाता है। स्त्रियों ने अपने शोषण की जो एक बहुत बड़ी कीमत चुकाई है, उसका एक बड़ा कारण था दूसरे पर आधारित जीवन। वे पुरुषों पर इतनी आधारित हो गईं कि एक दिन उन्हें अपने स्त्री होने पर या तो घुटन होने लगी या विद्रोह। गृहस्थी के शिखर पर चढ़ने के लिए वे एक-दूसरे की मदद करें, न कि एक-दूसरे पर आधारित रहें। जब हम अत्यधिक आधारित हो जाते हैं तो हमारे भीतर की मानवता का विकास रुक जाता है। दोनों को आत्मनिर्भर होकर एक-दूसरे के लिए जीना होगा।

चूंकि इस रिश्ते में निकटता अत्यधिक होती है, इसलिए अहंकार की टकराहट स्वाभाविक है। स्त्री और पुरुष पति-पत्नी के रूप में अपने मानवीय भाव से एक-दूसरे के सामने होना चाहिए, लेकिन वे अहंकार के भाव में एक-दूसरे को चुनौती देते हुए आमने-सामने हो जाते हैं। ये रिश्ता सिद्धांततः नहीं चलता। ये संबंध व्यवहारतः चलता है। पति-पत्नी की बातचीत वार्तालाप न होकर एकालाप बन जाती है। दूर से ऐसा लगता है कि जैसे बात कर रहे हैं, निकट जाकर देखें तो पता लगता है कि हरेक अपनी ही बात कह रहा है वार्तालाप में दोनों के अवसर समान होते हैं, इसलिए आत्मनिर्भर जीवन बनाया जाए, न कि आधारित जीवन।

## राजनीती

# राजनीति की देन है जहरीला वायुमंडल, लोगों को इस तरह दमघोंटू वातावरण में जीने को अभिशप्त मत कीजिए

**ऐसा** लगता है जैसे दिल्ली सहित संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घने कोहरे में डूबा हुआ है। सब जानते हैं कि यह कोहरा नहीं, बल्कि प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस की समस्याओं से ग्रस्त लोगों को घर से बाहर न निकलने का सुझाव जारी कर दिया है। इसी के साथ स्कूल बंद करने के आदेश जारी हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से दिल्ली का एक्यूआइ (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से 450 के बीच दर्ज किया जा रहा है। लगभग यही स्थिति गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद आदि की है। उत्तर भारत के अन्य अनेक इलाके भी प्रदूषण की चपेट में हैं। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

वास्तव में यह सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक में यह साफ हो गया कि अगले कई दिनों तक वायु की गुणवत्ता बहुत गंभीर श्रेणी में रह सकती है, लेकिन दिल्ली और पंजाब की सरकार स्वयं को इसके लिए किंचित भी उत्तरदायी नहीं मानतीं। दिल्ली को सामाजिक-आर्थिक विकास के माडल के रूप में गुजरात चुनाव में पेश कर रहे अरविंद केजरीवाल और उनके साथी ही इस बात की चर्चा नहीं करते कि इससे कितनी क्षति हो रही है।

ताजा आदेशों के अनुसार, दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों और सभी सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रकों को छोड़कर अन्य ट्रकों का प्रवेश बंद होगा। इसी तरह आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर डीजल चालित मध्यम वाहन और भारी माल वाहन, बीएस-6 वाहनों को छोड़ डीजल, एलबीएस आदि पर रोक लगा दी गई है। निर्माण कार्यें यानी राजमार्ग, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का निर्माण कार्य रुक जाएगा। स्वच्छ ईंधन से नहीं चलने वाले उद्योगों को भी बंद करने का आदेश जारी हो गया है। इस तरह यहां के लोग एक ओर जहरीली हवा से होने वाली बीमारियों से ग्रस्त होने को अभिशप्त हैं तो दूसरी ओर भारी आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए भी।

निःसंदेह दिल्ली ही नहीं आसपास के क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार की भी जिम्मेदारी है। पर्यावरण की दृष्टि से केंद्र के पास ऐसे अनेक अधिकार हैं, जिनसे राज्यों को कदम उठाने के लिए बाध्य किया जा सकता है। पराली जलाने की समस्या आज की नहीं है। स्वयं केजरीवाल इसके विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन पंजाब में सरकार बनने के बाद इस मामले पर अपने स्वभाव के अनुरूप उन्होंने यू-टर्न ले लिया। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता और सरकार किसानों को समझाने-बुझाने की कोशिश करती तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 3 नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन पराली जलाने की कई सौ घटनाएं दर्ज हो रहीं है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? इसका उत्तर ढूंढ़े तो आप शून्य में पहुंच जाएंगे। सच यह है कि इसके लिए कोई कोशिश हो ही नहीं रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने का अधिकार है। किसानों को विकल्प उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अनुसार अगले साल नवंबर तक पराली की समस्या सुलझा ली जाएगी। वह यह भी कहते हैं कि केंद्र को भी मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है। क्या केंद्र सरकार भगवंत मान से सहमत है? क्या केंद्र राज्य के साथ मिलकर काम नहीं कर रहा है? अगर ऐसा है तो केंद्र को स्पष्ट करना चाहिए। आखिर पड़ोस के हरियाणा ने एक हद तक इस पर काबू पाया है।

जरा सोचिए, इस वर्ष पंजाब में 31.13 लाख हेक्टेयर में धान की फसल उगाई गई, जबकि 2021 में यह 29.61 लाख हेक्टेयर थी। इसे कैसे रोका जाएगा? आम आदमी पार्टी के पास इस समस्या का कोई समाधान नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी पंजाब के भी नीति नियंता है। वह मुख्यमंत्री बनने के पहले स्वयं को दिल्ली को जहरीली आबोहवा से बचाने के झंडाबरदार के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं, पर अब जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे।



# पाक ने केन्याई अधिकारियों से मांगी अरशद शरीफ की हत्या के संबंध में जांच रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान सरकार ने केन्याई अधिकारियों से पिछले महीने केन्या में पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या के संबंध में विवरण और जांच रिपोर्ट साझा करने को कहा है। पाकिस्तान ने केन्याई अधिकारियों से टेलीफोन बातचीत और अम्मोडम्प प्रशिक्षण शिविर के तीन मालिकों के इतिहास के बारे में जानकारी साझा करने को कहा है। अम्मोडम्प प्रशिक्षण शिविर उस इलाके में है, जहां यह घटना हुई थी। इस ट्रेनिंग कैंप का मालिकाना हक वकार अहमद, उसकी पत्नी मोरिन वकार और खुर्रम अहमद के पास है। यह ट्रेनिंग कैंप एक निर्जन क्षेत्र में पहाड़ी भूमि के एक बड़े हिस्से पर बना है। केन्या की राष्ट्रीय पुलिस सेवा के हवाले से बताया कि उसे पाकिस्तान सरकार से एक पत्र मिला है जिसमें जनरल सर्विस यूनिट (जीएसयू) के सशस्त्र अधिकारियों द्वारा मारे गए अरशद शरीफ की हत्या की जांच में सहायता के लिए कई क्षेत्रों में मदद मांगी गई है। पाकिस्तान सरकार ने केन्याई पुलिस से शरीफ की हत्या पर अपना निष्कर्ष देने को भी कहा है। पाकिस्तान सरकार ने उनसे अनुदेशकों और प्रशिक्षकों के नाम और संपर्क जैसे विवरण प्रदान करने के लिए कहा है, जो घटना के समय अम्मोडम्प ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। पाकिस्तान के जांचकर्ताओं ने केन्या पुलिस से घटना में शामिल पुलिस अधिकारियों के नाम, पद, कॉल और संपर्क विवरण, घटना से संबंधित बैलिस्टिक रिपोर्ट और आरोपी अधिकारियों के शुरुआती बयान को भी साझा करने के लिए कहा है। पाकिस्तानी जांच टीम जांच पूरी कर पाकिस्तान लौट गई है। नैरोबी में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने केन्याई पुलिस अधिकारियों, खुफिया अधिकारियों और कई सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने शरीफ की हत्या की जगह और शूटिंग रेंज अम्मोडम्प का भी दौरा किया। पत्रकार शरीफ की हत्या की जांच कर रहे जांचकर्ताओं ने वकार भाइयों और खुर्रम से नैरोबी के उस अपार्टमेंट, जहां अशरफ रुके थे और नैरोबी से बाहर प्रशिक्षण स्थल जहां शरीफ को उनकी दुखद हत्या से पहले आखिरी बार जिंदा देखा गया था, का सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने को कहा है। वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकार अरशद शरीफ (49) की 24 अक्तूबर को केन्या में उस समय मौत हो गई थी जब वह अपने भाई खुर्रम अहमद के साथ रात करीब 10 बजे मगदी से नैरोबी जा रहे थे। अरशद शरीफ का मौत का मामला पहला मामला नहीं है जिसमें किसी पाकिस्तानी पत्रकार को संदिग्ध परिस्थितियों में धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया या मार डाला गया। इससे पहले भी स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों ने सलीम शहजाद और हामिद मीर जैसे कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को उनके कथित सैन्य विरोधी रुख के लिए निशाना बनाया था।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने यूक्रेन के लिए समर्थन की पुष्टि की



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने रविवार को बातचीत के दौरान रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन का समर्थन करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की है व्हाइट हाउस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, मानवाधिकार और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं को बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने रूस की आक्रामकता के खिलाफ खुद का बचाव करने के लिए यूक्रेन को आर्थिक, मानवीय और सुरक्षा सहायता प्रदान करने में अमेरिका और जर्मनी दोनों की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। दोनों नेता रूस के हालिया परमाणु खतरों को गैर-जिम्मेदार ठहराने पर सहमत हुए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने स्कोल्ज की हाल की चीन की यात्रा पर भी चर्चा की। इससे पहले शुक्रवार को जर्मन चांसलर ने चीन का दौरान किया था। लगभग तीन वर्षों में चीन का दौरा करने वाले जी-7 समूह के (त्र7) वह पहले नेता हैं। यह यात्रा दुनिया भर में सेमीकंडक्टर्स की कमी की पृष्ठभूमि में हुई, जब अमेरिका ने चीन को उन्नत कंप्यूटर चिप्स की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे चीन की तकनीक और सैन्य महत्वाकांक्षाओं को रोकने के प्रयास तेज हुए हैं। स्कोल्ज ने शीर्ष अधिकारियों की एक टीम के साथ चीन का दौरा किया, जिसका अर्थ है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार जारी रहना चाहिए। लगभग तीन वर्षों में जी7 समूह के नेता की चीन की पहली यात्रा ऐसे समय में हुई है जब जर्मनी मंदी की ओर बढ़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल चीन लगातार छठे वर्ष जर्मनी का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था, जिसका व्यापार मूल्य 2020 से 15 प्रतिशत से अधिक था।

### रूसी जेट के हमले में नौ नागरिकों की मौत, ताइवान के पास तैनात चीनी लड़ाकू विमान



लंदन। सीरिया के उत्तरपश्चिमी शहर इदलिब के पास लगे शिविरों पर रविवार को रूस के जेट विमानों ने बमबारी की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसमें कम से कम नौ नागरिकों की मौत हो गई। सीरियाई सेना के तोपखाने के कर्मियों ने बताया कि जेट विमान काफी ऊंचाई पर थे। उन्होंने इदलिब के पश्चिम में लगे शिविरों के पास जंगलों पर भी बम गिराए। रूस और उसकी सहयोगी सीरियाई सेना ने इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए उनका दावा होता है कि हमला विद्रोही गुटों पर किया जाता है। विपक्षी नागरिक सुरक्षा सेवा का कहना है कि हमले में मारे गए लोगों में तीन बच्चे और एक महिला शामिल थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने देश के आसपास के इलाके में चीन के 46 लड़ाकू विमानों और चार नेवी जहाजों की तैनाती का पता लगाया है। जवाब में ताइवान की सेना हवाई और नेवी के जहाजों से नियंत्रित गश्त के साथ जमीन पर मिसाइल सिस्टम को दुरुस्त कर रही है।

### चुनाव प्रचार में बोले पूर्व राष्ट्रपति ओबामा- लोकतंत्र खतरे में हैं

पिट्सबर्ग। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति बराक



ओबामा ने एक सभा में वोटरों को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि देश में गर्भपात का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और खुद लोकतंत्र तक खतरे में हैं। इन्हें बचाने के लिए बड़ी राजनीतिक बाधाओं को दूर किया जाना है। ऐसे में रूठना और पीछा छुड़ाना कोई विकल्प नहीं है। आइए, सुनिश्चित करें कि देश 50 साल पीछे न चला जाए। इन चुनावों के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ फिलाडेल्फिया में मंच साझा किया। बाइडन के कार्यभार संभालने के बाद दौड़ के पूर्व साथी पहली बार एक साथ प्रचार कर रहे हैं। न्यूयॉर्क में राजनीतिक मंच से आमतौर पर दूर ही रहने वाले पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी पार्टी के बचाव के लिए सामने आ गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की तिकड़ी ने शनिवार को पूरे अमेरिकी कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए प्रमुख राज्यों में जनसंपर्क किया।

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन 2022

# विकसित देश पहली बार जलवायु मुआवजे पर चर्चा के लिए सहमत

**संयुक्त राष्ट्र।**
ग्लोबल वार्मिंग के संकट के बीच मिस्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप27 शुरू हो गया। मिस्र के इस तटीय शहर में जुटे दुनियाभर के प्रतिनिधियों के बीच इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा को लेकर सहमति बनी है कि क्या अमीर देशों के कारण जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले गरीब देशों को मुआवजा देना चाहिए। यह पहली बार है कि कॉप-27 ने अपने एजेंडे में औपचारिक तौर पर जलवायु मुआवजे को शामिल किया है।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जमा हुए 190 से भी अधिक देशों के प्रतिनिधियों के बीच देर रात तक चली बैठक में इस पर सहमति बनी। प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े नुकसान और क्षति से निपटने पर ध्यान देने समेत इसके वित्तपोषण की व्यवस्था संबंधी मामलों के बारे में चर्चा करने के एजेंडे को मंजूरी दे दी। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से अमीर देश नुकसान और क्षति को संदर्भित करने और बढ़ते तापमान के दुष्परिणामों से निपटने के लिए उनकी तरफ से गरीब देशों को मुहैया कराए जाने वाले धन पर औपचारिक चर्चा को खारिज करते आ रहे थे। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया यूक्रेन युद्ध, उच्च महंगाई, खाद्यान की कमी और ऊर्जा संकट जैसे मुश्किलों का सामना कर रही है। सम्मेलन 18 नवंबर तक चलेगा।

कॉप-27 के अध्यक्ष मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने कहा कि कॉप-27 के एजेंडे पर नुकसान और क्षति की चर्चा मुआवजे की गारंटी नहीं देगी या अनिवार्य रूप से जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं करेगी, लेकिन 2024 तक इस मुद्दे पर एक सार्थक निर्णय लेने का मार्ग तैयार करेगी। जर्मनी की विदेश मंत्री अनालेना बेरबॉक ने एक बयान में कहा, मैं अमीर देशों से अधिक एकजुटता की उम्मीद करती हूं। जर्मनी जलवायु वित्तपोषण और नुकसान व क्षति से निपटने में सहयोग देने के लिए तैयार है।



इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र के जलवायु वैज्ञानिक पैनल के प्रमुख ने अपने उद्घाटन भाषण में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती और धरती के तापमान में वृद्धि को रोकने के उपायों को तत्काल अपनाने की जरूरत का उल्लेख किया। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल के प्रमुख होसुंग ली ने कहा, यह हमें अपने ग्रह और आजीविका को बचाने के लिए पीढ़ियों में एक मौका मिला है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को कहा कि भारत मानता है कि जलवायु को बचाने का काम व्यक्तिगत स्तर पर शुरू होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइफ आंदोलन के जरिये जलवायु परिवर्तन की जटिल समस्या से निपटने का सरल समाधान सुझाया है। यादव ने मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में रविवार को कॉप27 जलवायु शिखर सम्मेलन में भारतीय मंडप का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। लाइफ की थीम पर ही भारतीय मंडप को डिजाइन किया गया है। यादव ने कहा कि भारत जलवायु वित्तपोषण से संबंधित चर्चा में उल्लेखनीय प्रगति की उम्मीद कर रहा है। लाइफ से मतलब पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली से है। यह एक जन और ग्रह समर्थक प्रयास है। इसका उद्देश्य दुनिया को प्राकृतिक संसाधनों के अनावश्यक और अविवेकी उपभोग से साधानीपूर्वक और विवेकी उपयोग की तरफ ले जाना है।

### 1.5 डिग्री तक तापमान रखने की कोशिश जारी

शिखर वार्ता के निर्वतमान अध्यक्ष रहे ब्रिटेन के आलोक शर्मा ने कहा कि ग्लास्गो सम्मेलन के बाद उत्सर्जन में कटौती समेत कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है। हमने पेरिस समझौते के सबसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की उम्मीद को जिंदा रखा है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने ट्विटर पर लिखा, मेजबान होने के नाते उनका देश ठोस जमीनी उपायों के साथ वार्ता को संकल्प के चरण से कार्यान्वयन के चरण में ले जाने की कोशिश करेगा।

### पिछले आठ साल से लगातार बढ़ी गर्मी

धरती के बढ़ते तापमान को लेकर जारी चिंता के बीच संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की रिपोर्ट ने और डरावनी तस्वीर पेश की है। इसके मुताबिक पिछले आठ साल से लगातार गर्मी बढ़ रही है। ये आठ साल रिकार्ड आठ गर्म वर्ष होने की राह पर हैं और इसकी मुख्य वजह ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि और संचित गर्मी है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की 2022 में वैश्विक जलवायु की अस्थायी स्थिति की रिपोर्ट के अनुसार इस साल दुनियाभर में भीषण लू, सूखा और विनाशकारी बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हुए और अरबों का नुकसान हुआ।

# शाहरुख और सलमान से भी अच्छी एक्टिंग कर लेते हैं इमरान खान, पीडीएम प्रमुख ने कसा तंज



**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कहा है कि पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान पर जोरदार हमला बोला है। फजलुर रहमान ने कहा कि इमरान खान पर हमला महज एक नाटक था। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने अभिनय कौशल में शाहरुख खान और सलमान खान को भी पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि एक जनसभा के दौरान इमरान खान को पैर में एक शख्स ने गोली मार दी थी। गुरुवार को दाहिने पैर में गोली लगने से घायल खान को सफल सर्जरी के बाद रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अब उन्हें लाहौर में एक निजी आवास में स्थानांतरित कर दिया गया है। इमरान खान को लगी चोटों पर संदेह जताते हुए फजलुर रहमान ने कहा कि इमरान ने अभिनय कौशल में बॉलीवुड सितारों शाहरुख खान और सलमान खान को भी पीछे छोड़ दिया है। शुरुआत में वजीराबाद प्रकरण के बारे में सुनकर मुझे इमरान खान से सहानुभूति हुई थी, लेकिन अब ऐसा लगता है कि यह एक नाटक था। उन्होंने कहा कि खान की चोटों को लेकर भ्रम अभी भी बनी हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि इमरान पर एक गोली चलाई गई या अधिक और चोट एक पैर में लगी या दोनों पर।

### यह कैसे संभव है कि एक गोली टुकड़े-टुकड़े हो गई: फजलुर रहमान

यह कैसे संभव है कि एक गोली टुकड़े-टुकड़े हो गई हमने बम के टुकड़े के बारे में सुना है, लेकिन गोली के बारे में नहीं। अंधे लोगों ने खान के झूठ को स्वीकार कर लिया है। जब हमने खान पर हमले के बारे में सुना तो हमने गोलीबारी की घटना की भी निंदा की लेकिन अब मुझे भी संदेह है।

### गोली निकालने का इलाज कैंसर के अस्पताल में क्यों: फजलुर रहमान

फजलुर रहमान ने हैरानी जताते हुए कहा कि गोली लगने का इलाज कैंसर अस्पताल में क्यों किया जा रहा है। खान ने अपने धर्मार्थ संगठन के स्वामित्व वाले शौकत खानम अस्पताल में ही सर्जरी क्यों करवाई जेयूआई-एफ प्रमुख ने चिकित्सक के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार सुना है कि महाधमनी भी पिंडली में मौजूद है।

# चीनी यान ने अंतरिक्ष में छोड़ी रहस्यमय चीज, अमेरिका कर रहा निगरानी



**वाशिंगटन।**
अमेरिकी स्पेस फोर्स ने दावा किया है कि चीन के अंतरिक्ष यान ने एक रहस्यमय वस्तु पृथ्वी की कक्षा में छोड़ी है। हालांकि यह पता नहीं चल सका है कि सोमवार को छोड़ी गई यह वस्तु क्या है। अमेरिकी विशेषज्ञों का मानना है कि अज्ञात वस्तु चीन के प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक परियोजना से जुड़ी है। यह वस्तु अपने मुख्य यान से 200 मीटर से कम की दूरी पर रहकर दूरी तय कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये पुनः उपयोग लायक अंतरिक्ष परिवहन प्रणाली के विकास से जुड़ा हो सकता है। अंतरिक्ष पर नजर रखने वालों का अनुमान है कि ये वस्तु एक छोटा उपग्रह हो सकता है, जिसे एक बड़े क्राफ्ट, सर्विस मॉड्यूल या परीक्षण के परिणाम की निगरानी के लिए बनाया गया हो।

इस प्रायोगिक अंतरिक्ष यान को गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान से चार अगस्त को चीन के लॉन्ग मार्च 2एफ रॉकेट से लॉन्च किया गया और ये तीन महीने से कक्षा में है। हालांकि इस यान से रहस्यमय चीज कुछ समय पहले ही छोड़ी गई और अब अपनी कक्षा में स्थापित होने पर ही दिखाई दे रही है।

# परमाणु हमलों की आशंका से चिंतित हुआ अमेरिका रूस को समझाने के लिए कर रहा गुपचुप बातचीत

**वाशिंगटन।**
रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देशों में से कोई भी देश पीछे हटने के लिए राजी नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं अब रूस पहले से ज्यादा आक्रामक होता नजर आ रहा है। ऐसे में दुनिया के बड़े देशों को यह डर भी सता रहा है कि कहीं रूस परमाणु हमला न कर दे। अब इन देशों के द्वारा युद्ध को टालने की भरसक कोशिश की जा रही है। अमेरिका रूस के साथ गुप्त बातचीत करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है ताकि इस महाविनाश को टाला जा सके। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने रूस के वरिष्ठ समकक्षों के साथ गुप्त बातचीत की है। इस बातचीत में तनाव को कम करने की अपील की है। साथ ही परमाणु या सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ संदेश भी दिया है। हालांकि, शांति समझौता चर्चा का लक्ष्य नहीं था।

### अमेरिका ने की रूसी नेताओं को समझाने की कोशिश

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक सुलिवन के बातचीत के दौरान रूसी नेताओं ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में परमाणु हथियार को भी



एक विकल्प बताया। हालांकि, रूस की मनसा को देखते हुए सुलविन सावधान हो गए और समझाने के लिए रूसी नेताओं के सामने कई तर्क रखे। सुलविन ने कहा कि हमने रूस को कड़ा संदेश दिया है और मामले को सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाने को कहा है।

### अमेरिका ने यूक्रेन को भी समझाया

वहीं जंग में यूक्रेन को कमजोर पड़ते देख अब अमेरिका भी नरम होता दिख रहा है। अमेरिका ने निजी तौर पर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा है कि रूस से बातचीत की पेशकश को ठुकराना अब घातक साबित हो सकता है क्योंकि जंग आक्रामक मोड़ पर आ गई है। रूस परमाणु हमला से बाज नहीं आएगा अमेरिका के अधिकारियों ने भी माना है कि इस लंबी जंग से यूक्रेन समेत दुनिया के कई देश आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। जिससे सहयोगियों के साथ ही यूक्रेन की हालत भी अब पतली होती जा रही है।

# रूस-यूक्रेन में सुलह कराने के लिए दुनिया की निगाहें भारत पर, जयशंकर होंगे रवाना

**संयुक्त राष्ट्र।**
रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए भारत विशिष्ट रूप से मजबूत और प्रभावशाली स्थिति में है। रूस का रणनीतिक साझीदार होने के साथ रूस का पुराना और सच्चा दोस्त होने के अलावा विश्व राजनीति में बढ़ती धमक के बूते भारत ने आठ माह पुराने संघर्ष की समाप्ति की उम्मीद जगा दी है। इन उम्मीदों के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर सात और आठ नवंबर को रूस का दौरा करेंगे। इस दौरान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ बातचीत करेंगे। जयशंकर के मॉस्को दौरे से राहत की खबर मिलने पर पूरी दुनिया की निगाह है। युद्ध की शुरुआत से पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सुलह के काफी प्रयास किए थे। यहां तक कि हमले से एक सप्ताह पहले वे पुतिन से मिलने मॉस्को पहुंचे थे। इसी दौरान मैक्रों ने अपने पश्चिमी साथियों के सामने प्रस्ताव रखा था कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शांति वार्ता का नेतृत्व और



मेजबानी का अनुरोध किया जाए, लेकिन यह प्रयास कभी अमल में ही नहीं लाया गया। बहरहाल, न्यूक्लियर डिप्लोमेसी में पीएचडी कर चुके भारत के विदेश मंत्री जयशंकर इसी सप्ताह रूसी अधिकारियों और नेतृत्व से मिलने मॉस्को जा रहे हैं। वे इस वक्त भारत की विदेश नीति के प्रमुख सिद्धांतकार और उसे लागू भी करने वाले शख्स हैं। वे पूरी दुनिया में मौजूदा दौर के सबसे माहिर कूटनीतिज्ञों में शुमार हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वे वहां से पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर देंगे। इन उम्मीदों के पीछे असल में कई ऐसे वाकये हैं, जब भारत ने खामोशी से काम करते हुए दुनिया को बड़ी मुसीबतों से बचाया है। अनाज सौदे को लेकर भारत ने भले ही तुर्की की तरह मुनादी कर पूरी दुनिया को अपनी भूमिका के बारे में नहीं बताया हो। लेकिन, पूरी दुनिया में अनाज का संकट पैदा होने पर भारत ने ही रूस को इस करार में शामिल होने के लिए राजी किया। अगस्त-सितंबर में जब परमाणु संयंत्र पर कब्जे के लिए रूस जपोरिझिया में भीषण बमबारी कर रहा था, तो पूरी दुनिया परमाणु हादसे की आशंका से भयभीत थी। संयुक्त राष्ट्र ने तमाम प्रयास किए, लेकिन रूस और यूक्रेन दोनों ही पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। भारत ने रूस को रोकने की जिम्मेदारी ली और अमेरिका से कहा गया कि यूक्रेन को पीछे हटाया जाए। इस तरह से दुनिया के ऊपर मंडरा रहा परमाणु हादसे का खतरा टला। वाशिंगटन स्थित द हैरिटेज फाउंडेशन के एशियन स्टडीज सेंट के शोधकर्ता जेफ एम स्मिथ कहते हैं, अभी यूक्रेन युद्ध के मैदान में बढ़त बनाए हुए है, लेकिन जब तापमान गिरेगा तो दोनों तरफ मुश्किलें बढ़ेंगी। सितंबर में उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पीमए मोदी ने जिस अंदाज में रूस के राष्ट्रपति को नसीहत दी कि यह दौर युद्ध का नहीं, उससे पूरी दुनिया में यह संदेश साफ गया कि भारत भले ही पश्चिम के दबाव के बावजूद सार्वजनिक तौर पर रूस की आलोचना नहीं कर रहा है, लेकिन रूस को काबू करने वाली वास्तविक ताकत वही है। फिलहाल, अमेरिका और पश्चिमी देशों को भारत के सामने रूस या उन्हें चुनने की चुनौतियां खड़ी करने के बजाय भारत की मदद से युद्ध से युद्ध को खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत शांति और नियम आधारित विश्व व्यवस्था के साथ : पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नॉन अलाइनमेंट की नीति से बहुत दूर ऑल अलाइनमेंट की नीति पर काफी आगे बढ़ा चुका है। जब भारत कहता है कि वह नियम आधारित विश्व व्यवस्था में यकीन करता है।

# सोनीपत : सात मुकाबले जीत कर पुरखास का लाडला बना भारत केसरी

**सोनीपत ( हि.स. )।** गन्नौर में खिलाड़ियों ने शानदार उपलब्धियां मिल रही हैं। शीतला माता ट्रस्ट ग्राम सरफाबाद ग्रेटर नोएडा द्वारा गांव सरफाबाद (ग्रेटर नोएडा) में आयोजित भारत केसरी दंगल (5-6 नवंबर 2022) में राजेश पहलवान पुरखासिया के भतीजे छत्रसाल स्टेडियम के पहलवान पुरखास निवासी अनिरुद्ध गुलिया सात मुकाबले जीत कर भारत केसरी टाइटल अपने नाम किया है। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया ने बताया कि अनिरुद्ध ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में अर्जुन पुरस्कार विजेता सत्यव्रत कादयान को 6-0 से हराया। सेमीफाइनल में



हिसार अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय पहलवान परवीन (मिर्चपुर) को एक तरफा 10-0 से हराया। अनिरुद्ध ने भारत केसरी दंगल में एक तरफा सात मुकाबले जीते और भारत केसरी का टाइटल को अपने नाम किया। आयोजन समिति ने पहलवान अनिरुद्ध गुलिया को एक लाख 50 हजार रुपए और गदा देकर सम्मानित किया है। पहलवान अनिरुद्ध गुलिया ने अपने गांव पुरखास और अपने सभी कोच गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाया है। अनिरुद्ध फ्री स्टाइल कुश्ती का एक चमकता हुआ सितारा है जिससे भविष्य में काफी उम्मीद हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर भारत को शानदार उपलब्धियां दिलाएगा। अपने गांव पुरखास, जिला सोनीपत हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ भारत का नाम ऊंचा करेगा।

## पंजाब : पुलिस ने हिंदू नेताओं को दी बुलेट प्रूफ जैकेट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के शिवसेना नेता की हत्या के बाद सतर्क हुई पुलिस ने सोमवार को पंजाब में हिंदू नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। कई जिलों में तो पुलिस ने हिंदू नेताओं को बुलेट प्रूफ जैकेट तक अलॉट कर दी है। बीते शुक्रवार को पंजाब के अमृतसर में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की पुलिस की मौजूदगी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पंजाब पुलिस ने भाजपा व हिंदू नेताओं के घरों की सुरक्षा बढ़ा दी। रविवार शाम पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने राज्य के सभी हिंदू नेताओं की सुरक्षा का रिव्यू किया। जिसके बाद सोमवार को पुलिस ने लुधियाना के पांच हिंदू नेताओं को बुलेट प्रूफ जैकेट दी हैं। सुरक्षा रिव्यू रिपोर्ट भेजे जाने के बाद इन सभी नेताओं को लुधियाना पुलिस लाइन में बुलाया गया और उन्हें पुलिस अफसरों ने जैकेट्स प्रदान की। जिन नेताओं को बुलेट प्रूफ जैकेट दी गई है उनमें राजीव टंडन, योगेश बख्शी, अमित अरोड़ा, नीरज भारद्वाज और हरकीरत खुराना के अलावा कांग्रेस नेता गुरसिमरन सिंह मंड भी शामिल हैं।

## सैकड़ों लोग डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी में हुए शामिल



**जम्मू।** डोडा के विभिन्न ब्लॉकों से प्रतिनियुक्ति, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति और सभी क्षेत्रों के लोग डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी में शामिल हुए। गुलाम नबी आजाद अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री को लोगों ने पिछले कुछ वर्षों से उनके सामने आई समस्या और कठिनाइयों के बारे में बताया। जहां हर तरफ लोगों को परेशानी हो रही है। मेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों की कमी, डोडा मेडिकल कॉलेज में काम करने की गति है। उन्होंने आजाद को जम्मू-कश्मीर के इस सबसे पिछड़े क्षेत्र के युवाओं की पूर्ण बेरोजगारी के बारे में बताया। गुलाम नबी आजाद का टूर प्रोग्राम फॉर टुमॉरो यानि मंडे स्टैंड्स जैसा कि पहले जारी किया गया है। प्रतिनियुक्त व्यक्ति ने हस्तक्षेप करने और डोडा के पीड़ित लोगों को कुछ पर्याप्त राहत सुनिश्चित करने के लिए आजाद का प्रतिनिधित्व किया। जो लोग प्रतिनियुक्ति के रूप में बड़ी संख्या में आए थे, उन्हें आजाद द्वारा समय पर सभी प्रकार के हस्तक्षेप को सुनिश्चित किया गया था। आजाद ने कहा कि जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में उनके छोटे कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा पेश की गई तीन शिफ्ट की कार्य संस्कृति को 2008 के बाद की सरकारों ने पूरी तरह से अलविदा कह दिया।

## शुद्ध का युद्ध अभियान एक सौ तीस किलो बदबूदार पनीर कराया नष्ट

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा पुखराज सेन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम विजय सिंह फौजदार के निर्देश पर जयपुर प्रथम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा झोटवाड़ा, गोविंदपुरा स्थित श्रीमाया डेयरी में सोमवार को कार्रवाई करते हुए पनीर का नमूना लेकर लगभग 130 किलो बदबूदार पनीर नष्ट करवाया। इसके साथ ही पनीर की दुकानों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत निरीक्षण कर साफ सफाई रखने व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने का निर्देश दिए। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम में नरेश कुमार, रतन सिंह गोदारा व पुखराज शामिल रहे।

## अकाली दल ने बीबी जागीर कौर को पार्टी से निकाला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** शिरोमणि अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बीबी जागीर कौर को पार्टी से निकाल दिया गया है। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी उनकी समाप्त कर दी गयी है। अकाली दल की अनुशासन कमेटी ने सोमवार को चंडीगढ़ में यह फैसला लिया। बीबी जागीर कौर तथा अकाली दल नेतृत्व के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही थी। जागीर कौर पूर्व बादल सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं। बीबी जागीर कौर एसजीपीसी की प्रथम महिला अध्यक्ष भी रही हैं। जागीर कौर इस समय अकाली दल महिला विंग की अध्यक्ष थी। वह नौ नवंबर को होने वाले एसजीपीसी अध्यक्ष पद चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। अकाली दल ने जागीर कौर से उलट हरजिंदर सिंह धामी को अध्यक्ष पद प्रत्याशी घोषित किया है। अकाली दल द्वारा जागीर कौर को नोटिस जारी करते हुए दो बार अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया। जागीर कौर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए सोमवार दोपहर 12 बजे तक का समय दिया गया था। इसके बावजूद वह पेश नहीं हुई। जिसके बाद अनुशासन समिति ने उन पर फैसला लिया। अनुशासन समिति के प्रतिनिधि एवं पूर्व मंत्री सिकंदर सिंह मलूका ने कहा कि बार-बार सूचित करने पर भी जागीर कौर अपना पक्ष रखने के लिए नहीं आई। उन्हें भरोसा दिया गया था कि इस बार वह धामी का समर्थन करें, अगली बार उन्हें प्रधान बना दिया जाएगा।

## अपनी मांगों को लेकर वीआरएस यूनियन ने किया प्रदर्शन

**जम्मू।** ऑल जेएंडके आरटीसी वालेंटयर रिटायर्ड इंप्लायज एसोसिएशन जम्मू-कश्मीर ने सोमवार को प्रेस क्लब जम्मू के समीप प्रदर्शनी मैदान में अपनी मांगों को लेकर यूटी प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। वीआरएस यूनियन जम्मू के अध्यक्ष देव राज बाली के नेतृत्व में प्रदर्शन आयोजित किया गया था और इस प्रदर्शन में वित्त विभाग के अड़ियल रवैए की कड़ी आलोचना की गई। पत्रकारों से बात करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि हमारे प्रति परिवहन उच्च अधिकारी, जो हमारे देय भुगतानों को जारी करने में देरी कर रहे हैं और हमें यह जानकर बहुत आश्चर्य है कि वे भुगतान जारी करने में देरी क्यों कर रहे हैं जबकि सभी तरह से बिल एसआरटीसी द्वारा तैयार किए गए हैं और सिविल सचिवालय को भेजे गए हैं लेकिन ये दो विभाग बिना किसी कारण या तुकबंदी के हमें परेशान कर रहे हैं और यह हमारे से परे है कि वे हमें क्यों परेशान कर रहे हैं और इस लंबे संघर्ष में 51 कर्मचारियों ने भी अब अंतिम सांस ले ली हैं, क्योंकि वे धन के




अभाव में उचित चिकित्सा उपचार नहीं कर सकते थे। आज हम भी दयनीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं न केवल हम बल्किहमारे परिवार भी उसी नाव में नौकायन कर रहे हैं, क्योंकि हमारे पास आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है जैसे कि पेंशन आदि। हम पूरी तरह से अपने देय भुगतान पर निर्भर हैं जो इन दोनों विभागों द्वारा जानबूझकर या अनुचित रूप से विलंबित हैं। हम अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल से अपील करते हैं कि हमारी मांगों को पूरा किया जाए।

## गुरु नानक जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकला नगर-कीर्तन

**कैथल ( हिंस )।** सोमवार को श्री गुरु नानक देव के 553 वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में गुरु ग्रंथ साहब की पालकी निकली और शोभायात्रा ने शहर का भ्रमण किया। मिटी धुंध जग चानन होया सतगुरु नानक परगटया के उद्घोष के साथ जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ सिख संगत ने नगर कीर्तन निकाला। जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की अगुवाई में भारी संख्या में संगत ने भाग लिया। नगर कीर्तन श्री नीम साहिब गुरुद्वारे से शुरू होकर प्रताप गेट, भगत सिंह चौक, नरवानियां बिल्डिंग, छात्रावास रोड, पुराना बस स्टैंड चौक, पिहोवा चौक, कमेटी चौक से होते हुए मंजी साहिब गुरुद्वारे में संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में सबसे आगे गतका जत्थों ने अपनी गतका के करतब दिखाए। तलवार बाजी, हाथ डंडा व अन्य हथियार चलाने की कला का प्रदर्शन किया। पंज प्यारों का रुप धरे श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन की अगुवाई की। इस दौरान कीर्तन मंडली ने गुरू नाम का जप करते हुए संगत को निहाल किया। संगत ने प्रबंधक द्वारा सजाई गई गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य पालकी के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में पंडाल लगाए गए थे। जहां संगत को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मैनेजर रूपिंद्र सिंह, कार सेवा बाबा गोपाल सिंह नीम साहिब गुरुद्वारा, शरणजीत सिंह, गुरू तेग बहादुर सेवादल, सुखमणी साहिब सेवा दल मौजूद थे।

## अब्दुल कादिर जिलानी साहिब के वार्षिक उर्स पर सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने लोगों को दी बधाई

**जम्मू/श्रीनगर।** अपनी पार्टी के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने पीर दस्तगीर शेख सैयद अब्दुल कादिर जिलानी (आरए) साहिब के वार्षिक उर्स पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने सूफी संत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी शिक्षाओं और आध्यात्मिक शक्ति ने लाखों लोगों को सच्चाई और ईमानदारी के मार्ग पर प्रेरित किया। सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने कहा हजरत शेख सैयद अब्दुल कादिर जिलानी (आरए) ने लाखों लोगों को प्रेरित किया और उन्हें आध्यात्मिकता के मार्ग पर ले गए। उन्होंने अपना पूरा



जीवन इस्लाम को समर्पित कर दिया था और उनकी शिक्षाओं ने लोगों को इस्लाम की ओर आकर्षित किया। वह एक महान सुधारवादी थे जिन्होंने मानव जाति की निस्वार्थ सेवा की और लोगों को सच्चाई और ईमानदारी के साथ जीने के लिए प्रेरित किया। सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने दस्तगीर साहिब के वार्षिक उर्स के दौरान लोगों से जम्मू-कश्मीर की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की। उन्होंने कहा मैं सभी से दस्तगीर साहिब के उर्स के अवसर पर जम्मू-कश्मीर में शांति और शांति के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने प्रशासन से उर्स के दिनों में भक्तों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## किसानों ने प्रशासन का पुतला फूंका खेतों से पानी निकलवाने की मांग



**सोनीपत ( हिंस )।** जिले के गांव जुआं -1 के किसानों ने सोमवार को ब्लॉक डेवलपमेंट एंड पंचायत ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन कर पुलिस लाइन के सामने पुतला फूंका। ग्रामीणों का आरोप है कि खेतों में भरे पानी की निकासी नहीं होने से उनकी फसल बर्बाद हो चुकी है। जिससे उनका करोड़ों का नुकसान हुआ है। आगामी फसल बिजाई भी अब उनके लिए करना मुश्किल हो रहा है। शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। दूसरी ओर सोनीपत के हुल्हेड़ी के किसान बुधराम बता रहे हैं कि साढे चार एकड़ में पीइआर धान लगाई पंजीकरण भी करवाया, लेकिन तीन दिन दिन अनाज मंडी में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सोनीपत जिला की अनाज मंडियों में पीआर धान की खरीद बंद होने से किसान मायूस नजर आ रहे हैं किसानों का कहना है कि 15 नवंबर तक धान खरीदने की बात सरकार कर रही थी लेकिन अब खरीद को बंद किया गया है जिससे वह काफी दुखी और परेशान हैं। फिलहाल अब तक एक लाख 71 हजार 964 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। अनाज मंडी में धान लेकर पहुंचे कुछ किसानों ने अपना दर्द बताया कि पी आर धान की खरीद सरकार द्वारा अब बंद किए जाने से वह काफी दुखी हैं पिछले तीन दिनों से अनाज मंडी में धान पड़ा हुआ है लेकिन खरीदने वाला कोई नहीं है।

## गुरु नानक जयंती से पूर्व डोगरा सेवा संभल ट्रस्ट ने किया कवि दरबार का आयोजन




**जम्मू।** डोगरा सेवा संभल ट्रस्ट (रजि.) ने टैलेंटेड राइटर्स फोरम के सहयोग से गुरु नानक देव जी 553वें प्रकाश पर्व की जयंती के श्री गुरु नानक हाई स्कूल दीनडे कलां मीरान साहिब में कवि-दरबार का आयोजन हुआ। इस मौके पर गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर कवियों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षा, विचार और उनकी वाणी को भी भाषण, कविता और दोहे के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर गुरु नानक स्कूल में आयोजित प्रकाश पर्व में बच्चों को संबोधित करते हुए डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समता, समरसता एवं सौहार्दपूर्ण समाज का सपना देखा था। हम सभी को उनके सपने को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि हमें गुरु नानक देव जी के सिद्धांत को याद रखना चाहिए और इसका पालन करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण की दिशा में गुरु नानक देव जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुगल साम्राज्य के विरूद्ध भी सिख समाज लड़ा एवं कुर्बानियां दी। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में भी सिख समाज का योगदान गौरवपूर्ण है और आज भी देश की सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा में सिख समुदाय अव्वल है। डिप्टी मेयर बलदेव सिंह बलोरिया ने कवियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जबकि कार्यक्रम की मेजबानी स्टार सिंह ने की।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने लगाया ओबीसी जाति प्रमाण पत्र वितरण शिविर

**जम्मू।** ब्रह्म ज्योत सत्ती, अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जेके-यूटी के निर्देश पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू जेके-यूटी ने वार्ड नंबर 3 जम्मू पूर्व में ओबीसी जाति वितरण शिविर का आयोजन किया और जनता के बीच ओबीसी प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन सुनील प्रजापति (महासचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा जेके-यूटी) द्वारा किया गया। मौके पर गुलशन प्रजापति (जिला महासचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा), पवन मेहरा (मंडल उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जम्मू पूर्व), अनिल मेहरा मंडल सचिव ओबीसी



मोर्चा), पंकज मेहरा (मंडल सचिव जम्मू पूर्व) उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र के ओबीसी परिवारों के बीच ओबीसी जाति प्रमाण पत्र वितरित किए। जो परिवार कार्यक्रम में उपस्थित नहीं थे, उन्हें उनके निवास पर ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा अधिवास प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। लोग अपने आवास पर ओबीसी प्रमाण पत्र पाकर काफी खुश हुए। इस पर बोलते हुए ब्रह्म ज्योत ने कहा कि ओबीसी जाति प्रमाण पत्र ओबीसी के लिए बहुत आवश्यक दस्तावेज है और कॉलेजों के लिए नए सेमेस्टर, विश्वविद्यालय जल्द ही शुरू किए जाएंगे और छात्रों को यह आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ओबीसी को प्रवेश पाने के लिए यह बुनियादी आवश्यकता है, इसलिए भाजपा ओबीसी मोर्चा इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है और शिविरों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र वितरण शिविरों का आयोजन कर जाति प्रमाण पत्र में सराहनीय कार्य के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा हमेशा मानवता की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करता है और भविष्य में भी इसे जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो वह हमारे संबंधित क्षेत्र के जिलाध्यक्ष से संपर्क कर सकता है, हम उसे उचित सहायता प्रदान करेंगे।

## उन्नत तकनीकों के विकास व प्रचार-प्रसार पर बल दें वैज्ञानिक : कुलपति कंबोज

**हिसार ( हिंस )।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने वैज्ञानिकों से एकीकृत नाशजीवी प्रबंधन में उन्नत तकनीकी का विकास व उसके प्रचार-प्रसार पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि देश व दुनिया के बदलते परिदृश्य के चलते ऐसा किया जाना जरूरी है। वे सोमवार को एचएयू के कीट विज्ञान विभाग में स्थित सैंटर ऑफ एडवांसड फैकल्टी ट्रेनिंग के तत्वावधान मे आरंभ हुए 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। कोर्स का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों को बदलते कृषि परिदृष्य में नाशजीवियों की विषाक्तता, अवशेष, उपयोग आदि के कारण किसानों के सामने वास्तविक चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करना और नाशजीवी प्रतिरोध, वातावरण प्रदुषण तथा मानव स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न खतरों जैसी समस्याओं का समाधान खोजना है। कुलपति प्रो. कंबोज ने देश और दुनिया में कृषि के बदलते परिदृष्य में अत्याधिक नाशजीवियों के प्रयोग से दूषित वातावरण और मनुष्य के स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। इस केंद्र द्वारा आयोजित यह 35वां प्रशिक्षण कोर्स होगा तथा अब तक देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 574 प्राध्यापक कीट विज्ञान के विभिन्न सामयिक विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उपरोक्त प्रशिक्षण में देश के 10 राज्यों के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से 25 वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

## पुष्कर के पवित्र सरोवर में संत-महात्माओं ने किया शाही स्नान

**अजमेर ( हिंस )।** पुष्कर के पवित्र सरोवर में सोमवार को संत-महात्माओं ने शाही स्नान किया। सुबह सात बजे राम रमैया आश्रम के महंत प्रेमदास जी महाराज के सान्निध्य में संतों ने सप्त ऋषि घाट पर शाही स्नान किया तो वहीं सेनाआचार्य अचलानंद जी महाराज के सान्निध्य में संतों ने शाही स्नान किया। चंद्रग्रहण का शुद्धिस्नान एवं कार्तिक पूर्णिमा का महास्नान मंगलवार को होगा। विश्व विख्यात पुष्कर का सालाना मेला पूरे परवान पर है तथा ब्रह्माजी की नगरी धार्मिक रंग में रंगी हुई है। ब्रह्म सरोवर में स्नान व देव दर्शन के लिए धर्मप्रेमियों का तांता लगा हुआ है। पांच दिवसीय धार्मिक मेले के तहत सोमवार को पुष्कर सरोवर में चौथा पंचतीर्थ स्नान हुआ। सरोवर में दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा कर धर्म पुण्य कमाया। स्नान के बाद धर्म प्रेमियों ने सरोवर की परिक्रमा लगाई तथा ब्रह्मा मंदिर समेत विभिन्न प्रमुख मंदिरों के दर्शन



किए। बाद में तीर्थ यात्रियों ने मेले का लुत्फ उठाया। सभी मेलार्थियों ने मेले में लगी अस्थायी दुकानों व हाट बाजार में जमकर खरीदारी की। युवक-युवतियों व बच्चों ने हवाई झूलों का मजा लिया। रविवार को देर रात तक मेला क्षेत्र में खासी चहल-पहल रही। रविवार का अवकाश होने के कारण मेले में अपेक्षाकृत भीड़ अधिक थी। ब्रह्म चतुर्दशी के उपलक्ष्य में दूर-दराज से आए संत-महात्माओं ने सोमवार को सप्तऋषि घाट पर ब्रह्म सरोवर में शाही स्नान किया। यह संतों का पुष्कर सरोवर में शाही स्नान हुआ। शाही स्नान के लिए पुष्कर के विभिन्न आश्रम एवं मठ-मंदिरों में ठहरे साधु-संत सुबह 8 बजे सैन भक्ति पीठ से सैनाचार्य अचलानंदाचार्य महाराज की अगुवाई में विभिन्न आश्रमों के संत, महंत व महात्मा शोभा यात्रा के रूप में सप्तऋषि घाट पहुंचे जहां सरोवर का पूजन अभिषेक के बाद संत-महात्माओं ने सरोवर में शाही डुबकी लगाई। प्रवक्ता हरी प्रसाद पाराशर ने बताया कि शाही स्नान के बाद संतों ने रामधुनी करते हुए सरोवर की परिक्रमा लगाई। वहीं ब्रह्म चौदस के उपलक्ष्य में श्रद्धालु ब्रह्म घाट में स्नान कर ब्रह्मा जी के दर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को चंद्रग्रहण एवं कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पुष्कर सरोवर में महास्नान होगा।

No. ASCPCR (G) 15/2022/2

**Expression of Interest**

Expression of interest (EOI) is hereby invited from interested and willing Civil Society Organizations (NGO) for Supervision and Monitoring of Schools in Assam (all the districts) to take stock of the implementation of the RTE Act. 2009. The selected bidders shall be paid an amount against per School for conducting the Supervision and Monitoring.

The sealed EOI will be received in the office of the undersigned on or before 15th November, 2022, up to 4.30 P.M.

**Terms and Conditions**

1. The EOI must be addressed to the Secretary, Assam State Commission for Protection of Child Rights
2. The authority will not be bound to consider the Lowest Bidder for the same.
3. The authority will reserve the right to accept or reject any EOI without assigning any reason thereof.
4. The EOI must contain all valid Firm Registration and Tax Registration Certificates etc.
5. Previous work order for similar type of work will be added advantage for selection.

Secretary
Assam State Commission for Protection of Child Rights, Survey, Beltola, Guwahati-28

-- Janasanyog /C/13440/22

State Bank of India

# सर्वाधिक लाभ कमाकर एसबीआई ने रिलायंस को पछाड़ा, 74 फीसदी बढ़ा मुनाफा, शेयर चमके

**नई दिल्ली ।**
भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दूसरी तिमाही में फायदा कमाने के मामले में सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि (आरआईएल) को पीछे छोड़ दिया है। एसबीआई ने जुलाई-सितंबर में 14,752 करोड़ का फायदा कमाया है जबकि आरआईएल ने 13,656 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है। एसबीआई का मुनाफा एक साल पहले की तुलना में 74 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड स्तर 13,256 करोड़ पर रहा है जो रिलायंस की तुलना में काफी ज्यादा है। रिलायंस के मुनाफे में इसलिए गिरावट आई क्योंकि उसे अप्रत्याशित कर के रूप में 4,039 करोड़ रुपये का भुगतान करना पड़ा। एसबीआई बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि बैंक ने ट्रेजरी से ज्यादा मुनाफा कमाया है। शुद्ध आय और भी ज्यादा होगी। बैंक ने सरकारी प्रतिभूतियों में आरबीआई की सभी बैंकों के लिए अनिवार्य सीमा 19 फीसदी की तुलना में 2.85 लाख करोड़ ज्यादा निवेश किया है। इसी से उसका मुनाफा बढ़ा है। उसके समूह की कुल आय 1,14,782 करोड़ रुपये रही है जो एक साल पहले 1,01,143 करोड़ रुपये थी। हालांकि, छमाही की बात करें तो आरआईएल का लाभ 31,611 करोड़ रुपये रहा है जबकि एसबीआई का फायदा 22,077 करोड़ रुपये है। इसी तरह से आय के मामले में रिलायंस काफी आगे है। इसकी आय 253,497 करोड़ रही जबकि एसबीआई की 1,14,782 करोड़ रुपये रही। एसबीआई के बुरे फंसे कर्ज (एनपीए) में गिरावट आई है। सकल एनपीए 1.38 फीसदी कम होकर 3.52 फीसदी रहा जबकि शुद्ध एनपीए 1.52 फीसदी से घटकर 0.80 फीसदी पर रहा है। बैंक का कुल कर्ज 20 फीसदी बढ़कर 30.35 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें खुदरा कर्ज 10.74 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह 18.84 फीसदी बढ़ा है। इसका खुदरा होम लोन 14.57 फीसदी तेजी के साथ 5.94 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। कॉरपोरेट कर्ज 21.2 फीसदी और एसएमई कर्ज 13.24 फीसदी बढ़ा है। देश के सबसे बड़े बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा बढ़ने का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। सोमवार के कारोबारी सेशन में एसबीआई के शेयर 18.75 रुपये (3.18प्रतिशत) की तेजी के साथ 613.45 रुपये प्रति शेयर के भाव पर कारोबार कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक शेयरों के भाव आने वाले समय में 700 रुपये के स्तर पर जा सकते हैं। देश के जानेमो ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों को अच्छी रेटिंग देते इनके लिए 700 रुपये प्रति शेयर का टारगेट प्राइस दिया है।

## डिजिटल भुगतान में तेजी, फिर भी लोगों के पास 72 फीसदी बढ़ी नकदी



**मुंबई।** नोटबंदी के छह साल और डिजिटल भुगतान में तेजी के बावजूद देश में आम लोगों के पास कुल नकदी 13.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। भ्रष्टाचार व कालाधन पर रोक लगाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, 4 नवंबर, 2016 के पखवाड़े में अर्थव्यवस्था में 17.7 लाख करोड़ रुपये की नकदी थी। 21 अक्तूबर, 2022 को यह बढ़कर 30.88 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। यानी छह साल में नकदी 71.84 फीसदी बढ़ गई।
आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, कोरोनाकाल से ही भुगतान के नए व सुविधाजनक डिजिटल विकल्पों की लोकप्रियता बढ़ी है। हाल के वर्षों में मूल्य व संख्या के लिहाज से भले ही डिजिटल भुगतान बढ़ा, लेकिन आर्थिक सुधार के साथ प्रणाली में जीडीपी के अनुपात में नकदी में भी तेजी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी के अनुपात में डिजिटल भुगतान का बढ़ना इस बात का संकेत नहीं है कि नकदी घटी है। नोटबंदी के बाद डिजिटल लेनदेन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हालांकि, जीडीपी के अनुपात में डिजिटल भुगतान पारंपरिक रूप से कम है। इस वर्ष दिवाली वाले सप्ताह में नकदी के चलन में 7,600 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई। बीस साल में ऐसा पहली बार हुआ। 2009 में इस दौरान 950 करोड़ की गिरावट हुई थी। तब प्रमुख वजह आर्थिक मंदी थी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों का दावा है, डिजिटल भुगतान बढ़ने से ऐसा हुआ। भारतीय अर्थव्यवस्था संरचनात्मक बदलाव से गुजर रही है। अर्थशास्त्रियों का कहना है, तकनीकी नवाचारों ने भारतीय भुगतान प्रणाली को बदल दिया है।

## छह कंपनियां आईपीओ से जुटाएंगी 8,000 करोड़, शेयर बाजार में निवेश का मिलेगा मौका




**नई दिल्ली ।** इस हफ्ते शेयर बाजार में फिर निवेशकों को निवेश का मौका मिलेगा। कुल 6 कंपनियां 8,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं। जबकि दो कंपनियों के इश्यू बंद होंगे। इस तरह से 8 कंपनियों में निवेश कर सकते हैं। पिछले हफ्ते 4 कंपनियों ने इश्यू जारी किया जिसके जरिये ये 4,500 करोड़ रुपये जुटा रही हैं। इस हफ्ते जो कंपनियां बाजार में आने वाली हैं उनमें कीस्टोन रियल्टर्स, यूनिपार्ट्स, आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी, केन्स टेक और आर्कियन व अन्य हैं। सोमवार को बीकाजी और ग्लोबल हेल्थ के आईपीओ बंद होंगे। इन सभी के शेयर 21 नवंबर से सूचीबद्ध होना शुरू होंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेस के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि भारतीय बाजार का प्रदर्शन अच्छा है। कॉरपोरेट की मजबूत आय से आईपीओ को अच्छा रिस्पांस निवेशकों का मिल रहा है। दोनों के इश्यू 9 नवंबर को खुलकर 11 नवंबर को बंद होंगे। फाइव स्टार बिजनेस 1,960 करोड़ जुटाएगी। इसका मूल्य दायरा 450 से 474 रुपये है। आर्कियन 1,462 करोड़ जुटाएगी। इसका भाव 386 से 407 रुपये है। यह कंपनी 740 करोड़ रुपये जुटाएगी। इसका इश्यू 11 नवंबर को खुलेगा और 15 नवंबर को बंद होगा। कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा 61 से 65 रुपये तय किया है।

## ब्रिटिश तेल कंपनी ने नहीं किया भुगतान तो रूसी बैंक ने दर्ज कराया केस



**नई दिल्ली ।** ग्लोबल कॉमोडिटीज ट्रेडर ग्लेनकोर पर तेल आपूर्ति का लगभग 117 मिलियन यूरो (116 मिलियन डॉलर) का भुगतान नहीं करने पर मुकदमा दर्ज करने का फैसला किया है। मॉस्को के मध्यस्थता न्यायालय के डेटाबेस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। डेटाबेस से पता चलता है कि दो समझौतों (डील) के तहत ब्रिटेन की कंपनी ग्लेनकोर एनर्जी यूके लिमिटेड से ऋण और दंड की वसूली की मांग कर रहा था। दोनों की कीमत करीब लगभग 58-36 मिलियन यूरो थी। इन में से एक डील मार्च में यूक्रेन और हंगरी की सीमा पर तेल मिश्रण की आपूर्ति से संबंधित है, और दूसरा उसी महीने यूक्रेन और स्लोवाकिया की सीमा पर हुई आपूर्ति से जुड़ा है। डेटाबेस ने समझौतों या मुकदमे पर और कोई विवरण नहीं दिया है। इस खबर पर टिप्पणी के अनुरोध का अब तक जवाब नहीं दिया है। ग्लेनकोर की तरफ से भी इस मामले में अब तक कोई टिप्पणी नहीं आई है।

# बाजार के उतार-चढ़ाव में निवेश के तीन विकल्प

**नई दिल्ली ।**
**पिछले एक साल से भारत और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार अस्थिर रहे हैं। लगातार बढ़ती महंगाई का मुकाबला करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि जारी है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक अलग मुकाम बनाए हुए है। यहां बाजारों में गिरावट नियंत्रण में है। इससे भारतीय बाजार का मूल्यांकन अभी भी उसके लंबे समय के औसत और दूसरे बाजारों की तुलना में अच्छा रहा है।**



### डेट म्यूचुअल फंड में निवेश करें

ऊंची ब्याज को देखते हुए, एक एसेट क्लास-डेट फिर से आकर्षक लग रहा है। उम्मीद है कि आने वाली बैठकों में रेपो दर में बढ़ोतरी होगी, क्योंकि उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें ऊंची है। इसने लगभग सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत में भी महंगाई और आरबीआई के समक्ष चुनौती खड़ी की है।
भविष्य में ऊंची अक्रूअल स्कीम और डायनॉमिक ड्यूरेशन वाली स्कीम निवेश के लिए बेहतर हैं। एक प्रकार का डेट जो आगे बेहतर प्रदर्शन कर सकता है वह है फ्लोटिंग रेट बांड अर्थात एफआरबी।

### समाधान उन्मुख ऑफर्स से म्यूचुअल फंड लाभ देते हैं

अमेरिका का केंद्रीय बैंक महंगाई से निपटने के लिए सभी उपलब्ध उपायों का सहारा लेने के लिए प्रतिबद्ध है, तब तक बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इसलिए, निवेशकों को विशेष रूप से भारत में सावधानी बरतनी चाहिए। आने वाले वर्ष में, निवेशकों को आदर्श रूप से तीन से पांच साल के समय के साथ एसआईपी के जरिये निवेश करना चाहिए। इक्विटी निवेश के नजरिए से, एकमुश्त निवेश के लिए बैलेंस्ड एडवंटेज या मल्टी एसेट श्रेणी बेहतर है। योजनाबद्ध, अनुशासित तरीके से बूस्टर एसआईपी, बूस्टर एसटीपी, फ्रीडम एसआईपी या फ्रीडम एसडब्ल्यूपी पर भी विचार कर सकते हैं।

### दुनिया आपस में जुड़ी हुई है

इस लिहाज से अगर दुनिया में कोई समस्या आती है तो भारत में इक्विटी निवेशकों के लिए सफर इतना आसान भी नहीं हो सकता है। विकसित देशों के मंदी के दौर से गुजरने पर भी भारत पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।
शेयर बाजार में अगर गिरावट होती है तो हमें अत्यधिक चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत दुनिया के सबसे संरचनात्मक बाजारों में से एक है। इसके अतिरिक्त, भू-राजनीतिक अनिश्चितता भी एक संभावित कारक है।
रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद से, यूरोप और एशिया ने भी भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना किया। बाजार ने अब तक इस तरह के किसी भी मामले पर ध्यान नहीं दिया है। इसलिए यह देखना होगा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रम कैसे सामने आता है और आगे बढ़ता है।

### गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ व फंड ऑफ फंड्स

एसेट क्लास में एक विविध पोर्टफोलियो यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी एक ही जगह के जोखिम को कम किया जाए। अनिश्चितता को देखते हुए सोने और चांदी में निवेश करने का एक दिलचस्प मौका सामने होता है। वे न केवल महंगाई के बल्कि मुद्रा में गिरावट के खिलाफ भी बचाव के रूप में काम करते हैं। निवेशक इसमें ईटीएफ के जरिए निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। जिनके पास डीमैट खाता नहीं है, उनके लिए सोना या चांदी फंड ऑफ फंड एक निवेश का विकल्प है।

## जीएसटी में सिर्फ एक दर चाहते हैं पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन, जताई यह आशंका



**नई दिल्ली ।**
प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन विवेक देबरॉय ने जीएसटी पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में सिर्फ एक दर होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि कराधान प्रणाली छूट रहित होनी चाहिए। हालांकि, इस दौरान देबरॉय ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनकी इस राय को ईएसी-पीएम का सुझाव नहीं माना जाना जाहिए।
देबरॉय ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि केंद्र और राज्यों का कर संग्रह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि सार्वजनिक ढांचे पर सरकार के खर्च की मांग कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा, ''जीएसटी पर यह मेरी राय है। कर की सिर्फ एक दर होनी चाहिए। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी हो पाएगा।'' उन्होंने कहा कि यदि 'अभिजात्य प्रकृति' और अधिक उपभोग वाले उत्पादों पर अलग-अलग कर दरें हटा दी जाएं, तो इससे मुकदमेबाजी घटेगी। देबरॉय ने कहा, ''हमें यह समझने की जरूरत है कि उत्पाद कोई भी हो जीएसटी दर एक होनी चाहिए। यदि हम प्रगतिशीलता दिखाना चाहते हैं तो यह प्रत्यक्ष करों के जरिये होनी चाहिए, जीएसटी या अप्रत्यक्ष करों के जरिये नहीं। उन्होंने कहा कि उनके इस विचार को ईएसी-पीएम का सुझाव नहीं माना जाए। देबरॉय ने कहा कि जीएसटी को लागू करने से पहले आर्थिक मामलों के विभाग ने 17 प्रतिशत के जीएसटी राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) का अनुमान दिया था, लेकिन औसत जीएसटी 11.5 प्रतिशत है। ईएसी-पीएम के चेयरमैन ने कहा, ''या तो हम कर देने के लिए तैयार रहें या सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं की कम आपूर्ति के लिए। सरकार की ओर से कर छूट या रियायत दी जाती है वह जीडीपी के 5-5.5 प्रतिशत के बराबर है। उन्होंने कहा कि कर चोरी गैरकानूनी है, लेकिन मुक्तता या छूट के प्रावधान के जरिये कर से बचाव कानूनी रूप से सही है। देबरॉय ने सवाल किया कि क्या हमें इस तरह के छूट की जरूरत है।

## जोमैटो के बड़े अधिकारी ने पद छोड़ा, ब्लिंकिट की कामायनी को कमान, एक वर्ष में 52प्रतिशत टूटे शेयर

**नई दिल्ली ।**
फूडटेक क्षेत्र की यूनिकॉर्न कंपनी जोमैटो के ग्लोबल ग्रोथ सेगमेंट के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ झवर ने पद छोड़ दिया है। हार्वर्ड से पढ़े झावर ने सोमवार की शाम एक लिंक्डइन पोस्ट के माध्यम से इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'जोमैटो जो मौके उपलब्ध करा रहा है वह असाधारण है। कोई भी पर्वत इतना ऊंचा नहीं हो सकता कि आप चढ़ ना सकें, आपके पूर्व की साख भाविष्य में आपके अवसर की संभावनाओं को सीमित नहीं कर करती है।
उन्होंने लिखा, 'मुझे एक नया व्यवसाय शुरू करने का मौका मिला- यह बहुत मजेदार था, खासकर मेरे आस-पास के लोगों के कारण।' उधर, जोमैटो ने भी सिद्धार्थ के कंपनी छोड़ने के खबर की पुष्टि कर दी है। साथ ही कंपनी ने यह भी कहा है कि ब्लिंकिट में डायरेक्टर ऑफ कैटेगरी कामायनी साधवानी उनका पद संभालेंगी। कामायनी इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की एलूमिनाई हैं। ब्लिंकिट ज्वाइन करने से पूर्व उन्होंने मैकेंजी एंड कंपनी, कोका कोला, बैन एंड कंपनी और एसेंचर जैसी कंपनियों में काम किया है। बता दें कि ब्लिंकिट का इसी वर्ष जोमैटो ने अधिग्रहण किया है।




### एक वर्ष में 52 प्रतिशत टूटे जोमैटो के शेयर

उधर, ऑनलाइन फूड ऑडर मुहैया कराने वाली कंपनी के शेयरों ने अपने निवेशकों को झटका दिया है। कंपनी के भाव पिछले एक वर्षों में आधे से नीचे आ गए हैं। बीते शुक्रवार को जोमैटो के शेयर 1.29 फीसदी की गिरावट के साथ 63 रुपये पर बंद हुए थे। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 40.60 रुपये और हाई 169 रुपये है। फिलहाल जोमैटो के शेयर ऑल टाइम हाई से लगभग 106 रुपये नीचे कारोबार कर रहे हैं। फिलहाल सोमवार के कारोबारी सेशन में जोमैटो के शेयर 63.50 रुपये की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं।

## ट्विटर के बाद अब मेटा में बड़े पैमाने पर छंटनी, इस हफ्ते जा सकती है हजारों कर्मियों की नौकरी

**नई दिल्ली ।**
ट्विटर के बाद अब सोशल मीडिया साइट फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा में बड़े पैमाने पर छंटनी की खबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार मार्क जुकरबर्ग की कंपनी से इस हफ्ते बड़े पैमाने पर छंटनी होने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेटा में आगामी बुधवार यानी नौ नवंबर को बड़े पैमाने पर छंटनी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि छंटनी की इस प्रक्रिया के दायरे में कंपनी के हजारों कर्मचारी आएंगे। कहा जा रहा है कि यह छंटनी मेटा (फेसबुक) के इतिहास में पहली बार होगा। बता दें कि सितंबर के आखिर में कंपनी ने कहा था कि मेटा में कुल 87 हजार कर्मचारी काम करते हैं।



फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के शेयरो में इस वर्ष अब तक 73 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। कंपनी के शेयर वर्ष 2016 के अपने न्यूनतम स्तर से भी नीचे पहुंचकर एसएंडपी 500 इंडेक्स के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शेयरों की सूची में शामिल हो गए हैं। मेटा के शेयरों की वैल्यू में इस वर्ष करीब 67 अरब डॉलर की कमी आ चुकी है, यह कंपनी के लिए किसी झटके से कम नहीं है। मेटा में होने जा रही छंटनी की रिपोर्ट्स पर अब तक कंपनी की ओर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि ये छंटनी बड़े पैमाने पर होगी। कंपनी के हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की योजना बन चुकी है, अब बस इसे अमलीजामा पहनाया जाना बाकी है। बता दें कि जुकरबर्ग की कंपनी मेटा इन दिनों कई चुनौतियों से जूझ रही है। इनमें ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ चिंता, टिकटॉक से बढ़ती प्रतियोगिता, एपल की प्राइवेसी नीति में बदलाव, मेटावर्स पर हो रहा विशाल खर्च और रेग्युलेशन से जुड़ी बातें शामिल हैं। कंपनी के तिमाही नतीजों पर भी इन चुनौतियों का असर पड़ा है। अंक्तूबर से दिसंबर तिमाही में भी कमजोर नतीजे आने की आशंका है। मेटा के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मार्क जुकरबर्ग पहले ही बता चुके हैं कि कंपनी में किए गए निवेश का रिटर्न आने में एक दशक का समय लग सकता है।

# बीमा क्षेत्र में नई कंपनियों के लिए जरुरी पूंजी की सीमा घटाए सरकार, इरडाई चेयरमैन ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।**
बीमा क्षेत्र में नई कंपनियों को आने में आसानी हो सकती है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने सरकार को सलाह दी है कि इस क्षेत्र में आने वाली कंपनी के लिए कम से कम 100 करोड़ की पूंजी को कम कर दिया जाए। इस रकम को तय करने का फैसला नियामक पर छोड़ दिया जाए। इस फैसले से छोटी और अच्छी कंपनियां इस क्षेत्र में आ सकती हैं। इससे बीमा की जागरुकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इरडाई चेयरमैन देबाशीष पांडा ने यह बात कही।
पांडा ने कहा कि जिस तरह से बैंकिंग में छोटे संस्थान हैं, क्षेत्रीय बैंक हैं उसी तरह से बीमा में भी कंपनियों को मंजूरी दी जाए। छोटी कंपनियां छोटे इलाकों में अपने कारोबार कर सकती हैं। इस मामले में नियामक ही कंपनियों के आधार पर इसे तय कर सकता है। माइक्रो इंश्योरेंस कंपनी के लिए कुछ और रकम की अनिवार्यता हो जबकि क्षेत्रीय कंपनियों के लिए कुछ और रकम तय की जा सकती है।
पांडा ने कहा कि पूंजी की जरूरत में छूट से मोटर और संपत्तियों के लिए विशेष लाइन बनाने में मदद मिलेगी। कानून में उस तरह का ढांचा तैयार किया जाए जो न केवल सूक्ष्म, लघु, क्षेत्रीय कंपनियों आदि को बल्कि विशिष्ट उत्पादों की पूर्ति करने वालों को भी अनुमति देता हो।




### कीमतें थामने के लिए 60 लाख टन तक चीनी निर्यात की मंजूरी

कीमतों में स्थिरता लाने और मिलों की वित्तीय स्थिति को संतुलित बनाने को सरकार ने 2022-23 के दौरान 60 लाख टन तक चीनी निर्यात की मंजूरी दी है।वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट कर यह जानकारी दी।
खाद्य मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, चीनी के अनियंत्रित निर्यात पर रोक लगाने और घरेलू खपत के लिए लिए वाजिब दर पर पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए सरकार ने एक नवंबर, 2022 से 31 मई, 2023 तक तर्कसंगत सीमा के साथ इसके निर्यात की अनुमति देने का फैसला किया है। चीनी निर्यात कोटा की पहली खेप की मंजूरी सिर्फ 31 मई तक के लिए ही दी गई है। उसके बाद निर्यात कोटा तय करने का फैसला घरेलू चीनी उत्पादन को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।
इससे पहले के तीन चीनी विपणन सत्रों के औसत चीनी उत्पादन का 18.23 फीसदी हिस्सा निर्यात कोटे के तौर पर चिह्नित किया गया है। खाद्य मंत्रालय से मंजूरी के बाद मिलें खुद या निर्यातकों के माध्यम से विदेश में चीनी बेच सकती हैं। साथ ही, मिलें देश की दूसरी मिलों के निर्यात कोटे के साथ अदला-बदली भी कर सकेंगी।

### 107 मामले निपटा कर सेबी ने कमाए 59 करोड़ रुपये

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने 2021-22 में 107 मामलों का निपटारा कर 58.81 करोड़ रुपये कमाए हैं। 2020-21 में 216 मामले निपटाकर 68.23 करोड़ कमाए थे। नियामक ने कहा, सेटलमेंट आदेश अल्टरेटिव इन्वेस्टमेंट फंड, म्यूचुअल फंड, इनसाइडर ट्रेडिंग, पीएफयूटीपी और अनुचित कारोबार के साथ खुलासा न करने के मामले में जारी किया गया था। सेटलमेंट तंत्र के तहत आरोपी एक निश्चित रकम भरकर मामले को बंद करा सकता है। हालांकि, हर मामलों में रकम अलग-अलग होती है।
ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी दर पर फैसला लेने से पहले सरकार इसकी परिभाषा बदलेगी। केंद्र व राज्यों के जीएसटी अधिकारी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर के विशेषज्ञों के साथ मिलकर गेम्स ऑफ स्कील और गेम्स ऑफ चांस की परिभाषा पर काम कर रहे हैं, ताकि दोनों तरह के खेलों के लिए अलग टैक्सेशन ढांचा बनाया जा सके।
ऑनलाइन गेम्स पर जीएसटी लगाने का पेचीदा मुद्दा पिछले एक साल से अधिक समय से विवाद का विषय बना हुआ है।

# जाह्नवी को 'ऊप्स मोमेंट' का करना पड़ा सामना

- लेटेस्ट अवतार ने फैंस को पूरी तरह हैरानी में डाला



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपने लेटेस्ट अवतार से फैंस को पूरी तरह हैरानी में डाल दिया। जान्हवी ने एक ब्लू थाई-हाई स्लिट ड्रेस पहनी थी, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। ड्रेस में जाह्नवी अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करती दिखीं। लेकिन, इस ड्रेस में जाह्नवी को ऊप्स मोमेंट का भी सामना करना पड़ा। इसी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसे देखने के बाद जहां कुछ जाह्नवी के लुक की तारीफ कर रहे हैं तो कुछ उनकी च्वॉइस पर सवाल भी उठा रहे हैं। कुछ ने जाह्नवी के लुक की तुलना उर्फी जावेद से भी की।फिल्म निमार्ता बोनी कपूर और दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर ने अपनी पिछली ओटीटी फिल्म गुड लक जेरी में अपने प्रदर्शन से फैंस को खूब इंप्रेस किया था। इस फिल्म के लिए जाह्नवी को खूब तारीफें मिलीं, क्योंकि उन्होंने अपने ऑन स्क्रीन कैरेक्टर के लिए काफी मेहनत की थी। अब धड़क एक्ट्रेस थ्रिलर ड्रामा मिली के साथ दर्शकों को हैरान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मिली जल्दी ही सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। मिली के बारे में बात करते हुए जाह्नवी ने कहा- ये थोड़ा नया लग रहा है क्योंकि, जब रूही रिलीज हुई थी हम 50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी पर काम कर रहे थे। लेकिन, अब मामला अलग है। इसलिए यह एक नया एहसास है। बहुत समय से अच्छी तरह से सोई नहीं हूं। मिली के थियेटर में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। बता दें कि जान्हवी कपूर एक बेहतरीन एक्ट्रेस होने के साथ ही फैशन डिवा भी हैं। जाह्नवी कपड़ों के जरिए रॉक करना बखूबी जानती हैं। अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाली जाह्नवी कपूर अपने लेटेस्ट लुक को लेकर फिर चर्चा में हैं।

# आलिया भट्ट ने दिया प्यारी सी बेटी को जन्म, मां बनने के बाद शेयर की पहली पोस्ट



बॉलीवुड की क्यूट एक्ट्रेस आलिया भट्ट मां बन चुकी है। आलिया ने रविवार को मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। बेटी के जन्म से कपूर और भट्ट परिवार में खुशी की लहर है। आलिया भट्ट ने बेटी के जन्म के बाद इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर किया है, जिस पर शेर-शेरनी और शावक की तस्वीर है। इस पर लिखा है, 'हमारी जिंदगी की बेस्ट न्यूज। हमारा बेबी आ गया है। वह बिल्कुल एक जादुई गुड़िया जैसी लगती है। अभिभावक बनने की खुशी महसूस हो रही है।' आलिया के इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ सेलिब्रिटी भी जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आलिया के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री मौनी रॉय ने लिखा-'बधाई हो रणबीर-आलिया। आपकी प्यारी गुड़िया की मेरी तरफ से ढेर सारा प्यार।'जोया अख्तर ने लिखा है, 'खूब बधाई।' नेहा धूपिया ने लिखा है, 'बधाई हो! आप तीनों को खूब प्यार।'अक्षय कुमार ने लिखा- 'बेटी होने से बड़ी खुशी इस दुनिया में कुछ नहीं।'सोनम कपूर ने लिखा-'बधाई हो डार्लिंग गर्ल, तुम्हें देखने के लिए बेकरार हूं प्रिंसेस।' कॉमेडियन कपिल शर्मा ने लिखा है, 'बधाई हो मम्मी पापा! यह दुनिया का सबसे शानदार तोहफा है। नन्ही परी को खूब प्यार। भगवान आपके परिवार की रक्षा करें।' इन सब के अलावा भी मनोरंजन जगत की तमाम छोटी-बड़ी हस्तियां रणबीर-आलिया को माता -पिता बनने की बधाई दे रहे हैं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने इसी साल 14 अप्रैल को शादी रचाई थी। अब शादी के सात महीने बाद दोनों प्यारी से बेटी के माता-पिता बन गए हैं।


# सबसे ज्यादा लोगों से मिलना उत्साहित करता है: प्रियंका चोपड़ा

-भारत में बात के लिए हैं सबसे ज्यादा एक्साइटेड



**मुंबई (ईएमएस)।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा लम्बे समय से भारत नहीं आई थीं। ऐसे में काफी दिनों बाद जब वे आई हैं तो यह उनके लिए भी खास पल है। उनके फैंस उन्हें मिस करते हैं और उनसे मिलने के लिए बेताब रहते हैं। प्रियंका एक फैशन ब्रांड के प्रमोशन के सिलसिले में मुंबई पहुंची हैं और अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो शेयर किया है, उसमें जब उनसे पूछा गया कि वे उनके लिए सबसे ज्यादा एक्साइटिंग क्या है ? इस पर उनका कहना था, यूं तो बहुत सारी बातें हैं लेकिन सबसे ज्यादा लोगों से मिलना उत्साहित करता है। उन्होंने अपने फैंस से कहा, बस, घर आना ही सब कुछ है और आप सब लोगों से मिलना सबसे बड़ी बात है। आप लोगों का प्यार मेरे लिए बहुत मायने रखता है। प्रियंका को देखकर फैंस काफी एक्साइटेड दिखे। पीसी ने अपने फैंस को टी-शर्ट भी गिफ्ट किए। प्रियंका ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी फोटोज शेयर किए हैं। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ के साथ मूवी करने वाली हैं। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारत दौरे पर हैं। लम्बे समय बाद अपने घर आकर वे बेहद खुश हैं और यहां हर पल एंजॉय कर रही हैं। वे काम के साथ ही पुराने लोगों से मुलाकात भी कर रही हैं। हाल ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे फैंस से मिलते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो के जरिए उन्होंने बताया है कि भारत आकर सबसे ज्यादा लोगों के प्यार के लिए उत्साहित हैं।

## मौनी रॉय के लिए 'ब्रह्मास्त्र' खास




'ब्रह्मास्त्र' के डिजिटल प्रीमियर को लेकर अभिनेत्री मौनी रॉय कहा कि यह फिल्म कई कारणों से उनके लिए बहुत खास है। मौनी ने कहा, "मुझे फिल्म के जरिए हिंदी सिनेमा के बड़े जाने-माने सितारों के साथ काम करने का मौका मिला।" महत्वाकांक्षा के कारण ब्रह्मास्त्र बहुत खास होगी। फिल्म ने मुझे अविश्वसनीय कलाकारों और लिजेंड्स के साथ काम करने का मौका दिया। इस अनुभव को मैं हमेशा संजोकर रंखूगी।" अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और तेलुगू मेगास्टार नागार्जुन अक्किनेनी जैसे एक्टर्स के साथ काम करना अलग ही अनुभव रहा। मुखर्जी द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म में उन्होंने काफी कुछ सीखा। अभिनेत्री ने कहा, "उनके साथ स्क्रीन साझा करना एक सौभाग्य की बात थी। जिस अनुशासन और पैशन के साथ वे हर रोज काम करते हैं, उससे मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।"

# 'ऐसे सांस लेने से अच्छा पटाखे फोड़ लो': उर्फी जावेद

- बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी ने दिल्ली के दम घोंटू प्रदूषण पर कसा तंज



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद ने दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर चिंता जताई है। उर्फी में जितनी ललक फैशन के लिए रहती है, उतनी है वह सामाजिक सरोकार पर भी नजर रखती हैं और समय-समय पर बोलती रहती हैं।दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर दिया गया है और सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी की संख्या को 50 प्रतिशत तक घटा दिया है। केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच वायु प्रदूषण को लेकर आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद ने इस पर चिंता जाहिर की और तंज भी कसा। उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर दिल्ली की तीन तस्वीरों का कोलाज शेयर किया है। इसमें दो तस्वीरें इंडिया गेट की हैं और एक अक्षरधाम मंदिर की। इन तस्वीरों में प्रदूषण को साफ देखा जा सकता है। उर्फी ने इस तस्वीरों को शेयर करते हुए हैरानी वाले इमोजी के साथ लिखा, दिल्ली घुट रही है। आगे उन्होंने तंज कंसते हुए लिखा, ऐसे सांस लेने ज्यादा जरूरी पटाखे फोड़ना है। क्या यार..." उर्फी जावेद ने एमटीवी के रियलिटी शो स्प्लिट्सविला एक्स4 का हिस्सा बनने के बारे में कहा, मैं एमटीवी स्प्लिट्सविला को सालों से फॉलो कर रही हूं, और इस पॉपुलर डेटिंग रियलिटी शो का हिस्सा बनने में क्रेजीनेस है। यह शो एक आइडल पार्टनर खोजने के बारे में है। मैं पूरी तरह से रोमांटिक हूं इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं इस्-ाका हिस्सा बनना चाहती थी। वहीं, बात करें रियलिटी शो स्प्लिट्सविला एक्स4 की तो इसे अर्जुन बिजलानी और सनी लियोनी होस्ट करेंगे। उर्फी इसमें बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा ले रही हैं। उर्फी ने कहा कि वह काफी लंबे समय से डेटिंग रियलिटी शो की शौकीन रही हैं और रोमांटिक होने के नाते उर्फी इसका हिस्सा बनने को लेकर ज्यादा उत्साहित हैं। यह शो 12 नवंबर से ऑन एयर होगा।

# कंगना रनौत ने ट्विटर को बताया बेस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



बॉलीवुड 'क्वीन' कंगना रनौत सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अपने बेबाक बयानों के लिए भी चर्चा में रहती है। कंगना रनौत किसी भी मुद्दे पर अपनी बात खुलकर रखती है। रविवार को कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म को लेकर अपनी बात रखी है और ट्विटर को बेस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म बताया है। अपनी पोस्ट में कंगना ने लिखा-'ट्विटर सबसे अच्छा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। यह बौद्धिक और वैचारिक रूप से प्रेरित है, बजाए फैशन या लाइफ स्टाइल के बारे में। हालांकि, मैं इसका प्रोसेस कभी नहीं समझ पाई, जिसके जरिए केवल कुछ लोग वेरीफाई होते हैं। जैसे बाकी लोगों का कोई वेरीफाई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन का क्राइटेरिया आधार कार्ड पर आधारित होना चाहिए, जिनके पास आधार कार्ड है उन्हें आसानी से वेरिफिकेशन मिलना चाहिए। ब्लू टिक के लिए कुछ पैसे चार्ज करने का फैसला अच्छा है, इससे प्लैटफॉर्म को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ट्विटर की तुलना करते हुए कंगना ने कहा-ब्लू टिक के लिए पैसे लेने का फैसला बिल्कुल सही है। अब दुनिया में कोई भी फ्री लॉन्च नहीं होते हैं। अगर ये सारे प्लेटफॉर्म आपको फ्री में सुविधाएं देंगे तो भला पैसे कैसे आएंगे। ऐसे में ब्लू टिक के लिए पैसे लेने का फैसला बिल्कुल सही है।' साल 2021 में लगातार विवादित बयानों और ट्विटर नियमों के उल्लंघन के चलते कंगना के ट्विटर अकाउंट को बैन कर दिया गया था। अब ट्विटर की कमान एलन मस्क के संभालने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद कंगना रनौत की ट्विटर पर वापसी हो सकती है। कंगना के वर्कफ्रंट की बात करे तो वह जल्द ही अलौकिक देसाई की फिल्म सीता में नजर आयेंगी। इसके अलावा वह फिल्म तेजस और इमरजेंसी में भी नजर आयेंगी।

## सना ने मिर्गी के बारे में फैलाई जागरूकता



बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख, जिन्हें जल्द ही आगामी बायोपिक, 'सैम बहादुर' में भारत की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाते हुए देखा जा सकता है, ने मिर्गी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मिरर सेल्फी साझा की। उन्होंने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मिर्गी के बारे में एक सूचनात्मक कैप्शन लिखा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "बस मिर्गी के बारे में बात करने के लिए एक फोटो पोस्ट करना चाहती थी। कोई प्रासंगिकता नहीं है फोटो और विषय का।"उन्होंने बताया मिर्गी आनुवंशिक विकार या मस्तिष्क की चोट के परिणामस्वरूप हो सकती है लेकिन बहुत से लोग कभी भी इसका कारण नहीं जानते हैं।मिर्गी एक मस्तिष्क विकार है जो मस्तिष्क में रहने वाले तंत्रिका कोशिका गतिविधि में गड़बड़ी के कारण आवर्ती, अकारण दौरे का कारण बनता है। यदि आपको दो या अधिक अकारण दौरे पड़ते हैं, तो आपको अक्सर मिर्गी का निदान किया जाता है।

# फिल्म 'द केरल स्टोरी' का टीजर रीलिज



आने वाली फिल्म 'द केरल स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक मानवीय त्रासदी की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में महिलाओं के जबरन धर्म परिवर्तन की कहानी बताई गई है। इसमें भारतीय दक्षिणी राज्य केरल में 32,000 महिलाओं के लापता होने के पीछे की घटनाएं शामिल हैं। टीजर में बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा एक परिवर्तित मुस्लिम महिला फातिमा बा के किरदार में हैं। पीस टू कैमरा में कैरेक्टर अपनी दर्दनाक कहानी बताती है कि कैसे वह नर्स बनकर मानवता की सेवा करना चाहती थी, लेकिन उसका घर से अपहरण कर लिया गया और धार्मिक मोहर-ाओं द्वारा छेड़छाड़ की गई और वो आईएसआईएस आतंकवादी में बदल गई। वह अंततः अफगानिस्तान की एक जेल में बंद हो जाती है। केरल को हिला देने वाली घटनाओं की एक बहुत ही वास्तविक, निष्पक्ष और सच्ची कहानी होने का वादा करते हुए, टीजर अपने द्रष्टिकोण में काफी प्रभावशाली है।निर्देशक सुदीप्तो सेन ने बड़े पैमाने पर राज्य और अरब देशों की यात्रा की, स्थानीय लोगों और पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। 'द केरल स्टोरी' विपुल शाह द्वारा निर्मित और सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है, जो 4 साल के व्यापक और गहन शोध से बनी है।

## निवेथा ने माना दर्शकों का आभार



दक्षिण सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री निवेथा थॉमस ने कहा कि यह साल सीखने, बढ़ने, बेहतर होने और बनने के लिए होगा। अपने जन्मदिन पर अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "यह साल सीखने, बढ़ने, बेहतर होने और बनने के लिए है। हर किसी के लिए जिन्होंने मुझे बधाई देने के लिए समय निकाला, धन्यवाद। मैं आपके प्यार और दया के लिए हमेशा आभारी हूं।

### सूडोकु नवताल- 6245

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6244 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

### शब्दजाल - 6992

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | ल | पा | कि | स्ता | न | धी | द | ल | ज |
| र | र | ल | दे | श्री | लं | का | इं | क्षि | ट | वा |
| त | स | त | ल | र्म | छ | रा | रा | ण | ख | द |
| आ | स्ट्रे | लि | या | पु | र | न्यू | प | अ | ली | ब |
| म | गा | दो | ग | ल्ता | लं | जी | तू | फ्री | झ | र्नि |
| बां | ग | ला | दे | श | न | लैं | ना | का | घ | हा |
| ल | अ | स | त | या | प | ड | श | ज | ला | लैं |
| पे | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ड |
| स | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| त्ता | पा | ला | ल | के | न्या | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | इं | ग्लैं | ड | त |

*शब्दजाल में क्रिकेट खेलने वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.*

श्रीलंका,बांग्लादेश,भारत,इंग्लैंड,पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया,दक्षिण अफ्रीका, केन्या, हालैंड

**शब्दजाल - 6991 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | ग | ल | पां | डे | प | र | तू | ग | झ | सु |
| ज | अ | ल | म | आ | भ | ग | त | सिं | ह | भा |
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द | र | ला | ष |
| ज | कु | अ | उ | बे | ला | क | ल | रि | श | चं |
| स | ति | श | ध | व | दा | ल | क्ष्मी | बा | ई | द्र |
| र | रं | ल | म | व | लि | र्त | अ | ती | प | बो |
| दा | गा | ल | सिं | गा | प | म | श | कौ | या | स |
| र | बा | जीं | ह | त | क | छ | फा | ग | श | थ |
| प | स | म | हा | त्मा | गां | धी | क | शा | जू | द |
| टे | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | प | ना |
| ल | औ | ता | त्या | टो | पे | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग-5945

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | 5 | | | 6 |
| 1 | 28 | | 29 | 4 | 30 | |
| 5 | 4 | | 6 | | | 7 |
| | 36 | 7 | 38 | 6 | 25 | 3 |
| 6 | | 4 | | | 2 | 1 |
| 7 | 33 | | 36 | 5 | 33 | |
| 3 | | 1 | | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5944 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |
| 3 | 38 | 5 | 33 | 7 | 27 | 1 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 32 | 3 | 35 | 6 | 33 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 1 | 24 | 2 | 35 | 5 | 30 | 4 |
| 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# तिरंगा लिए मैदान में घुसा भारतीय फैन : रोहित के पास पहुंचकर रोने लगा, 6.50 लाख रु. का जुर्माना

**एडिलेड।**
**भारत और जिम्बाब्वे मैच के दौरान एक भारतीय फैन को मैदान में जबरन घुसना महंगा पड़ गया। उसे अब 6.50 लाख रुपए का जुर्माना देना होगा। दरअसल, यह वाकया 17वें ओवर का है। जब हार्दिक पंड्या 5वीं गेंद फेंक रहे थे, तभी यह लड़का मैदान में घुस आया और सीधे रोहित शर्मा के पास पहुंच गया। उसे रोते देखा गया।**

मैदान पर सिक्युरिटीज गार्ड्स ने उसे पकड़ लिया और खींचने लगे। तभी रोहित ने इन्हें आराम से बाहर ले जाने को कहा। मैच कुछ समय के लिए रुक गया। इस फैन के बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल पाई। इस मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

### फैन पर जुर्माने को पब्लिक करने का रेयर केस

आपने फैंस को जबरन मैदान के अंदर घुसते देखा होगा। आमतौर पर ऐसी घटनाओं में सिक्योरिटी गार्ड्स उस फैन को पकड़कर मैदान से बाहर कर देते हैं, लेकिन यह फैन पर जुर्माना लगाने का मामला रेयर केस है। हालांकि, यह ऑस्ट्रेलिया में नार्मल है, लेकिन मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम प्रबंधन ने पहली बार इसे पब्लिक किया है।

### मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम के बड़े स्कोर बोर्ड पर दिखाई गई जुर्माने की राशि

मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम के बड़े स्कोर बोर्ड पर जुर्माने की राशि भी दिखाई गई। युवा फैन पर मैदान की सुरक्षा में बाधा डालने के लिए जुर्माना ठोका गया है। इस पर सोशल मीडिया फैन ने सवाल उठाए हैं। कुछ सोशल फैन ने लिखा- युवा इतना भारी-भरकम जुर्माना कैसे भरेगा।

### मैदान को मिलते हैं माइनस पॉइंट, बैन भी कर देते हैं

मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम ऐसी घटनाओं पर नजर रखता है। बीसीसीआई पैनल अंपायर राजीव रिसोड़कर बताते हैं कि सिक्योरिटी ब्रेक की घटनाओं पर होस्ट ग्राउंड को माइनस पॉइंट दिए जाते हैं। लगातार तीन घटनाओं के बाद उस ग्राउंड को बैन कर दिया जाता है। उनका मानना है कि इंटरनेशनल मैच के दौरान ऐसी घटनाएं नहीं होना चाहिए। ऐसी घटनाओं से पूरे मुकाबले की सुरक्षा पर सवाल उठता है। इंदौर के वाकया को याद करते हुए वे बताते हैं कि हमें भी बीसीसीआई को जवाब देना पड़ा था।

## न्यूज ब्रीफ

### लवलीना बोरगोहेन ने पक्का किया पदक, कजाखस्तान की मुक्केबाज को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली ।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना पदक कर लिया है। जॉर्डन के अम्मान में लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में अपना पहला मुकाबला जीत लिया। उन्होंने कजाखस्तान की वेलेंटीना खलजोवा के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल कर ली है। लवलीना को कम से कम कांस्य पदक पक्का करने के लिए एक जीत की जरूरत थी। 25 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने फाइनल में कजाकिस्तान की खलजोवा के खिलाफ कड़ी मेहनत की। टोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा में कांस्य पदक जीतने वाली असम की मुक्केबाज 75 किग्रा वर्ग में खेल रही हैं, क्योंकि उनका पूर्व भार वर्ग पेरिस ओलंपिक में शामिल नहीं है। लवलीना के साथ अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) भी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 22 वर्षीय अंकुशिता ने अंतिम आठ चरण में जापान की त्सुबाता अर्सिया पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। हालांकि, पूजा 70 किग्रा वर्ग में हार गईं। उन्हें अपने अंतिम आठ मुकाबले में कजाखस्तान की दरिगा शाकिमोवा के हाथों 0-5 से हार झेलनी पड़ी। इससे पहले शनिवार को नवोदित मिनाक्षी (52 किग्रा) और प्रीति (57 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए धर्मशाला में खेल प्रतियोगिता



**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान में नया आयाम जोड़ते हुए खेलों से मतदान के संदेश के प्रसार की पहल की है। स्वीप कार्यक्रम के तहत युवाओं को चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित करने को समर्पित इस पहल के तहत प्रशासन आज राज्य खेल स्टेडियम धर्मशाला में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कांगड़ा डा. निपुण जिंदल आज इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। हालांकि डा निपुण जिंदल ने सभी मतदाताओं से मजबूत लोकतंत्र के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदान एक बहुत महत्वपूर्ण अधिकार के साथ ही अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने अपील की कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता विधानसभा चुनावों में 12 नवंबर को अपने मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। स्वीप के सहायक जिला नोडल अधिकारी सुधीर भाटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विविध खेल स्पर्धाएं कराई जाएंगी, जिनमें भाग लेने के लिए युवा मौके पर भी पंजीकरण करवा सकते हैं। बैडमिंटन, टेबल टेनिस, 100 मीटर स्प्रिंट, 400 मीटर दौड़, चार गुणा 100 मीटर रिले, लंबी कूद जैसी विभिन्न व्यक्तिगत खेल स्पर्धाएं इस प्रतियोगिता का हिस्सा होंगी। इसके अलावा हाकी और बालीवाल खेलें भी होंगी। प्रतिभागियों की पात्रता मात्र यह रखी गई है कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए।

### प्रयागराज के नार्दन फुटबाल अकादमी की धमाकेदार जीत, दिल्ली गोल्डन बेबी राज्य लीग अंडर-11 प्रतियोगिता शुरू



**प्रयागराज।** दिल्ली फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली स्टेट गोल्डन बेबी लीग में नार्दन फुटबाल अकादमी अंडर-11 की टीम ने सार स्पोर्टज़ अकादमी नई दिल्ली को 7-0 से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किया। मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार हाफ टाइम तक विजेता टीम 3-0 से आगे रही। विजेता टीम की से आदित्य उपाध्याय ने तीन गोल, कुमार अंश ने दो गोल और आशुतोष, उत्कर्ष गुप्ता ने एक-एक गोल किया।

भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले टॉप-4 प्लेयर

# कोहली ने 123 की औसत से रन बनाए, सूर्या का स्ट्राइक रेट 193

**नई दिल्ली ।**
टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। अब तक पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। एक साल पहले यानी 2021 के वर्ल्ड कप में यही टीम विराट कोहली की कप्तानी में ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। इसके बाद रोहित शर्मा के रूप में टीम को नया कप्तान मिला और तस्वीर बदल गई।

**भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले टॉप-4 स्टार्स**

**मोहम्मद शमी** - पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत अपने पहले मैच में पाकिस्तान से हार गया था। मैच में शमी ने 3.5 ओवर में 43 रन दिए थे। शमी एक भी विकेट नहीं ले सके। इसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। हाल ही में शमी कोविड पॉजिटिव भी हो गए थे। इससे रिकवर होने के बाद उन्होंने इस साल टी-20 वर्ल्ड कप में वापसी की। पिछले 5 मैचों में शमी ने अपने प्रदर्शन से ना सिर्फ आलोचकों को करारा जवाब दिया है, बल्कि भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने में उनका बड़ा हाथ रहा है। भले ही शमी ने टी-20 वर्ल्ड कप में ज्यादा विकेट नहीं लिए, लेकिन जितने भी ओवर किए उनमें बल्लेबाजों को रन बनाने से रोक दिया। इस टूर्नामेंट में जब भी भारतीय कप्तान को विकेट की जरूरत पड़ी उन्होंने विपक्षी टीम का विकेट चटकाया। ऐसे में उनके ओवर मैच में निर्णायक सिद्ध हुए। खासतौर पर भारत-पाकिस्तान मैच में शमी ने इफ्तिखार अहमद का विकेट तब चटकाया जब टीम को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। इस विकेट के बाद गेम भारत के पाले में दिखने लगा था। शमी की कंसिस्टेंसी से भारत को इस टी-20 वर्ल्ड कप में बहुत फायदा पहुंचा है।




**सूर्यकुमार यादव** - सूर्यकुमार यादव टी-20 वर्ल्ड कप से पहले ही लय में नजर आ रहे थे। इस टूर्नामेंट में भी उन्होंने अपना जलवा कायम रखा। सूर्या एक साल में टी-20 में 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्या ने 2022 में ये कारनामा किया। उनसे पहले 2021 में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान ने टी-20 में 1000 रन बनाए थे। इसके अलावा सूर्या आईसीसी की रैंकिंग में टी-20 के नंबर 1 बल्लेबाज बन गए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में सूर्यकुमार यादव की तीन अर्धशतकीय पारियां और 360 डिग्री शॉट्स ना सिर्फ चर्चा का विषय रहे, बल्कि भारत को जीत दिलाने में सूर्या ने अहम भूमिका निभाई। भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश मैच में तो सूर्या का बल्ला ज्यादा नहीं चला, लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 40 गेंदों में 68 रन बनाए। जिम्बाब्वे और नीदरलैंड के खिलाफ सूर्या नाबाद रहे। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 25 गेंदों में 51 और जिम्बाब्वे के खिलाफ 25 गेंदों में 61 रन बनाए। जिम्बाब्वे के खिलाफ आखिरी ओवर में सूर्या के 2 छक्के देखकर लगता है कि साउथ अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के बाद सूर्या दूसरे 360 डिग्री बैटर बन सकते हैं। बहरहाल, सूर्या के इन शॉट्स ने भारत की सेमीफाइनल की राह आसान कर दी।

**अर्शदीप सिंह** - एशिया कप 2022 में भारत-पाकिस्तान सुपर-4 का मुकाबला। 18वें ओवर की तीसरी बॉल रवि बिश्नोई ने फुल ऑफ-साइड फेंकी। स्ट्राइक पर थे आसिफ अली। आसिफ ने स्लॉग स्वीप खेलना चाहा लेकिन टॉप-एज लगा और बॉल शॉर्ट थर्डमैन की तरफ चली गई। यहां खड़े फील्डर अर्शदीप के हाथों से फिसलकर गेंद गिर गई। इस कैच को छोड़ने के बाद अर्शदीप को इस मैच में भारत की हार का जिम्मेदार माना जाने लगा। अर्शदीप ट्रोलिंग का शिकार हुए। उनके खिलाफ खालिस्तानी जैसे शब्दों का इस्तेमाल तक किया गया। भारत-पाकिस्तान मैच में पॉवरप्ले में बाबर आजम और भारत-बांग्लादेश मैच में डेथ ओवर में शाकिब-अल-हसन का विकेट ले कर साबित कर दिया कि वो पॉवरप्ले और डेथ ओवर दोनों में ही भारत के लिए अच्छा विकल्प हैं। इस वर्ल्ड कप के पहले भारत के बॉलिंग लाइनअप और जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी को लेकर चर्चा गर्म थी। अर्शदीप के इस प्रदर्शन से बुमराह की कमी टीम को नहीं खली है।

**विराट कोहली** - टी-20 वर्ल्ड कप से पहले विराट कोहली करीब 3 साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने शतक लगाया और उसके बाद सब कुछ बदल गया। टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-12 के पहले मुकाबले में विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों में 82 रन की नाबाद पारी खेली। 19वें ओवर में हारिस रउफ की गेंद पर कोहली के दो छक्कों ने मैच पलट कर रख दिया। ओवर की पांचवीं गेंद... हारिस रउफ ने धीमी शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल डाली। कोहली ने गेंद बॉलर के सिर के ऊपर से बाउंड्री के बाहर पहुंचा दी। रउफ बॉल को देखते रह गए और टीम इंडिया को 6 रन मिले।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हल्द्वानी ओवरआल चैंपियन, पांच खिलाड़ियों ने झटके तीन-तीन गोल्ड मेडल



**हल्द्वानी ।**
जिला स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता की ओवरआल चैंपियनशिप हल्द्वानी ब्लाक ने जीत ली है। रामनगर दूसरे व ओखलकांडा ब्लाक तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पांच खिलाड़ियों ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। अंडर-19 में रामनगर की दीक्षा रावत, हल्द्वानी के ललित मोहन, अंडर-17 में भारती गिरी, साहिल कुमार व हिमानी कार्की चैंपियन बने।

### हल्द्वानी स्टेडियम में हुआ था आयोजन

हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को हुए समारोह में मुख्य अतिथि मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला, विशिष्ट अतिथि भुवन जोशी ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। मुख्य संयोजक सीईओ केएस रावत, संयोजक डीईओ गोपाल स्वरूप भारद्वाज, सह संयोजक एमबी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डीके पंत ने अतिथियों का स्वागत किया। खालसा बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने शिक्षिका मोहित कांडपाल के निर्देशन में रंगारंग प्रस्तुति दी।

### राज्य स्तरीय प्रतियागिता खेलेंगे विजेता

जिला समन्वयक राहुल पवार ने बताया कि विजेता खिलाड़ी हल्द्वानी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यहां जिला सहकारी बैंक के डीजीएम आरती डोभाल, प्रबंधक दीपक भट्ट, संतोष डांगी, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के जीएम महिपाल सिंह डसीला, विनोद दानी, नेत्र बल्लभ जोशी, हितेंद्र उप्रेती, गोपाल अधिकारी, मनीष पाल, भुवन जोशी, साकेत अग्रवाल, नवीन पांडे, गिरधर मनराल आदि शामिल रहे।

अंडर-19 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में उमेद सिंह, निशा मेहरा, अंडर-17 वर्ग में ललित मोहन, भारती गिरी, अंडर-14 में जैराम, हिमानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग की 400 मीटर रिले दौड़ बालक व बालिका दोनों वर्ग में रामनगर, अंडर-17 रिले दौड़ के बालक वर्ग में हल्द्वानी, बालिका वर्ग में रामनगर ब्लाक पहले स्थान पर रहा।

# विक्की की अर्धशतकीय पारी से शिवा वारियर्स क्लब जीता



**जालंधर।**
करतारपुर के शिवा खेल मैदान में शिवा वारियर्स क्लब व जेएसडी क्लब के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। शिवा वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर 172 रन बनाए। विक्की ने 83, हार्दिक ने 33, काहलों ने 11, बलदेव ने 6, बल्लू ने 2, प्रवीण ने दो रनों का योगदान दिया। बल्लेबाजी करने मैदान में पहुंची जेएसडी क्लब ने आठ विकेट पर 168 रन बनाकर आउट हो गई।

शिवा वारियर्स की ओर से काहलों ने तीन, हार्दिक ने एक, अमृत ने एक विकेट हासिल किया। विक्की को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। गढ़ा के खेल मैदान में यूनाइटेड क्रिकेट क्लब व टाइगर क्रिकेट क्लब के बीच मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया।

यूनाइटेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 193 रन बनाए। करण ने 75 गेंदों में 110 रन, पवन ने 17 गेंदों में 21 रन, मैंगी ने 8 गेंदों में 18 रन, नितिन ने 17 गेंदों में 18 रनों का योगदान दिया। टाइगर क्रिकेट क्लब बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी तो बीस ओवर में आठ विकेट पर 141 रन बना पाई। यूनाइटेड क्लब की ओर से नितिन ने तीन, ब्रेवो ने दो, पन्नी ने एक, पवन ने एक व कैलिस ने एक विकेट हासिल किया। करण को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

# टेबल टेनिस में विहान और सहजप्रीत ने दर्ज की धमाकेदार जीत

**लुधियाना।**
**लुधियाना डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंडर-17 ब्वायज व गर्ल्स वर्ग में विहान व सहजप्रीत ने बाजी मारी। विहान ने राघव को, जबकि सहजप्रीत ने जासमीन को मात देकर खिताब जीत दर्ज की। लुधियाना डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन बैडमिंटन शास्त्री हाल में किया गया। एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही चैंपियनशिप में रविवार को विभिन्न वर्गों के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार से हैं।**

### लड़कियों में सहजप्रीत कौर ने लहराया परचम



अंडर-17 फाइनल मुकाबले के लड़कों के वर्ग में विहान ने राघव को 11-8, 11-7, 11-9 से मात दी। इसी वर्ग लड़कियों में सहजप्रीत कौर ने जासमीन को 11-5, 11-8, 11-7 से मात देकर खिताबी जीत दर्ज की। अंडर-15 लड़कों वर्ग में आर्यन सचदेवा ने विहान को 11-8, 6-11, 11-9, 11-7 से मात देकर खिताब हासिल किया। इसी वर्ग लड़कियों में सान्या पुरी ने जासमीन को 11-8, 10-12, 12-11, 11-9 से हराया। कैडेटस ब्वायज सिंगल अंडर-13 शिवांश ने अभिराज कांसल को 11-8, 11-9, 7-11, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसी वर्ग लड़कियों में प्रियंका ने गौरांशी को 11-7, 11-6, 11-9 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

ब्वायज सिंगल्स अंडर-19 क्वार्टर फाइनल में राघव ने आर्यन गुप्ता को 11-8, 11-9, 11-6, आरव ने प्रभजोत को 11-6, 11-7, 7-11, 11-9, आर्यन सचदेवा ने आर्यन शर्मा को 11-6, 11-5, 11-9 से मात दी। विहान ने मनित जैन को 11-8, 11-9, 11-7 से हराया। गर्ल्स सिंगल अंडर-19 आयु वर्ग सेमीफाइनल सहजप्रीत ने अश्वनी को 11-8, 11-7, 6-11, 11-6, इशरीन ने याना को 11-9, 11-7, 11-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

कोहली ने किया धोनी के मैसेज का खुलासा : लिखा-

# जब लोग आपको स्ट्रॉन्ग देखते हैं तो पूछना भूल जाते हैं कि आप कैसे हो

**मेलबर्न।**
**विराट कोहली ने महेंद्र सिंह धोनी के उस मैसेज का खुलासा किया है, जो धोनी ने तब किया था, जब विराट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी। कोहली ने बताया- धोनी ने लिखा था कि जब लोग आपको स्ट्रॉन्ग देखते हैं तो यह पूछना भूल जाते हैं कि आप कैसे हो। मुझे हमेशा ऐसा ही देखा गया है। जो बहुत कॉन्फिडेंट है...मेंटली स्ट्रॉन्ग है और किसी भी स्थिति-परिस्थिति से निपट सकता है। उनके मैसेस के बाद मुझे बहुत अपना-सा लगा।**




2 दिन पहले 34 साल के हुए विराट ने पॉडकास्ट में धोनी के साथ रिश्ते को एक आशीर्वाद जैसा बताया। कोहली ने कहा- मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि धोनी अच्छे-बुरे हर समय में मेरे साथ हैं।

कोहली ने पिछले महीने एशिया कप के दौरान कहा था- सिर्फ एक व्यक्ति था, जिसने वास्तव में मुझसे बात की। वह एमएस धोनी थे। मैं काफी भाग्यशाली हूं कि ऐसा प्लेयर जो मुझसे सीनियर है और उनके साथ मेरा रिश्ता और बॉन्डिंग इतनी बेहतरीन है। हमारे बीच काफी अच्छा तालमेल है। हम दोस्त से कहीं ज्यादा हैं।

याद दिला दें कि विराट कोहली ने 15 जनवरी 2021 को टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी।

### खराब फॉर्म से लौटे हैं कोहली

यहां बता दें कि विराट कोहली खराब फॉर्म से लौटे हैं। उन्होंने यूएई में आयोजित एशिया कप में 276 रन बनाए थे। वे टूर्नामेंट के टॉप-2 स्कोरर थे। इससे पहले विराट खराब फॉर्म से जूझ रहे थे।

एशिया कप-2022 में विराट ने अपने इंटरनेशनल करियर का 71वां शतक जमाया था। इसके लिए उन्हें करीब तीन साल का इंतजार करना पड़ा था। यह उनका टी-20 इंटरनेशनल में पहला शतक भी था।

### कोहली टी-20 वर्ल्ड कप-2022 के टॉप स्कोरर हैं

विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वे अब तक 5 मुकाबले में 246 रन बना चुके हैं। उन्होंने 3 अर्धशतक भी जमाए हैं।

### टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2 नवंबर को एडिलेड में यह उपलब्धि हासिल की थी। कोहली ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ा। जयवर्धने ने 31 मैच में 1016 रन बनाए थे।

# भारत की दिव्य विभूति थे महान सिख संत

# गुरु नानक देव जी



महान सिख संत व गुरु नानक देव जी का जन्म 1469 ई में रावी नदी के किनारे स्थित रायभुए की तलवंडी में हुआ था जो ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है और भारत विभाजन में पाकिस्तान के भाग में चला गया। इनके पिता मेहता कालू गांव के पटवारी थे और माता का नाम तृप्ता देवी था। इनकी एक बहन भी थी जिनका नाम नानकी था। बचपन से ही नानक में प्रखर बुद्धि के लक्षण और सासांरिक चीजों के प्रति उदासीनता दिखाई देती थी। पढ़ाई-लिखाई में इनका मन कभी नहीं लगा। सात वर्ष की आयु में गांव के स्कूल में जब अध्यापक पंडित गोपालदास ने पाठ का आरंभ अक्षरमाला से किया, लेकिन अध्यापक उस समय दंग रह गए जब नानक ने हर एक अक्षर का अर्थ लिख दिया। गुरु नानक के द्वारा दिया गया यह पहला दैविक संदेश था। कुछ समय बाद बालक नानक ने विद्यालय जाना ही छोड़ दिया। अध्यापक स्वयं उनको घर छोड़ने आए। बालक नानक के साथ कई चमत्कारिक घटनाएं घटित होने लगीं, जिससे गांव के लोग इन्हें दिव्य शक्ति मानने लगे। बचपन से ही इनके प्रति श्रद्धा रखने वाले लोगों में इनकी बहन नानकी गांव के शासक प्रमुख थे। कहा जाता है कि गुरुनानक का विवाह 14 से 18 वर्ष के बीच गुरूदासपुर जिले के बटाला के निवासी भाईमुला की पुत्री सुलक्खनी के साथ हुआ। उनकी पत्नी ने दो पुत्रों को जन्म दिय। लेकिन गुरु पारिवारिक मामलों में पढ़ने वाले व्यक्ति नहीं थे। उनके पिता को भी जल्द ही समझ में आ गया कि विवाह के बाद भी गुरु अपने आध्यात्मिक लक्ष्य से पथभ्रष्ट नहीं हुए थे। वे शीघ्र ही अपने परिवार का भार अपने श्वसुर पर छोड़कर अपने चार शिष्यों मरदाना, लहना, नाला और रामदास को लेकर यात्रा के लिए निकल पढ़े। गुरुनानक देव ने संसार के दुखों को घृणा, झूठ और छल-कपट से परे होकर देखा। इसलिए वे इस धरती पर मानवता के नवीनीकरण के लिए निकल पढ़े। वे सच्चाई की मशाल लिए, अलौकिक स्नेह, मानवता की शांति और प्रसन्नता के लिए चल पढ़े। वे उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम चारों तरफ गए और हिंदू,मुसलमान, बौद्धों, जैनियों, सूफियों, योगियों और सिद्धों कें विभिन्न केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने अपने मुसलमान सहयोगी मरदाना जो कि एक भाट था के साथ पैदल यात्रा की। उनकी यात्राओं को पंजाबी में उदासियां कहा जाता है। इन यात्राओं मे आठ वर्ष बिताने के बाद घर वापस लौटे। गुरुनानक एक प्रकार से सर्वेश्वर वादी थे। रूढ़ियों और कुप्रथा के तीखे व प्रबल विरोधी थे। उनके दर्शन में वैराग्य के साथ साथ साथ तत्कालीन राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक स्थितियों पर भी विचार दिए गए हैं है। संत साहित्य में नानक ने नारी को उच्च्च स्थान दिया है। इनके उपदेश का सार यही होता था कि ईश्वर एक है। हिंदू, मुसलमान दोनों पर ही इनके उपदेशों का प्रभाव पढ़ता था। कुछ लोगों ने ईर्ष्या वश उनकी शिकायत तत्कालीन शासक इब्राहीम लोदी से कर दी, जिसके कारण कई दिनों तक कैद में भी रहे। कुछ समय बाद जब पानीपत की लड़ाई में इब्राहीम लोदी बाबर के साथ लड़ाई में पराजित हुआ तब कहीं जाकर गुरुनानक कैद से मुक्त हो पाए। जीवन के अंतिम दिनों में गुरु नानक देव की ख्याति बढ़ती चली गई तथा विचारों में भी परिवर्तन हुआ। उन्होनें करतारपुर नामक एक नगर भी बसाया था। अपने दैवीय वचनों से उन्होंने उपदेश दिया कि केवल अद्वितीय परमात्मा की ही पूजा होनी चाहिए। कोई भी धर्म जो अपने मूल्यों की रक्षा नहीं करता वह अपने निम्न स्तर के विकास को दर्शाता है और आने वाले समय में अपना अस्तित्व खो देता है। उनके संदेश का मुख्य तत्व इस प्रकार था- ईश्वर एक है, ईश्वर ही प्रेम है, ईश्वर की दृष्टि में सारे मनुष्य समान हैं। वे सब एक ही प्रकार जन्म लेते हैं और एक ही प्रकार अंतकाल को भी प्राप्त होते हैं। ईष्वर भक्ति प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उसमें जाति- पंथ, रंगभेद की कोई भावना नहीं है। 40वें वर्ष में ही उन्हें सतगुरु के रूप में मान्यता मिल गई। उनके अनुयायी सिख कहलाये। उनके उपदेशों के संकलन को जपजी साहब कहा जाता है। प्रसिद्ध गुरू ग्रंथसाहिब में भी उनके उपदेश और संदेश हैं। सभी भारतीय उन्हें पूज्य मानते हैं और भक्तिभाव से इनकी पूजा करते हैं। कवि ननिहाल सिंह ने लिखा है कि वे (गुरु नानक देव जी) पवित्रता की मूर्ति थे उन्होंने पवित्रता की शिक्षा दी। वे प्रेम की मूर्ति थे उन्होंने प्रेम की शिक्षा दी। वे नम्रता की मूर्ति थे, नम्रता की शिक्षा दी। वे शांति और न्याय के दूत थे। समानता और शुद्धता के अवतार थे। गुरूनानक जी ने संदेश दिया कि वही सर्वश्रेष्ठ ईश्वर सब का परमेश्वर है। गुरुनानक जी के दर्शन, उनकी शिक्षाओं और गहरी अंतर्दृष्टि के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। संत गुरूनानक मानव रूप में एक ईश्वरीय आत्मा थे।



## ननकाना साहिब गए सिख श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

गुरु नानक जयंती समारोह में शामिल होने के लिए भारत से सिख श्रद्धालुओं के कई जत्थे रविवार को अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिख श्रद्धालुओं की संख्या करीब 2,500 के आसपास हो सकती है। वहीं, इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्थानीय पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। वे जत्थों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रख रहे हैं। भारत चाहता है कि गुरुपर्व के लिए विभिन्न गुरुद्वारों में पाकिस्तान जाने वाले भारतीय जत्थों की यात्रा को सुगम बनाया जा सके। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग सिख श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। खबर के मुताबिक गुरु नानक की जयंती में शामिल होने के लिए भारत से 2,500 से अधिक सिख श्रद्धालु लाहौर पहुंचे हैं। उन्हें ट्रेन से ननकाना साहिब ले जाया गया। भारत में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य मनजीत सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव के प्रकाश गुरुपर्व को मनाने के लिए दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुरु नानक देव के जन्मस्थान यानी ननकाना साहिब समारोह का आयोजन सौभाग्य की बात है। उसका हिस्सा होना तीर्थयात्रियों के लिए बहुत ज्यादा ही सौभाग्य की बात है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तीर्थयात्री पाकिस्तान में अन्य ऐतिहासिक सिख तीर्थस्थलों का भी दौरा करेंगे। सात नवंबर यानी की आज तीर्थयात्रियों का जत्था शेखुपुरा स्थित गुरुद्वारा सच्चा सौदा में मत्था टेकेगा। सिख श्रद्धालु आठ नवंबर को गुरुद्वारा ननकाना साहिब में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगे। नौ नवंबर को हसन अब्दाल में गुरुद्वारा पंजा साहिब के लिए प्रस्थान करेंगे। 10 नवंबर को वहां रुकने के बाद 11 नवंबर को लाहौर के गुरुद्वारा डेरा साहिब पहुंचेंगे।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )